वर्ष- 11 अंक-200
लखनऊ, शुक्रवार 08 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





कैसरगंज लोक सभा टिकट पर ऊहापोह की स्थिति कायम 04


इंडी गठबंधन को जनता नहीं परिवार की चिंता : नड्डा 03


# यूपी में अपराधियों का राम नाम सत्य : योगी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि आज अयोध्या में रामलला भी आ गए हैं और उत्तर प्रदेश के अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कृषकों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी कार्य श्रीराम का नाम लेकर चल रहा है, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि ये डबल इंजन की सरकार है। ये वही उत्तर प्रदेश है जहां 2017 से पहले न किसान सुरक्षित था, न उसकी फसल, न बिजली थी, न किसान का सम्मान, न बीज मिलता था और न खाद और पानी। मगर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार आपके हितों की पूरी चिंता करने के लिए हरदम तैयार बैठी है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर से आए किसानों और किसान यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन देश की आबादी के सबसे बड़े राज्य के अन्नदाता किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। जब डबल इंजन की सरकार पीएम के विजन को धरातल पर उतारने के लिए कृषक बिल माफी के इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने जा रही है। इसके लिए प्रदेश के सभी अन्नदाताओं का हृदय से अभिनंदन और बधाई। उन्होंने कहा कि आज यहां प्रदेश के वित्तमंत्री, कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव, बिजली विभाग के अधिकारी, किसान यूनियन के नेता सभी मौजूद हैं। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है। योगी ने कहा कि यूपी देश का हृदयस्थल है, दुनिया की सबसे उर्वरा भूमि और सबसे अच्छा जलसंसाधन हमारे पास है। यही नहीं हमारा अन्नदाता किसान भी परिश्रमी और पुरुषार्थी है। उसी की मेहनत और परिश्रम का परिणाम है कि आज खाद्यान उत्पादन में यूपी देश में नंबर वन है। ये सबकुछ पहले भी था, पहले भी हमारे पास क्षमता थी, मगर पिछली सरकारों में किसानों की उपेक्षा की गई। किसान कभी सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं रहे। लेकिन, प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद जो कार्य प्रारंभ हुए आज उसके परिणाम हमारे सामने हैं। आज उसी को एक नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए हम सब यहां उपस्थित हुए हैं।



**संबोधन**
- पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार आपके हितों की पूरी चिंता करने के लिए हरदम तैयार
- किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 14 लाख 78 हजार 591 किसानों के पास निजी नलकूप हैं। इसमें से 13 लाख 48 हजार 93 निजी नलकूप 10 हॉर्स पॉवर या उससे नीचे के हैं। 1 लाख 28 हजार 944 नलकूप ऐसे हैं जो 10 से 15 हॉर्स पावर क्षमता वाले हैं। इसी प्रकार 8 हजार 923 ऐसे नलकूप हैं जो 15 हॉर्स पॉवर से ऊपर की क्षमता के हैं। इन सभी को बिल माफी योजना के साथ जोड़ा जा रहा है। हम इसे 1 अप्रैल 2023 से ही लागू किया है। इसके लिए सरकार ने गत वर्ष 1500 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई है और इस बार 2400 करोड़ की व्यवस्था की गई है। हमने हमारे अन्नदाता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए, जो वादा किया था वो आज पूरा करके दिखाया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर किसानों से पीएम कुसुम योजना के साथ जुड़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत ट्यूबवेल पर सौलर पैनल लगाकर किसान बिजली पैदा कर सकेंगे। अपने उपयोग के बाद बची हुई बिजली सरकार को भी बेच सकेंगे।

## वंचितों के अधिकार के लिये समर्पित है सरकार

**आगरा।** सीएम योगी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार समाज के गरीब, दलित और वंचितों के कल्याण और उनके अधिकार की रक्षा के लिये समर्पित है और संविधान का सम्मान कर बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के आदर्शो पर चल रही है। श्री योगी ने 5200 करोड़ रुपए की 124 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण के मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के दबे कुचले लोगों का हित किया। इस समाज के बारे में सोचना पार्टी और उसकी आत्मियता को प्रदर्शित करता है। पिछले दस वर्ष में श्री मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का हम दर्शन कर रहे हैं। एक ऐसा भारत जो जाति, मत, मजहब और भाषा के आधार पर नहीं बल्कि, इसके अंदर एक ही मंत्र के आधार पर हर गांव, हर गरीब, हर किसान हर नौजवान और महिला सभी को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर के सम्मानजनक जीवन यापन करने के लिए उन्हें आगे बढ़ने के लिए कार्य करता है। वो मंत्र है, सबका साथ और सबका विकास।

## केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की वृद्धि



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का गुरुवार को निर्णय लिया जिसका लाभ करीब 50 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई भत्ता पहले से 46 प्रतिशत है और अब इस बढोतरी से यह 50प्रतिशत हो गया है। इसके मद्देनजर अब आवास भत्ते के साथ ही ग्रेच्युटी आदि में भी बढोतरी होगी। अब आवास भत्ता नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जायेगा। इसके साथ ही ग्रेच्युटी की ऊपरी सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। श्री गोयल ने कहा कि महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढोतरी से सरकार पर 12868.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हांलाकि महंगाई भत्ते और आवास भत्ते के साथ ही इससे जुड़े अन्य भत्तों में बढोतरी से केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को एक जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक 24400 करोड़ रुपये का लाभ होगा।

# आज खुलकर सांस ले रहा जम्मू-कश्मीर : प्रधानमंत्री

**बन्दिशों से आजादी आर्टिकल 370 हटने के बाद आई**



**संबोधन**
- पीएम ने 6,400 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाएं राष्ट्र को कीं समर्पित
- अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा

**एजेंसी, श्रीनगर/नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का मस्तक है और इसका विकास सरकार की प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री ने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने 6,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं और जम्मू-कश्मीर के लगभग 1000 नए सरकारी भर्तियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे।

प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का जिक्र करते हुए कहा, आज जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर आज खुलकर सांस ले रहा है। बन्दिशों से ये आजादी आर्टिकल 370 हटने के बाद आई है। दशकों तक सियासी फायदे के लिए कांग्रेस और उसके साथियों ने 370 के नाम पर जम्मू कश्मीर के लोगों और देश को गुमराह किया। उन्होंने पाकिस्तान से आए शरणार्थियों, वाल्मिकी समुदाय और सफाई कर्मचारियों को मतदान का अधिकार मिलने, एससी वर्ग के लिए वाल्मिकी समुदाय की मांग को पूरा करने, अनुसूचित जनजाति, पद्दारी जनजाति के लिए विधानसभा में सीटें आरक्षित करने और पद्दारी जनजाति, पहाड़ी को शामिल करने की बात कही।

### जम्मू-कश्मीर के लिए विकास अभियान किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगा

जम्मू-कश्मीर की नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने परिवारवाद की राजनीति पर ध्यान केंद्रित किया और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा, 370 से फायदा जम्मू कश्मीर को था या कुछ राजनीतिक परिवार ही इसका लाभ उठा रहे थे। जम्मू कश्मीर की आवाम ये सच्चाई जान चुकी है कि उनको गुमराह किया गया था। कुछ परिवारों के फायदे के लिए जम्मू कश्मीर को जंजीरों में जकड़ दिया गया था। यह बताते हुए कि आजादी के बाद से जम्मू-कश्मीर परिवारवादी राजनीति का सबसे बड़ा शिकार रहा है, प्रधानमंत्री ने लोगों को आश्वासन दिया कि जम्मू-कश्मीर के लिए विकास अभियान किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगा और क्षेत्र अगले 5 वर्षों में और अधिक तेजी से विकसित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पीसीएस प्री परीक्षा स्थगित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा को स्थगित कर दिया है। परीक्षा अब लोकसभा चुनाव के बाद होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। गौरतलब है कि परीक्षा का विज्ञापन एक जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इसमें 220 पदों के लिए 5,74,538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

### उज्वला योजना पर 300 रुपये सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने उज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को हर साल 12 रिफिल तक प्रदान की जाने वाली 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी गयी है।

### 10372 करोड़ के व्यय से इंडिया एआई मिशन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पांच वर्षों के लिए 10,371.92 करोड़ रुपये के व्यय के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मिशन को मंजूरी दे दी जिसका नाम इंडिया एआई मिशन रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

### रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल सहित दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को रिश्वतखोरी के एक मामले में गुरुवार को सेंट्रल रेलवे के भुसावल स्थित जोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (जेडआरटीआई) के प्रिंसिपल और कार्यालय अधीक्षक को गिरफ्तार किया है। इसमें प्रिंसिपल सुरेंद्र चंद्र जैन और कार्यालय अधीक्षक योगेश ए देशमुख का नाम शामिल है। सीबीआई के मुताबिक 18 मई 23 से 17 मई 25 की अवधि के लिए रेलवे को वाहन उपलब्ध कराने के लिए वन स्टॉप गवर्नमेंट ई-मार्किट प्लेस (जेईएम) के माध्यम से एक अनुबंध प्राप्त हुआ था। अनुबंध के तहत वाहनों में से एक को कथित तौर पर प्रिंसिपल के लिए तैनात किया गया था। आरोप है कि इस वाहन के मासिक बिलों को पास करने के लिए प्रिंसिपल रिश्वत मांग रहे थे।

## चुनावी बॉन्ड : एसबीआई के खिलाफ एडीआर की अवमानना याचिका

**सुप्रीम कोर्ट शीघ्र सुनवाई को सहमत**




**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि चुनावी बॉन्ड संबंधी सभी विवरण छह मार्च तक चुनाव आयोग के पास नहीं जमा कराने पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के खिलाफ दायर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की अवमानना याचिका पर शीघ्र सुनवाई की जायेगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। श्री भूषण ने विशेष उल्लेख के दौरान पीठ के समक्ष दलील देते हुए शीर्ष अदालत के आदेश की अवमानना याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने की गुहार लगाई थी।

# देश का रक्षा तंत्र पहले से कहीं अधिक मजबूत : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार देश के रक्षा तंत्र को भारतीयता की भावना के साथ विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जिससे यह पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है।

श्री सिंह ने यहां एक निजी मीडिया समूह के कार्यक्रम में मौजूदा और पिछली सरकार की कार्य प्रणाली में अंतर का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार लोगों की क्षमताओं में दृढ़ता से विश्वास करती है, जबकि पहले सत्ता में रहने वाले लोग अपनी क्षमताओं को लेकर कुछ हद तक सशंकित थे। उन्होंने रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने को सबसे बड़ा बदलाव बताया और कहा कि इससे रक्षा क्षेत्र को एक नया आकार दिया जा रहा है। उन्होंने आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया जिनमें उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना, सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों की अधिसूचना, पूंजीगत खरीद बजट का 75 प्रतिशत घरेलू उद्योग के लिए आरक्षित करना, आयुध निर्माणी बोर्ड का निगमीकरण, रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स), आईडीईएक्स प्राइम, आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) और प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) के साथ नवीन प्रौद्योगिकियों का विकास शामिल है।



**वार्ता**
- वर्तमान सरकार लोगों की क्षमताओं में दृढ़ता से विश्वास करती

### 50,000 करोड़ निर्यात का लक्ष्य

राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वार्षिक रक्षा उत्पादन, जो 2014 में लगभग 40,000 करोड़ रुपये था, अब रिकॉर्ड 1.10 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। रक्षा निर्यात आज 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो नौ-दस साल पहले मात्र 1,000 करोड़ रुपये था। वर्ष 2028-29 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र में एक शक्तिशाली नेतृत्व के कारण हमारी सेनाओं में दृढ़ इच्छा शक्ति है। हम जवानों का मनोबल ऊंचा रखने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। वे भारत पर बुरी नजर डालने वाले किसी भी व्यक्ति को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सुसज्जित, सक्षम और तैयार हैं। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने युवाओं पर भरोसा करते हुए नवाचार को बढ़ावा दिया और निजी क्षेत्र को आदर्श वातावरण प्रदान किया है।

# मोहम्मद कासिम आतंकी घोषित

**सख्ती**
- माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों पर हमले के साजिशकर्ता पर गृह मंत्रालय का शिकंजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

गृह मंत्रालय (एमएचए) ने गुरुवार को आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत आतंकवादी घोषित किया। वह वर्तमान में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में रह रहा है। मोहम्मद कासिम गुज्जर 2022 में माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों पर हमले के पीछे मुख्य साजिशकर्ता था, जिसमें चार लोग मारे गए थे और दो दर्जन से अधिक घायल हो गए थे। कासिम 2021 में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक भाजपा नेता के घर पर ग्रेनेड हमले में भी शामिल था, जिसके परिणामस्वरूप एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) स्थित लश्कर कमांडर मोहम्मद कासिम उर्फ सुलेमान मूल रूप से रियासी जिले के महोर के अंगराला गांव का निवासी है और दशकों से फरार है।

## भाजपा में शामिल हुए जस्टिस गांगुली

**कहा- भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ूंगा**



**एजेंसी, कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस अभिजीत गांगुली गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में उन्होंने कहा कि वह राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और अन्य नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली है। अपने इस्तीफे के बाद जब पत्रकारों ने पूर्व जज से सवाल पूछा था कि आप किस सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, तो उन्होंने किसी भी सीट का नाम नहीं लिया था। भाजपा सूत्रों ने बताया है कि जस्टिस गांगुली पश्चिम बंगाल के तमलुक संसदीय सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

# इरफान के घर प्रवर्तन निदेशालय का छापा

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक इरफान सोलंकी के कानपुर स्थित ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापा मारा है।

छापेमारी के दौरान वहां लगे सीसीटीवी कनेक्शन को काट दिया गया है। सूत्रों की माने तो छापेमारी लखनऊ जोन के अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को सुबह-सुबह की है। ईडी की टीम ने जाजमऊ स्थित सपा विधायक के आवास पर छापा मारा है।

इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम ने इरफान सोलंकी के भाई अरशद के घर पर भी छापेमारी की है। अरशद सोलंकी से उनके आवास पर पूछताछ चल रही है। ईडी की टीम ने सपा विधायक के परिसर में लगा सीसीटीवी कनेक्शन बंद कर दिया है।

गौरतलब है कि कानपुर से समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी पिछले एक साल से जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ एक महिला ने प्लाट पर कब्जा करने की मंशा से आगजनी करने का आरोप लगाया है। विधायक इरफान सोलंकी के ऊपर अब तक 17 केस दर्ज हो चुके हैं। राज्यसभा चुनाव के समय सोलंकी ने वोट डालने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। हालांकि, कोर्ट ने उनकी अर्जी को खारिज कर दिया था।



**कार्रवाई**
- टीम ने इरफान सोलंकी के भाई अरशद के घर पर भी छापेमारी

## कांग्रेस ने मोदी की गारंटी से मुकाबला करने के लिए पांच गारंटियों की घोषणा की



**एजेंसी, बांसवाड़ा।** कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों का मुकाबला करने के लिए देश में तीस लाख लोगों को नौकरी देने, पहली बार में ही स्थाई नौकरी, पेपर लीक के खिलाफ नया कानून लाने सहित पांच गारंटियों की घोषणा की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा में ये घोषणाएं की। श्री राहुल गांधी ने कहा कि देश में 30 लाख सरकारी रिक्त पद हैं लेकिन मोदी सरकार भर नहीं रही है लेकिन अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो सबसे पहला कदम तीस लाख लोगों को नौकरी दी जायेगी।

**यूको बैंक से 820 करोड़ के संदिग्ध लेन देन के मामल**

# सीबीआई ने सात शहरों में 67 स्थानों की ली तलाशी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने यूको बैंक से जुड़े 820 करोड़ रुपये के संदिग्ध तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) के तहत लेन देन के संबंध में गुरुवार को देश के विभिन्न राज्यों में 67 स्थानों पर तलाशी ली। सीबीआई ने राजस्थान और महाराष्ट्र के सात शहरों में यह तलाशी अभियान चलाया। यूको बैंक से मिली शिकायत पर सीबीआई ने 21 नवंबर, 2023 को मामला दर्ज किया था। सीबीआई आईएमपीएस मामले की जांच कर रही है। यह जांच जारी है।

सीबीआई के मुताबिक 10 से 13 नवंबर, 2023 के बीच सात निजी बैंकों के लगभग 14,600 खाताधारकों से शुरू किए गए आईएमपीएस आवक लेनदेन को 41,000 से अधिक यूको बैंक खाताधारकों के खातों में गलत तरीके से पोस्ट किया गया था। मूल बैंकों से वास्तविक डेबिट किए बिना यूको बैंक खातों में 820 करोड़ रुपये जमा किए गए। इसका कई खाताधारकों ने फायदा उठाया और विभिन्न बैंकिंग चैनलों के माध्यम से धन निकालकर गलत लाभ कमाया। सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। सीबीआई प्रवक्ता द्वारा जारी बयान के मुताबिक इसी क्रम में सीबीआई ने राजस्थान (जोधपुर, जयपुर, जालौर, नागौर, बाड़मेर, फलौदी सहित) और पुणे (महाराष्ट्र) में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस मौके पर 30 संदिग्धों को ढूंढ कर जांच की गई। सीबीआई ने इस अभियान के दौरान यूको बैंक और आईडीएफसी से संबंधित लगभग 130 आपत्तिजनक दस्तावेज़ के साथ 43 डिजिटल डिवाइस (40 मोबाइल फोन, 2 हार्ड डिस्क और 1 इंटरनेट डोंगल सहित) फोरेंसिक विश्लेषण के लिए जब्त किए। इससे पहले सीबीआई ने दिसंबर 2023 में कोलकाता व मैंगलोर में निजी व्यक्तियों और यूको बैंक के अधिकारियों से जुड़े 13 स्थानों पर तलाशी ली थी। तलाशी अभियान के दौरान सशस्त्र बलों सहित कुल 120 राजस्थान पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। इसके अलावा 130 सीबीआई अधिकारियों सहित 40 टीमों के 210 कर्मी और विभिन्न विभागों के 80 स्वतंत्र गवाह भी अभियान में शामिल थे।

**दुस्साहस** | अदन की खाड़ी में दो विदेशी जहाजों पर समुद्री डाकुओं का ड्रोन से मिसाइल हमला

# भारत के युद्धपोत ने समुद्री डाकुओं को खदेड़ा

**बहादुरी**
- लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों के साथ नौसेना ने 10 युद्धपोत तैनात किए
- चालक दल की बचाई जान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना लगातार सक्रिय है लेकिन इसके बावजूद विदेशी व्यापारिक जहाजों पर समुद्री डाकुओं के हमले थम नहीं रहे हैं। पिछले दो दिनों के भीतर दो विदेशी जहाजों पर ड्रोन या मिसाइल से हमले किये गए हैं। शिपिंग लेन से जा रहे बारबाडोस और लाइबेरिया के ध्वज वाले जहाजों पर हमले के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने तुरंत प्रतिक्रिया देकर समुद्री डाकुओं को खदेड़कर चालक दल को बचाया है।



अदन की खाड़ी में सोमालियाई समुद्री डकैतों की घटनाएं पिछले साल दिसंबर से शुरू हुई थीं। तब से दो दर्जन से अधिक वारदात हो चुकी हैं लेकिन समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने विदेशी जहाजों और उनके चालक दल को सुरक्षित बचाकर अरब सागर में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसी के साथ भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी, लाल सागर और मध्य-उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के साथ हुई घटनाओं को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। नौसेना ने लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों के साथ अपने 10 युद्धपोत तैनात किये हैं। इन सब के बावजूद 06 मार्च को अदन की खाड़ी से गुजर रहे बारबाडोस के ध्वज वाले बल्क कैरियर एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर अदन से लगभग 55 नॉटिकल मील दक्षिण पश्चिम में एक ड्रोन के जरिये मिसाइल हमला किया गया।

समृद्धि न्यूज़ — राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — समृद्ध समाज का आधार



# फ्री राशन संग कार्डधारकों को मिलेगा कैरी बैग

- पांच कार्ड धारकों को कैरी बैग प्रदान कर डीएम ने जिले में वितरण का किया शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत राशन कार्डधारकों को अब निःशुल्क राशन लेने के लिए कैरी बैग (झोला) दिया जाएगा। इस बैग की क्षमता 10 किलो की होगी। गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 05 कार्ड धारकों को कैरी बैग प्रदान कर जिले में वितरण का शुभारंभ किया। इस दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, एआरओ अवधेद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि लखीमपुर खीरी में 08 लाख 26 हजार 200 कार्डधारक हैं। जिन्हें एफसीआई से वितरण के लिए बैग मिले हैं। इन बैगों को उचित दर विक्रेताओं को भेजा जा रहा है। कोटेदार बैग का वितरण कार्डधारकों को करेंगे। उन्हें जल्द से जल्द वितरित कराया जाएगा। अपर आयुक्त खाद्य की ओर से जारी आदेश के मुताबिक चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले बैग का वितरण किया जाना है।

**कोटेदार रजिस्टर पर दर्ज करेंगे बैग का ब्योरा:** बैग वितरण के लिए कोटेदारों को एक रजिस्टर तैयार करना होगा। इसमें कोटेदार बैग प्राप्त करने वाले कार्डधारक का नाम, राशन कार्ड संख्या, मोबाइल नम्बर दर्ज करेंगे। हस्ताक्षर या अंगूठा भी लगवाएंगे।

विभाग द्वारा बैग वितरण की रैंडम जांच भी की जाएगी। अगले 05 वर्ष मुफ्त अनाज की मोदी सरकार की गारंटी, बैग पर पीएम का चित्र और संदेश कार्डधारकों को दिया जाने वाले बैग पर प्रधानमंत्री की फोटो के साथ ही योजना का नाम लिखा है। इस बैग पर पीएम का संदेश प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का मकसद एक ही है- मेरा कोई भाई-बहन, मेरा कोई भारतवासी भूखा ना रहे भी अंकित है।

## अच्छे कार्यों के लिए जानी जाती है मोतीपुर पंचायत

**निघासन खीरी।** विकास खण्ड निघासन की ग्राम पंचायत मोतीपुर के प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप सिंह अपनी ग्राम पंचायत मोतीपुर में अच्छे कार्यों के चलते हमेशा सुर्खियों में रहते है। हाल ही में ग्राम पंचायत में नवीन परती की जमीन न होंने के करण ग्राम पंचायत में गौशला बनना असंभव था। अच्छे कार्यों को देखते हुए खण्ड विकास अधिकारी जेयश कुमार सिंह द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दे कराये गए प्रधान प्रतिनिधि द्वारा ग्राम पंचायत में बच्चों के खेल कूद के लिए बनाया गया स्टेडियम, सुंदर प्राथमिक विद्यालय व्यवस्थित पंचायत भवन, ग्राम पंचायत में साफ सफाई कराई गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के लिए यह एक गर्व की बात है।

# सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे गन्ना भरे ट्रक

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



गन्ना क्रय केंद्रों से गुलरिया चीनी मिल ले जाने वाले ओवरलोड और ओवरहाइट ट्रक हर समय दुर्घटनाओं को दावत देते नजर आते हैं लेकिन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी इस ओर से अनजान बने हुए हैं। गन्ना सीजन के चलते चीनी मिलों को जोड़ने वाली सड़कों पर ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक व डबल ट्राली जोड़कर ट्रैक्टर दौड़ रहे हैं।

इन वाहनों के संचालन को जिला प्रशासन रोकने में नाकाम है। गुलरिया चीनी मिल के क्रय केंद्रों से चीनी मिल तक जाने वाले ट्रकों में ओवरलोड और ओवरहाइट गन्ना भर कर भेजा रहा है। जिससे दुर्घटनाओं का भय सदैव बना रहता है। क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों से कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। मिल तक जाने वाले ट्रकों में कभी-कभी गन्ना गिरता हुआ जाता है जो राहगीरों के लिए मुसीबत बना रहता है। क्रय केंद्रों से मिल तक कई कस्बे पडते हैं। जहां भीड़ भाड़ बनी रहती है परंतु यह ओवरलोड वाहन तेज गति से निकलते हैं जो किसी की भी जान पर बन सकता है। यह ट्रक व ट्राली पुलिस चौकियों व मोबाइल पुलिस के सामने से दिन व रात में गुजरते रहते हैं लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। सोचनीय है कि बाइक सवार को आसानी से रोक लेने वाली पुलिस को गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक ट्राली दिखाई ही नहीं देते परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा भी इन ओवरलोड ट्रकों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती। मिल प्रशासन, एआरटीओ के साथ ही पुलिस का ओवरलोड वाहनों की तरफ ध्यान ही नहीं जाता।

# विकास कार्यों का रेखा अरुण वर्मा ने किया लोकार्पण

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**




विकास खंड मितौली के ग्राम पंचायत कस्ता में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में पहुंची भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/ धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा द्वारा ग्राम पंचायतों में 1.32 करोड़ के कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। विकास खण्ड मितौली की ग्राम पंचायत कस्ता के पैट्रोल पंप के पास गुरुवार को मितौली विकास खंड अधिकारी अमित सिंह परिहार के संयोजन में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा द्वारा मितौली विकास क्षेत्र की 1.32 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया गया। रेखा वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रहा रही योजनाओं पर चर्चा की। बीडीओ मितौली ने अमित सिंह परिहार ने बताया कि ब्लॉक की 24 ग्राम पंचायतों में कराए गए 1.32 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। जिसमे अलीनगर ग्राम पंचायत में अम्बेडकर पार्क, मितौली ग्राम पंचायत में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, मुल्तानपुर ग्रंट ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय हरिशपुर व कस्ता सहित 21 ग्राम पंचायतों में निर्मित आरआरसी सेंटरों का लोकार्पण धौरहरा सांसद द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में मोंटी गिरि, अमित सिंह, अवधेश कुमार पप्पू, डॉ आदेश भार्गव, प्रमोद यादव, विकास भदौरिया, मण्डल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह, एडीओ मुन्ना लाल,एडीओ आइएसबी राजेश शुक्ला, कस्ता प्रधान अजमेर अली,सचिव मनोज भार्गव, ब्रम्हप्रकाश तिवारी, धर्मेंद्र वर्मा, योगेंद्र वर्मा, राजेंद्र, धीरेंद्र, रीतू यादव, धनदेवी सहित समूह की महिलाएं मौजूद रही।

## पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** मुखबिर की सूचना पर जैदपुर पुलिस टीम ने एक युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 54 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर संबंधित धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व मे अपराध पर अंकुश लगाने हेतु हर सम्भव प्रयास में जैदपुर पुलिस टीम लगी हुई है। बुधवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर जैदपुर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 54 ग्राम अवैध मारफीन के साथ एक अभियुक्त को हिरासत ले लिया है।

जिसने अपना नाम संदीप यादव पुत्र देशराज यादव निवासी गोडहिया, कैसरगंज, बहराइच बताया गया है। थाना जैदपुर मे अभियुक्त के विरूद्ध सम्बंधित धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

# घटिया सामग्री प्रयोग कर बनाई जा रही पीडब्ल्यूडी की सड़क

- मानक की उड़ाई जा रही जमकर धज्जियां, विभागीय अधिकारी हुए मौन

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पीडब्ल्यूडी विभाग की देखरेख में बन रहा हरबक्श पुरवा से डागा जाने वाली में लिंक सड़क में जोड़ने वाला पीडब्लूडी रोड के निर्माण मे जमकर मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। घटिया सड़क निर्माण को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने लाम बंद होकर आइजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री पोर्टल पर घटिया सड़क निर्माण की शिकायत की है। विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत भूलनपुर मे हरबक्श पुरवा से डागा से पत्थर शाह गुलहरिया मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली पीडब्ल्यूडी विभाग की देखरेख में सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

सड़क के निर्माण में मानक की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। सड़क पर पत्थर, गिट्टी, तार कोल मे भारी कटौती की गई है जिससे सड़क बनने के साथ उखड़ गई है जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटिया सड़क निर्माण से खफा लोगों ने लाम बंद होकर मुख्यमंत्री पोर्टल आइजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई है व जिला अधिकारी से मोबाइल पर सड़क की दुर्दशा से संबंध में मौखिक बताया है। पीडब्ल्यूडी विभाग अधिशासी अभियंता आरके नागर ने बताया की सड़क बारिश की वजह से उखड़ रही है जहां-जहां सड़क निर्माण में धांधली की गई है उसको ठीक कराया जाएगा। अभी में बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में व्यस्त हूं बोर्ड परीक्षा के बाद सड़क निर्माण की जांच की जाएगी।



कृष्ण निवासी बाबू पुरवा ने बताया कि सड़क में पत्थर डालकर दबाई नहीं की गई है मिट्टी पर ही बजरी डालकर तारकोल बिखरा दिया गया है जिससे कि सड़क बनने के साथ पैर मारते ही उखड़ जाती है।



दिनेश वर्मा निवासी भूलनपुर में सड़क के निर्माण को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है उन्होंने बताया कि सड़क के निर्माण में जमकर घपले बाजी की जा रही है जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई है।



राम बहादुर भूलनपुर ने बताया कि सड़क के निर्माण में खुले आम धांधली की जा रही है लेकिन कोई क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि व सरकारी विभागीय अधिकारी ने सड़क की गुणवत्ता को देखना मुनासीब नहीं समझा जिससे ठेकेदार के हौसले बुलंद है और वह घटिया सड़क का निर्माण कर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहा है।



अनिल कुमार निवासी बाबू पुरवा ने बताया कि गांव के भोले भाले लोगों के आने जाने के लिए सरकार अच्छा बजट देकर गुणवत्तापूर्वक सड़क का निर्माण करने के जिम्मेदारी विभागीय अधिकारी व संबंधित ठेकेदार को देते हैं लेकिन भ्रष्टाचार की भेंट में चढ़ी उनकी मानसिकता का नतीजा है कि सड़क में घटिया क्वालिटी की सामग्री का प्रयोग कर अधिक बचत करने के चक्कर में लगे हुए हैं जिससे सड़क बनने के साथ ही उखड़ने लगी है और जिम्मेदार विभागीय अधिकारी भी सड़क के निर्माण को सही ढंग से करने के लिए अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने अभियुक्त को भेजा जेल



सिंगाही खीरी। नाबालिक किशोरी से रेप करने वाले नशेड़ी युवक को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेजा है। रविवार को थाना क्षेत्र सिंगाही के गांव में 13 वर्षीय नाबालिक किशोरी को गांव में लगे सरकारी इंडिया मार्का हैंडपंप से शाम 7 बजे पानी भरते समय गांव के ही एक मनचले युवा बब्बू उर्फ जसविंदर सिंह ने मुंह बंद कर उठा लिया था और पड़ोस के अपने कोल्हू के पास वाले गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी हरकत की थी। नाबालिक लड़की के पिता ने सिंगाही पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। सिंगाही थाना प्रभारी अमित सिंह भदोरिया ने बताया कि मेडिकल के लिए भेजा था। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर एसआई कुलदीप सिंह, हेड कांस्टेबल राजमंगल, हेड कांस्टेबल कौशल किशोर ने क्लेशरण तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### स्मार्टफोन पाकर खिलखिला उठे बच्चों के चेहरे



**मितौली खीरी।** मैगलगंज के कमला हरी महाविद्यालय रहजनिया मे बच्चो को स्मार्टफोन वितरित किए गए। छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए अति महत्वपूर्ण स्मार्टफोन योजना के तहत बीएड व बीए के 73 बच्चो को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सबइंस्पेक्टर विजय पाण्डेय प्रबन्धक डॉ मनोज मिश्रा, उप प्राचार्य विशाल पांडेय, एंव प्रभारी कृष्ण कुमार शुक्ला, अध्यापिका सस्या बाजपेयी, रहजनिया पूर्व प्रधान राजेंद्र यादव ,चपरतला प्रधान श्रवण यादव एंव कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### शिक्षक के निधन से शोक की लहर

**हैदरगढ़,बाराबंकी।** प्राथमिक विद्यालय बारा से वर्ष2012 में प्रधानाध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हुए त्रिवेदीगंज निवासी अनिल कुमार त्रिपाठी के निधन पर आज सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। सिद्धनाथ त्रिपाठी, ओमप्रकाश अवस्थी,उमानाथ शुक्ला, माता बदल हरिश्चंद्र राम अवध मौजूद रहे।

### शिवरात्रि को लेकर गोमती घाटों का किया निरीक्षण



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** महाशिवरात्रि पर्व पर अवसानेश्वर महादेव मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारी को लेकर गुरुवार को उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने मंदिर के गर्भ ग्रह के अलावा मेला परिक्षेत्र, स्नान घाट, प्रवेश व निकास व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मन्दिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरि, राम गोपाल,विनोद गिरि, रामकृष्ण,अतुल, हरि प्रकाश, आदि पुजारी परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# युवती को बहला फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बारात आने से चंद दिन पहले एक युवक द्वारा बहला फुसलाकर युवती को जेवर व नकदी लेकर भगाने के आरोप मे पिता की तहरीर पर जैदपुर थाने मे मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी है। बताते चले कि थाना जैदपुर के अंतर्गत नगर पंचायत जैदपुर निवासी एक युवती को तीन मार्च की रात को लगभग तीन बजे कटरा मोहल्ला थाना मसौली निवासी अरशद पुत्र फारूक द्वारा बहला फुसलाकर जेवर सहित नकदी ले जाने के आरोप मे पीड़ित पिता के तहरीर देने पर कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय के साथ पुलिस टीम मसौली पहुंची परन्तु घर पर किसी के न मिलने पर जांच पड़ताल कर वापस लौट आयी थी। मगर यह मामला सामने आने पर कन्यादान करने सहित तमाम अरमानो से महरूम होकर परिवार के लोगो ने बारात लाने से मना करने पर बारातियो सहित दुल्हे व परिजनो के भी दिल के अरमान चकनाचूर हो गये। बुधवार को जैदपुर पुलिस ने आरोपी अरशद पुत्र फारूक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश जारी कर दी है। इस सम्बंध मे कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि बुधवार को पिता की तहरीर के आधार पर थाना मसौली निवासी आरोपी अरशद पुत्र फारुक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर तलाश जारी है।

## आधुनिक विवाह समारोह से विलुप्त हुआ परंपरागत संगीत

**बिजुआ खीरी।** बदलाव सभी को लुभाता है। कुछ समय पूर्व तक हम बैंड बाजा और बारात को एक साथ जुड़ा हुआ महसूस करते थे। अब तक बारातियों की पहचान बैंड बाजे के साथ ही होती थी। लेकिन समय परिवर्तन के साथ धीरे-धीरे बारातों में बैंड बाजे पर ग्रहण लगना शुरू हो गया। बारातों से बैंड बाजे नदारद होते जा रहे हैं। जिसकी जगह आज डीजे सिस्टम ने ले ली है। शायद इसलिए कि यह बैंड की तुलना में सस्ता और अधिक धमाल करता है। डीजे पर बारातियों को नाचने झूमने में अधिक आनंद आता है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिलेभर में उत्साह

- डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली 51 महिला कार्मिकों को किया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खीरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को पूरे जिले में उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार को महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में उत्कृष्ट कार्यों से अपने क्षेत्र में, अपने कार्यों द्वारा अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं, बेहतर कामकाज वाली महिला कार्मिकों का कलेक्ट्रेट में सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, नपाप अध्यक्ष केबी गुप्ता, कीर्ति महेश्वरी, जिला मंत्री (भाजपा) उमेश शुक्ला, जिला संयोजक (शिक्षा संस्थान प्रकोष्ठ, भाजपा) कमलेश शुक्ला ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सीएमएस, जिला महिला चिकित्सालय डॉ ज्योति मेहरोत्रा सहित जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एकता श्रीवास्तव, ग्राम सचिव अनामिका तिवारी, शालिनी शर्मा,अम्बिका, प्रिया जायसवाल सहित जिले की बाल विकास परियोजना कार्यालय शहर, फूलबेहड़ एवं नकहा के तहत 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने महिलाओं से आह्वान किया कि दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ आगे बढ़ें। यह पूरी सदी महिलाओं की सफलता की गवाह है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है साथ ही अभी भी बहुत कुछ करने की ज़रूरत है। डीएम ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने में जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा।

# दैवीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

- ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को राहत देने पर हुई चर्चा



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की आज विधान परिषद के कक्ष संख्या 77 में सम्पन्न बैठक में कहा गया कि हाल में हुई वर्षा और ओला वृष्टि से हुए नुक़सान की भरपाई नियमानुसार की जाए और क्षति का मूल्यांकन भी सही किया जाए। समिति ने कहा कि प्रभावित किसानों को उनके नुक़सान की भरपाई के लिए पूरी सतर्कता के साथ कार्य किए जाएं। समिति के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, बाबू लाल एवं इंजीनियर अवनीश कुमार पटेल तथा शासन के सम्बंधित अधिकारी एवं अपर ज़िलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। समिति ने कहा कि किसानों राहत अब कोई औपचारिकता नहीं रह गई है बल्कि एक वास्तविक तथ्य बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जो कार्य भी हुए हैं, उनका विवरण उन्हें मिल जाए ताकि इस वर्ष वर्षा ऋतु से पहले ही बचाव के सभी कार्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने कहा कि बाराबंकी में बाढ से बचाव के कार्य तेजी से पूर्ण किए जाए ताकि बाढ से खतरा न्यूनतम रह जाए।

उन्होंने ज़िला प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि वे जनपद बाराबंकी में बाढ़ के खतरे को कम से कम करने के लिए संकल्प बद्ध होकर कार्य करें।

## सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक को दी भावभीनी विदाई

**जैदपुर, बाराबंकी।** मदरसा जामिया दारूल उलूम आरफिया मे शिक्षक पद पर तैनात मास्टर मोहम्मद इस्राईल के सेवानिवृत्त होने पर आज उन्हे मदरसे के गेट पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जैदपुर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व मे पदाधिकारियो द्वारा माला पहनाकर उनका इस्तकबाल किया गया।वही भाजपा नेता अबू उमेर अंसारी के आवासीय कार्यालय पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जहां भाजपा नेता अबू उमेर अंसारी द्वारा माला पहनाकर उनको मिठाई खिलाई गयी और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।सबसे पहले मदरसे के गेट पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मिस्बा नेता और वरिष्ठ उपाध्यक्ष समाजसेवी मोहम्मद सालिम ने अपने पदाधिकारियो और साथियो के साथ मास्टर हाजी मोहम्मद इस्राईल का फूल माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर,मिठाई खिलाकर सम्मान किया।

# लोगों को गुमराह व भयभीत करने वाले साइबर ठगों का गिरोह सक्रिय

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तरह-तरह से लोगो को गुमराह भयभीत करने वाले साइबर ठगो का गिरोह सक्रिय है।

मोहल्ला बड़ी बाजार व एक अन्य मोहल्ले मे गुरूवार को फोन पर विभिन्न धाराओ मे पुलिस केस दर्ज होने की बात बताने के साथ एक डरावना विडियो भेज पैसो की मांग करने का मामला प्रकाश मे आया है। जिसके चलते परिवार के लोग भयभीत हो गये। उन्होने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की गयी है।बताते चले कि साइबर ठगो द्वारा ठगी के नये नये तरीके अपनाये जाते है।जिसके शिकार होने की कहानी कस्बे सहित आसपास क्षेत्रो मे आये दिन सुनने को मिलता है। कभी लाटरी व कभी आवास सहित तरह तरह की लालच देकर इन ठगो का गिरोह लोगो को लूटने का कार्य करते है। गुरुवार को सुबह कस्बे के बड़ी बाजार निवासी गुलाम रसूल पुत्र युसुफ के मुबाइल फोन पर 8900199373/8810545514 से फोन आने के साथ एक विडियो भेजकर बताया गया जिसमे बताया गया कि तीन युवक को क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। अगर मामले को दबाना चाहते है तो तुरन्त इन्ही नम्बरो पर पचास हजार रूपए भेजो अन्यथा मै पुलिस भेजकर पकड़वा लूंगा।

# हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड हैदरगढ़ की पूर्व माध्यमिक विद्यालय नरौली में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सिद्धार्थ आरती रावत विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी अनुराग ब्लॉक प्रमुख हैदरगढ़ प्रतिनिधि रामदेव सिंह खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया गया

इस दौरान सभी न्याय पंचायत से निपुण लक्ष्य अर्जित करने वाले बच्चों में बाल वाटिका से दो - दो एवं कक्षा 1,2,3 से एक एक बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत ने अपने संबोधन में कहा कि प्राथमिक विद्यालय एवं बाल वाटिका में भौतिक संसाधन एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में उत्कृष्ट सुधार हुआ है अतः मैं सभी अभिभावकों से निवेदन करती हूं कि आप अधिक से अधिक अपने बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में नामांकित करवाइए।

उप जिलाधिकारी ने कहा बेसिक शिक्षा देश के विकास को दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं।अतः प्राथमिक शिक्षा को एक नया आयाम प्रदान करना हम सब की जिम्मेदारी है।

खंड विकास अधिकारी संदीप गुप्ता ने बताया कि मेरी प्राथमिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय में पूर्ण हुई है तथा विगत 18 वर्ष तक शिक्षण कार्य करने के उपरांत मेरा चयन खंड विकास अधिकारी के रूप में हुआ है अतः बेसिक शिक्षा से मेरा विशेष जुड़ाव है और मैं दृढ़ संकल्पित हूं कि अपने विकास खंड के सभी विद्यालयों में 19 पैरा मीटर को पूर्ण करूंगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की जा रही है।यदि बच्चा यहां अपने आयु अनुसार दक्षताओं को प्राप्त कर लेता है तो आगे की कक्षाओं में बच्चा अपनी कक्षा अनुरूप दक्षताओं को आसानी से हासिल कर पाता है। अतः आवश्यक है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले शत प्रतिशत बच्चों को उनके आयु वर्ग के हिसाब से संसाधन उपलब्ध कराते हुए उन्हें खेल-खेल में शिक्षा दी जाए। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमार विश्वकर्मा ,एआरपी सत्यधर द्विवेदी साफिया बानो ,सीमा श्रीवास्तव,ममता शर्मा, मालविका,सुशीला देवी ममता यादव पवन कुमारी सुमन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मनमानी ग्रामीणों पर पड़ रही भारी

- विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत मकनपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मकनपुर का मामला

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सरकार जहां स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चला रही है वहीं इसी विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी सरकार की इस मंशा को नाकाम करने का काम कर रहे हैं। मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत मकनपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है जहां 3:00 बजे पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को बंद मिला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांव की जनता तक कारगर स्वास्थ्य सेवाएं जनता तक पहुंचाएं जाने के लिए बनाए गए हैं जिसमे अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और समाज में हर किसी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को सक्षम बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप हर गांव/कस्बे में सभी स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण करने के लिए की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध नहीं रहती है। केंद्र पर कई कई दिनों तक डॉक्टर पहुंच ही नहीं रहे है और केंद्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

## मतदाता जागरूकता की निकाली गई रैली

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** मतदाताओं को आगामी चुनाव में वोट डालने के लिये शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में निबंध, रंगोली, मेहंदी का आयोजन किया गया। गुरुवार हाजी वारिस अली शाह मेमोरियल पीजी कॉलेज में लोकसभा चुनाव को लेकर को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक परवेज़ आलम,प्रवक्ता मजाहिर हुसैन,मनोज कुमार यादव, बलराम किशोर वर्मा, इमरान अहमद,रत्नेश पांडे, अनीस फातिमा, प्रिंसी सिंह,पुतान कुमार, जियाउद्दीन, राकेश वर्मा, तथा सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# पूर्व डीजीपी राजकुमार विश्वकर्मा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बने मुख्य सूचना आयुक्त

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी राजकुमार विश्वकर्मा को प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मुख्य सूचना आयुक्त बनाया।

बता दें राजकुमार विश्वकर्मा 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे। डीएस चौहान के सेवानिवृत होने के बाद अब आरके विश्वकर्मा को प्रदेश का कार्यवाहक डीजीपी चुना गया था। इसके साथ ही मो.नदीम पत्रकार, वीरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, राकेश कुमार, दिलीप अग्निहोत्री, राजेन्द्र कुमार सिंह, पदम द्विवेदी और स्वतंत्र प्रकाश को सूचना आयुक्त बनाया गया है। राज्य सरकार ने 3 वर्ष के लिए सूचना आयुक्तों की तैनाती की है। मुख्य सूचना आयुक्त समेत 11 सूचना आयुक्तों की आधिकारिक सूची जारी हो गई है। इस सूची में पत्रकार, पूर्व अधिकारी इत्यादि शामिल हैं।

# स्वदेश दर्शन योजना : पीएम ने यूपी को दी 29 करोड़ की दो परियोजनाओं की सौगात

## पर्यटन स्थलों को स्वदेश दर्शन योजना में शामिल किये जाने से प्रदेश के पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान : जयवीर सिंह

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना द्वितीय के अन्तर्गत प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल सीतापुर स्थित नैमिषारण्य एवं प्रयागराज की लगभग 29 करोड़ रूपये की दो परियोजनाओं का शिलान्यास किये जाने पर आभार व्यक्त करते हुये कहा कि दोनों पर्यटनों स्थलों को स्वदेश दर्शन योजना में शामिल किये जाने से प्रदेश के पर्यटन को नयी उड़ान मिलेगी। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश को पर्यटन का हब बनाने के लिये इन दोनों परियोनजाओं की सौगात दी है। नैमिषारण्य की परियोजना की लागत 15.95 करोड रुपये तथा प्रयागराज की परियोजना की लागत 13.02 करोड़ रूपये है।

उन्होने कहा कि इन परियोनजाओं के धरातल पर उतरने से प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही रोजगार के नये अवसर तथा होटल, रेस्टोरेन्ट, टूर ऑपरेटर आदि के कारोबार बढ़ेगें। पर्यटन मंत्री आज पर्यटन मीटिंग हॉल, सत्संग भवन, रेलवे स्टेशन रोड, नीमसार सीतापुर में प्रधानमंत्री द्वारा श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर से एक



▸ पर्यटन मंत्री ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

केन्द्रीकृत वर्चुअल समारोह के माध्यम से परियोजनाओं के शुभारम्भ एवं लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित थे। उन्होने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुये कहा कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदेश के विशाल आकार तथा सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन की असीम सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये प्रधानमंत्री ने प्रयागराज एवं नैमीषारण्य को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने के लिये स्वदेश दर्शन स्कीम द्वितीय के तहत चयनित किया है जयवीर सिंह ने कहा कि समेकित पर्यटन विकास हेतु पहले चरण में प्रयागराज के आजाद पार्क एवं देखों प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियन्स योजना के अन्तर्गत टूरिस्ट इन्फारमेशन सेन्टर, आजाद मेमोरियल प्लाजा का उच्चीकरण, विक्टोरिया मेमोरिया लैण्ड स्केप का उच्चीकरण, कल्प वृक्ष लैण्डस्केप का उच्चीकरण, एडवेन्चर पार्क, सीसीटीवी, ट्रैवलर्स नूक, गेट अपग्रेडेशन, देखो प्रयागराज वर्ल्ड आर्ट, मिनी बस, पार्किंग एवं टॉयलेट आदि कार्यों हेतु 13.02 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

### उत्तर प्रदेश में पर्यटन बहुत तेजी से विकास कर रहा

जयवीर सिंह ने कहा कि नैमिषारण्य में वैदिक वेलनेस एक्सपीरियन्स योजना के अन्तर्गत गोमती नदी में जेट्टी एवं बोट्स, ध्वनि एवं प्रकाश शो समेत अन्य कार्यों के लिए लगभग 15.95 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में हमारी सरकार आने के बाद अपनी परंपरा, संनातन संस्कृति में चार चांद लगाने का काम हुआ है। उत्तर प्रदेश जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ और भगवान शिव के त्रिशूल पर बसी काशी है। गोरखपुर में जहां बाबा गोरखनाथ धाम है, तपोस्थली नैमिषारण्य तीर्थ स्थल है, विंध्यवासिनी धाम जैसे अनेक धार्मिक और आध्यात्मिक स्थल हैं। यहां धार्मिक पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। आज डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश में पर्यटन बहुत तेजी से विकास कर रहा है। आज उत्तर

## खबरें एक नजर में

### अवकाश में खुले रहेगें गृहकर कैशकाउन्टर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** लगातार तीन दिन के अवकाश को देखते हुए निगम प्रशासन ने मार्च माह के मद्देजनर अवकाश के दिनों में कैशकाउन्टर खुले रखे है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति का अंतिम माह चल रहा है। इस अवधि में करदाताओं द्वारा अधिक से अधिक संख्या में गृहकर जमा करने की सम्भावना है। साथ ही विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष के लक्ष्य की पूर्ति हेतु वर्तमान माह में विशेष प्रयास किए जाने है। निगम प्रशासन के अनुसार गृहकरदाताओं की सुविधा तथा नगर निगम की गृहकर की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए मार्च माह सार्वजनिक अवकाश 08, 09 व 10 मार्च, 2023 को समस्त जोनल कार्यालय तथा कैश काउंटर सामान्य दिवसो की भाँति गृहकर संबंधित कार्यो हेतु खुले रहेगें। अत: गृहकरदाताओं से अपील की जाती है कि इस सुविधा का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक की संख्या में गृहकर जमा कराये।सैथा के बंजर के रूप में दर्ज 13880 वर्गफुट जमीन को नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन ने कब्जा मुक्त करा लिया है। इसकी बाजारू कीमत एक करोड़ बताई जा रही है।नगर निगम के लेखपालों द्वारा जॉच के उपरान्त सैथा में खसरा नम्बर 677 क्षेत्रफल 0त्र129 हेक्टयर भूमि जो की राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि निहित है। इस पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। आज तहसीलदार , स्थानीय पुलिस बल एवं नगर निगम स्टाप ने मौके पर पहुचकर अवैध कब्जें को हटवा दिया है। जिम्मेदारों पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### तीन दिन से लापता युवक का नहर में मिला शव

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में पारा स्थित शारदा नहर में तीन दिन से लापता ऋषभ सिंह (23) का शव मिला। नहर में शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीन दिन से लापता ऋषभ के घर वालों को एक शव मिलने की सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। गोंडा निवासी ऋषभ सिंह अपनी मां ऊषा के साथ हंसखेड़ा स्थित नई कांशीराम कॉलोनी में रहता था। ऊषा के मुताबिक ऋषभ का रविवार को घर का एक काम न करने के लेकर झगड़ा हुआ था। जिसके बाद वह आत्महत्या कर लेने की धमकी देकर चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी न मिलने पर पारा थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। तब से पुलिस और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बेटे के इस कदम ने पूरा जीवन सूना कर दिया। पति इंदल की कई साल पहले हुई मौत के बाद वही एक सहारा था। इंस्पेक्टर ब्रजेश वर्मा के मुताबिक गुरुवार को शारदा नहर में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिलने पर जांच पड़ताल की गई। मृतक के पकड़ों से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान ऋषभ सिंह के रूप में हुई। जिसके बाद उसके परिजनों को शिनाख्त के लिए बुलाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक विवाहिता ने सात माह की बेटी को पलंग पर सुलाकर फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों पति समेत ससुराल वालों पर एक लाख रुपये, बाइक और सोने की चेन की मांग पूरी न हो पाने पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। काकोरी पुलिस पति समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।राधा के भाई जितेंद्र ने बताया कि गुरुवार तड़के राधा के ससुरालवालों ने बताया कि उसने फांसी लगा ली है। जब पहुंचा तो देखा शव जमीन पर पड़ा था। का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही रंजीत, उसका भाई शिवा, मां राम जानकी और मौसी भदरुल दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। वह लोग एक लाख रुपये, बाइक और सोने की चेन की मांग पूरी न होने पर आए दिन मारपीट करने लगे। इन लोगों ने ही दहेज की मांग पूरी न होने पर बहन की हत्या कर दी। इंस्पेक्टर काकोरी नबाब अहमद ने बताया कि जितेंद्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पति समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।पति रंजीत ने बताया कि राधा रात दुधमुही बेटी को लेकर पहली मंजिल पर बने कमरे में सोने चली गई। कुछ देर बाद ऊपर गया तो उसने बेटी को सुलाने की बात कहते हुए दरवाजा खोलने से मना कर दिया। देर रात काफी देर तक बेटी के रोने की आवाज आने पर भी राधा का कोई जवाब नहीं आया। तो खिड़की से झांक कर देखा तो उसका शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ था।

### गांजा तस्कर कर रहे कोरियर का इस्तेमाल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** यूपी एसटीएफने तस्करी से पकड़े जाने के डर से कोरियर का इस्तेमाल कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये तस्कर आसाम से कोरियर के जरिये गांजा मंगाकर बेचने की फिराक में थे। गांजा तस्करों ने डीटीडीसी कोरियर सर्विस के जरिए गांजा मंगाया था और इसे देवरिया और आसपास के जिलों में बेच रहे थे। यूपी एसटीएफने आसाम के जीतू कालिता से कोरियर के जरिये यूपी मे गांजा मंगवाकर बेचने वाले दो आरोपियों को अरेस्ट किया है। इन दोनों के नाम क्रमश रवीन्द्र यादव और विकास चौहान बताए जा रहे हैं। इन सभी को देवरिया से गिरफ्तार किया गया है। यूपी एसटीएफने इनके पास से 53.840 किलो गांजा बरामद किया है। गांजे की कीमत करीब 13 लाख 50 हजार बताई जा रही है।

### महापौर ने लांच किया 'पिंक शक्ति ऐप'

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर रेस्टॉरेंट, गोमती नगर में आयोजित पिंक शक्ति अवार्ड एवं पिंक शक्ति ऐप के लांच कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुषमा खर्कवाल ने पिंक शक्ति ऐप को लॉच किया तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पिंक शक्ति ऐप महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने में सरकार और प्रदेश की बहनों के बींच सेतु का काम करेगा।

# इंडी गठबंधन को जनता नहीं परिवार की चिंता : नड्डा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



▸ अनुसूचित जाति को कांग्रेस ने माना केवल वोट बैंक
▸ अम्बेडकर के संविधान सभा के लिए चुने जाने के खिलाफ थी कांग्रेस
▸ दलितों, पीड़ितों, वंचितों को समान अधिकार बिना देश की तरक्की संभव नहीं

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार को आगरा पहुँचे और वहाँ आयोजित अनुसूचित जाति महासम्मेलन में शिरकत करते हुए दिशा निर्देशन किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर सबका साथ, सबका विकास, सबका साथ और सबका प्रयास के संकल्प के साथ देश को आगे बढ़ाने का काम किया। जबकि इंडी गठबंधन के दलों को देश की गरीब जनता की नहीं, उन्हें केवल अपने परिवार को बचाने की चिंता है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई गई मुहिम से बचने के लिए इकट्ठे हुए नेता या तो बेल पर हैं या जेल में है। बीजेपी ने सदैव ही माना है कि दलितों, पीड़ितों, वंचितों और शोषितों को समान अधिकार देकर आगे लाए बिना देश की तरक्की संभव नहीं।

कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के लोगों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया, उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में देखा। कांग्रेस की सोच हमेशा देश को खंडित करने की रही परंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबको समाहित कर गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी के विकास और सशक्तिकरण के लिए कार्य किया। श्री नड्डा ने कहा भाजपा केवल नारों में नहीं, बल्कि सही मायने में दलितों की तकदीर और तस्वीर बदलने में विश्वास रखती है, जिसे जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से आत्मसात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा दलितों और पिछड़ों की भलाई के लिए काम किया, आज केंद्र की मोदी सरकार में 12 मंत्री दलित समुदाय से हैं।

मोदी सरकार में अनुसूचित जाति के कल्याण की दृष्टि से सामाजिक न्याय मंत्रालय का बजट 90 फीसदी बढ़ा है। कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान सभा के लिए चुने जाने का विरोध किया और देश के लिए उनके योगदान को दरकिनार कर उनका उपहास किया।

पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी ने स्वयं को तो भारत रत्न दिया, मगर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को नहीं दिया। जम्मू-कश्मीर में अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण नहीं दिया जाता था, लेकिन अब दिया जा रहा है, जिससे आज वे लोग भी सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन कर पा रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज गुरुवार को आगरा के कोठी मीना बाजारी में आयोजित अनुसूचित जाति महासम्मेलन में कहा कि हमारी सरकार का मंत्र ही है - सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास। कार्यक्रम के दौरान मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या, उत्तर प्रदेश भाजपा प्रभारी बैजयंत जय पांडा, संगठक वी सतीश, भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य सत्यनारायण जटिया, राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ, केंद्रीय मंत्री एस पी सिंह बघेल, सांसद कौशल किशोर, मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# घोसी से अरविंद राजभर लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

▸ ओमप्रकाश राजभर की पार्टी ने किया ऐलान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



**लखनऊ।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सहयोगी पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने घोसी लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। इस सीट पर डॉ. अरविंद राजभर को उम्मीदवार बनाया गया है।ये पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के पुत्र हैं।

ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को मंत्री पद की शपथ ली है और कहा कि भाजपा को प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। एनडीए गठबंधन में राजभर को दो सीटें मिल जाएंगी। दूसरी सीट पर वार्ता चल रही है। ओम प्रकाश राजभर प्रदेश में राजभर सहित अन्य अति पिछड़ी जातियों को साथ लेकर 2002 में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी बनाई थी। 2017 में सुभासपा ने भाजपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था और तीन सीटें जीतीं।राजभर को पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बनाया गया था, लकिन योगी सरकार से मनमुटाव के चलते वे मार्च 2019 में सरकार से अलग हो गए थे। लोकसभा चुनाव 2019 में सुभासपा ने अपने दम पर चुनाव लड़ा। विधानसभा चुनाव 2022 में पहले सुभासपा ने सपा के साथ गठबंधन किया। सुभासपा और सपा के गठबंधन से भाजपा को पूर्वांचल में करीब 10-15 सीटों पर नुकसान हुआ। चुनाव में सुभासपा को छह सीटें मिलीं।सपा के साथ भी उनका गठबंधन ज्यादा दिन नहीं चला। जुलाई 2023 में राजभर सपा से गठबंधन तोड़कर फिर एनडीए में शामिल हो गए और पांच मार्च 2024 को उन्हें मंत्री बना दिया गया।मंत्री बनने के बाद राजभर ने कहा था कि लोकसभा चुनाव में कोई लड़ाई नहीं है। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। यूपी में एनडीए सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

# देश भर 400 सीटों पर भाजपा को हरायेगा 'इंडिया' : अखिलेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडिया समूह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकसभा चुनाव में देश में 400 सीटों पर हराएगा।

प्रयागराज में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को हटाना होगा।भाजपा सरकार ने किसानों और नौजवानों के सामने संकट पैदा किया है। भाजपा ने जनता से झूठा वादा किया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। महंगाई बढ़ती गयी लेकिन किसानों को उनकी फसलों का सही मूल्य नहीं मिला।

नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार में हर प्रतियोगी परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। भाजपा की नीयत नौजवानों को नौकरी देने की नहीं है। छात्र-नौजवान दिन रात मेहनत कर पढ़ाई करते हैं। परीक्षाओं के पेपर देते हैं तो पता चलता है कि लीक हो गया।



प्रयागराज में परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-नौजवान जानते हैं कि नौकरी के लिए उन्हें कितना संघर्ष करना पड़ता है। हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ। आरओ और एआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ। इसके पहले कई प्रतियोगी परीक्षा का पेपर लीक हो चुका है। इस सरकार में हर पेपर लीक हो रहा है। भाजपा सरकार जानबूझ कर पेपर लीक कराती है, जिससे नौकरी न देना पड़े। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है।

श्री यादव ने कहा नौजवानों को नौकरी पाना है तो भाजपा सरकार को हटाना होगा। भाजपा सरकार के रहते युवाओं को नौकरी रोजगार नहीं मिलेगा। जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त हैं।

## यूपी के 31 चिकित्सा अधिकारियों को मिली नई तैनाती

# डॉ. पवन बनें लखनऊ बलरामपुर अस्पताल के नए निदेशक, सीएमएस का भी तबादला

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

यूपी के प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के निदेशक ग्रेड के नवपदोन्नत चिकित्साधिकारी डा. पवन कुमार अरुण को लखनऊ के बलरामपुर चिकित्सालय का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। वे अभी तक अयोध्या मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के पद पर कार्यरत थे। वहीं श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डा. एनबी सिंह को बलरामपुर अस्पताल का नया मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) बनाया गया है। इसके अलावा संयुक्त निदेशक ग्रेड के 31 चिकित्साधिकारियों के तबादले किए गए हैं। चिकित्साधिकारियों के तबादला संबंधी अलग-अलग आदेश गुरुवार को शासन के विशेष सचिव शिवसहाय अवस्थी ने जारी कर दिए। डा. किरन मलिक को स्वास्थ्य महानिदेशालय में ही अपर निदेशक, डा. रेखा रानी को मुरादाबाद मंडल के संयुक्त निदेशक से महानिदेशालय में अपर निदेशक (प्रशिक्षण), डा. सरोज कुमार को रायबरेली से वरिष्ठ परामर्शदाता बलरामपुर चिकित्सालय, डा. सुशील प्रकाश को यूएचएम कानपुर को अयोध्या मंडल का नया अपर निदेशक बनाया गया है। डा. रश्मि गुप्ता को सिविल अस्पताल में ही मुख्य परामर्शदाता, जा अग्रवाल को सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय उन्नाव कानपुर मंडल का एडी, डा. अभिलाषा मिश्रा सीएमएस रामपुर को महानिदेशालय में अपर निदेशक, डा. रेखा रानी को ललितपुर से एडी चित्रकूट मंडल, डा. साधना अग्रवाल को प्रधानाचार्य आरएचएफडब्ल्यूटीसी बरेली से बरेली के मानसिक चिकित्सालय का प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है। डा. सीमा अग्रवाल को जेडी मुरादाबाद मंडल से एडी मेरठ मंडल, डा. सुमन को सीएमएस झांसी से झांसी मंडल का एडी, डा. कामिनी दत्त को हरदोई से महानिदेशालय में एडी, डा. अशोक कुमार राय को एसीएमओ मिर्जापुर से प्रभारी निदेशक मानसिक चिकित्सालय वाराणसी, डा. सईद अहमद को एसीएमओ अयोध्या को महानिदेशालय में एडी, डा. राकेश शर्मा को सीएमएस अयोध्या से एडी प्रयागराज मंडल, डा. गिरीश चंद्र नौगाई को रामपुर से एडी सहारनपुर मंडल, डा. अजय सिंह गौतम को सीएमएस चंदौली से परिवार कल्याण महानिदेशालय में एडी, डा. राजेंद्र कुमार को कासगंज से जिला अस्पताल आगरा का प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डा. गंगा प्रसाद गुप्ता को लोकबंधु लखनऊ से सिविल अस्पताल, डा. विवेक गुप्ता को वीरांगना अवंतीबाई से बलरामपुर अस्पताल, डा. नरेंद्र प्रसाद गुप्ता को अयोध्या से एडी गोरखपुर मंडल और डा. शैलेंद्र भटनागर को महानिदेशालय से महानिदेशालय में ही एडी बनाया गया है।

# विश्व रिकार्ड के लिए 10 मार्च को पांच हजार महिलाएं करेंगी सामूहिक सुदरकाड



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** गुरुवार को सत्य सनातन नारी शक्ति-लक्ष्मण पुरी, की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में विश्व रिकार्ड के लिए 10 मार्च को पाच हजार महिलाएं सामूहिक सदुरकांड का पाठ करेंगी। यह आयोजन झूलेलाल घाट पर होगा। यह जानकारी सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने बृहस्पतिवार सात मार्च को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। सपना गोयल ने हिन्दुओं का आवाहन किया कि हिंदू अपने अपने स्थानीय मंदिरों पर हर मंगलवार को एकत्र होकर सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें। श्री परमान्द हरि हर मन्दिर की संस्थापिका सपना गोयल ने बताया कि देवों और सतो की भूमि-भारत को अपनी आध्यात्मिक सनातन पहचान दिलवाने के लिए आगामी 10 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 5 हजार महिलाओं द्वारा एक साथ सुंदरकांड कराने का संकल्प लिया गया है। इस दिशा में उनके द्वारा गठित 51 शक्तिपीठ द्वारा महिलाओं को कार्य सौंपे जा चुके हैं।

# लखपति दीदी के लक्ष्य की ओर अग्रसर है यूपी

## उपमुख्यमंत्री ने समूह की दीदियों को वितरित किए टैबलेट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत टीएचआर परियोजना में कार्यरत महिलाओं एवं वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के द्वारा तैयार ऐप आधारित ट्रेनिंग माड्यूल के साथ टैब वितरण कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उत्पादों के बारे में महिलाओं से जानकारी प्राप्त की।उन्होंने टीएचआर परियोजना में कार्यरत समस्त महिलाओं को वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के द्वारा तैयार ऐप आधारित ट्रेनिंग माड्यूल के साथ टैब वितरण कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को टेबलेट वितरित कर शुभकामनाएं दी। और अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने इस वर्ष के अंतरिम बजट में हमने 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। उत्तर प्रदेश अपने लक्ष्यों को ओर निरन्तर अग्रसर है। सरकार ने साथ ही सरकार ने नमो ड्रोन योजना भी शुरू की है। योजना के तहत बहनों को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग की शुरुआत हो गई है। ये ड्रोन खेती करने के काम आएंगे और इससे बहनों को अतिरिक्त कमाई होगी।

**सराहनीय पहल**

## एयर क्वालिटी मैनेजमेंट इन द इन्डो-गैंगेटिक प्लान पर कार्यशाला आयोजित

# वायु प्रदूषण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है : अरुण सक्सेना

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

**लखनऊ।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए एयरशेड एपरोच द्वारा एअर क्वालिटी मैनेजमेंट इन द इन्डो-गैंगेटिक प्लान पर होलट हॉलीडे इन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डा अरूण कुमार सक्सेना ने किया। इस अवसर पर डॉ. सक्सेना ने कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार, उत्तर प्रदेश राज्य और विश्व बैंक के सहयोग से सिन्धु गंगा के मैदान में वायु गुणवत्ता प्रबंधन' हेतु कार्यशाला का आयोजन एक सराहनीय पहल है। इस कार्यशाला के माध्यम से रणनीति विकसित करने और आईजीपी में वायु गुणवत्ता प्रबंधन पहल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न राज्यों, विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के बीच चर्चा की सुविधा होगी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यूपी के 17 नान अटेंमेंट सिटीज के लिए सिटी एक्शन प्लान को मंजूरी दे दी है। राज्य ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए लागत अनुमान और समयसीमा पर अधिक विवरण के साथ कार्य योजनाएं भी तैयार की हैं, जिसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक अच्छा प्रयास माना गया है।

2022 में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पहल के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के नौ शहरों को वायु गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए चुना गया था, जिनमें से पांच को वायु गुणवत्ता को सुधारने में उनके द्वारा किए गये प्रयासों को मान्यता दी गई थी। इंडो गैंगेटिक प्लेन आईजीपी क्षेत्र, आठ



भारतीय राज्यों बिहार, हरियाणा, झारखंड, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़ और दिल्ली के साथ-साथ नेपाल और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों और पूरे बांग्लादेश में फैला हुआ है।

यह क्षेत्र उत्सृजन स्त्रोतों एवं मौसमी कारणों से अत्यधिक वायु प्रदूषण संकट का सामना करता है, जो इसे विश्व स्तर पर सबसे गंभीर प्रदूषित क्षेत्रों में से एक बनाता है। वायु प्रदूषण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो आईजीपी क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को प्रभावित करता है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ जाता है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों जैसी कमजोर वर्ग तथा सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित आबादी, जिसमें लाखों गरीब परिवार भी शामिल हैं, को अपने स्वास्थ्य के लिए जोखिम का सामना करना पड़ता है। विभिन्न क्षेत्र वायु प्रदूषण में अलग-अलग रूप से प्रभावित करते हैं, जिनमें औद्योगिक उत्सर्जन, परिवहन, कृषि पद्धतियाँ, घरेलू खाना पकाने और हीटिंग, निर्माणजनित धूल, कोयला एवं अन्य जीवाश्म ईंधन द्वारा बिजली उत्पादन और अपशिष्ट प्रबंधन शामिल हैं। चुनौती इस तथ्य से और भी बढ़ गई है कि आईजीपी के भीतर अलग-अलग राज्य अकेले वायु गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं कर सकते हैं।

कई मामलों में, पड़ोसी राज्यों और यहां तक कि अन्य देशों से वायु प्रदूषण का योगदान घरेलू स्त्रोतों से अधिक है।

औसतन, आईजीपी राज्यों के भीतर वायु प्रदूषण सान्द्रता का आधा हिस्सा पड़ोसी राज्यों या विदेशी स्त्रोतों से उत्पन्न होता है।कार्यशाला में पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, झारखण्ड एवं पश्चिम बंगाल के पर्यावरण विभागों के अपर मुख्य सचिव,प्रमुख सचिव को आमन्त्रित किया गया। कार्यशाला में विश्व बैंक क्लीन एयर फण्ड, दक्षिण एशिया केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक, स्वीट्जरलैण्ड दूतावास, कॉमनवेल्थ ऑफिस एवं विभिन्न राष्ट्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# कैसरगंज लोस टिकट पर ऊहापोह की स्थिति कायम

## बाहुबली सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह ने पत्रकारों से कहा था क्या आप कटवा रहे मेरा टिकट



नरेंद्र लाल गुप्ता

- यौन उत्पीड़न का आरोप झेल रहे कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह को लेकर सस्पेंस अभी भी बरकरार
- बृजभूषण का गोंडा अयोध्या कैसरगंज, श्रावस्ती और फैजाबाद सीट पर काफी प्रभाव

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कैसरगंज लोकसभा सीट पर कई दावेदार अपना दावा ठोक रहे हैं। वहीं राजनीतिक दल दावेदारों की जमीनी हकीकत को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों के चयन पर मंथन कर रहे हैं। फिलहाल सभी राजनीतिक दलों के कैंडिडेट की चयन प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच गई है।

यहां तक की समाजवादी पार्टी ने कई सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। हालांकि आज दिल्ली में बीजेपी की केंद्रीय चुनाव कमेटी की बैठक भी हो रही है जिसमें कई लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम भी लगभग फाइनल हो गए हैं। हालांकि यौन उत्पीड़न का आरोप झेल रहे कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह को लेकर सस्पेंस अभी भी बरकरार है।

सूत्र बता रहे है कि बाहुबली सांसद बृजभूषण का गोंडा से लेकर अयोध्या तक दबदबा सूत्रों के दावे की मानें तो बीजेपी खुद इस टिकट को लेकर असमंजस में फंसी हुई है। बीजेपी बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर सीधे उनसे नाराजगी भी मोल नहीं लेना चाहती क्योंकि बृजभूषण का गोंडा से लेकर अयोध्या तक यानी गोंडा कैसरगंज,श्रावस्ती और फैजाबाद सीट पर काफी प्रभाव है। इन सभी सीटों पर बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपने दखल से किसी उम्मीदवार को जिता तो नहीं सकते हैं लेकिन हराने का जरूर माद्दा रखते हैं। ऐसे में बीजेपी आलाकमान बाहुबली सांसद बृजभूषण के विधायक बेटे प्रतीक भूषण सिंह या फिर उनकी पत्नी केतकी सिंह को उम्मीदवार बना सकती है। या फिर बीजेपी किसी अन्य सदस्य को टिकट देने पर विचार कर सकती है।

### टिकट को लेकर चर्चाओं का दौर जारी

ये बाते तो जितनी तेजी से चर्चाओं में आईं,उतनी ही तेजी से दब भी गईं लेकिन अब ज ब दिल्ली में उम्मीदवारों के अंतिम चयन को लेकर बैठक आज जारी होंगी उसके बाद से बृजभूषण शरण सिंह का टिकट कटने की चर्चाओं ने एक बार फिर तूल पकड़ सकता है। सूत्रों का दावा है कि बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर आज आज केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में प्रस्तावित है।संभावित सूची 9 मार्च को जारी हो सकती है जिसमें बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर संशय बरकरार रहेगा या फिर पार्टी उन्हें लोकसभा का टिकट देगी क्योंकि पार्टी ने उनके टिकट को फिलहाल होल्ड पर डाल दिया है।सूत्र यहां तक दावा कर रहे है कि बीजेपी की पहली लिस्ट में बृज भूषण शरण सिंह का नाम नहीं था।तो क्या अब दूसरी लिस्ट में सांसद बृजभूषण का नाम आ सकता है।

### बृजभूषण के टिकट पर सबकी निगाहें टिकी

बीजेपी सांसद के खिलाफ चल रहे मामले ही उनके टिकट पर भारी पड़ते नजर आ रहे हैं। लेकिन माना जा रहा है कि अगर आने वाले समय में बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ किसी तरह का विरोध के स्वर नहीं उठे तो उन्हें भी टिकट मिल सकता है। अब इस सीट पर किसको टिकट मिलेगा ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन इस सीट को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।इसी वजह से कैसरगंज सीट हॉट सीट बन चुकी है। बाहुबली सांसद बृज भूषण शरण सिंह के टिकट पर सबकी निगाहें भी टिकी है। आज चर्चा दूसरी लिस्ट की है जिसमें कई चौंकाने वाले नाम हैं! तो बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट कटने की भी सुगबुगाहट तेज हो गई है।

### कैसरगंज सीट से प्रत्याशी बनने की लगी होड़

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र सीट से भाजपा प्रत्याशी कौन बनाया जायेगा, आगामी 9 मार्च को इससे पर्दा हट सकता है। बता दें कि अभी कुछ दिन पूर्व भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी हुई है,जिसमें कैसरगंज से लोकसभा प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं हुआ है और टिकट होल्ड पर रखा गया है। लोगों की मानें तो इस दौड़ में दो वर्तमान विधायक सहित अन्य दिग्गज टिकट पाने की दौड़ में शामिल हैं। टिकट के मुख्य दावेदारों में छठवीं बार संसद पहुंचे कैसरगंज के मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह, कर्नलगंज के विधायक अजय सिंह जो पहले प्रमुख,उसके बाद विधायक चुने गए हैं तो तरबगंज से दूसरी बार विधायक चुने गए प्रेम नारायण पाण्डेय सहित अन्य दिग्गजों का नाम शामिल बताया जा रहा है। इन दिनों सभी दिग्गज ऐंड़ी चोटी तक जोर लगाते हुए प्रदेश मुख्यालय से लेकर दिल्ली तक गणेश परिक्रमा करने में जुटे हुए हैं। अब पार्टी किस पर अपना भरोसा जताती है किसे अपना प्रत्याशी बनाएगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा। सूत्रों की मानें तो आगामी 9 मार्च को इससे पर्दा हट सकता है। कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का प्रत्याशियों की पहली सूची में नाम ना आने से क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं और कयास लगाये जा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि गोण्डा से दो बार विधायक रह चुके सांसद पुत्र प्रतीक भूषण सिंह या कोई अन्य भी पार्टी प्रत्याशी हो सकता है। फिलहाल कैसरगंज सीट से भाजपा प्रत्याशी को लेकर आज कल चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है।

# हम सबको अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए: कथावाचक



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** शहर के बंजारीमोड पश्चिम रामराम कालोनी पर चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पंडित जगदीश जी महाराज ने शुक देव के जन्म की कथा सुनाई? उन्होंने कहा कि भगवत के प्रधान वक्ता शुक देव है।

प्रधान श्रोता परिक्षित है। उन्होंने कथा में बताया कि कुंती ने श्री कृष्ण से वरदान के रूप में दुख मांगा, क्योंकि दुःख में प्रभु की याद बनी रहती हैं।

सुख के माथे सिल पड़े जो हरि हृदय से जाये,बलिहारी वो दुख की जो पल-पल याद कराए। उन्होंने समझाया कि करनी का फल तो भोगना ही पड़ेगा। द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण ने द्वारिका में आने पर सर्व प्रथम अपने माता-पिता को प्रणाम कर यह संदेश दिया कि हम सबको अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। श्रोताओं ने श्रीमद्भागवत का खूब आनंद उठाया।

इस मौके पर मुख्य यजमान दुर्गा प्रसाद अवस्थी, बृजेंद्र अवस्थी,संजय द्विवेदी, लक्ष्मीकांत त्रिवेदी, नरेन्द्र सोनी, कृष्ण कुमार सिंह,राजू गुप्त, लालजी जायसवाल समेत श्रोता मौजूद रहें।

# मरीजों के लिए काल बने डॉ.माधुरी व अमित त्रिपाठी

- जरा सी लापरवाही ने उजाड़ दिया हंसता खेलता परिवार



डॉक्टर अमित त्रिपाठी और माधुरी त्रिपाठी



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिला महिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर माधुरी त्रिपाठी व अमित त्रिपाठी बहराइच रोड कुंवर टॉकीज के बगल जानकीनगर में स्थित में अपना एक निजी नर्सिंग होम चला रहे हैं।और दोनों पति-पत्नी जिला महिला अस्पताल में डॉक्टर हैं।

इस बार जिले के परसपुर पसका निवासी अवधेश सिंह जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर और सहारा हॉस्पिटल के डॉ.माधुरी त्रिपाठी और अमित त्रिपाठी का शिकार हुए हैं। पैसों के लालच में ऐ दोनों महिला अस्पताल के डॉक्टर ने एक और महिला की जान ले ली है। इस तरह से दर्जनों आरोप चाहे उनके निजी अस्पताल सहारा हॉस्पिटल पर लगते रहे हो। या फिर जिला महिला अस्पताल में डॉ.माधुरी त्रिपाठी व अमित त्रिपाठी का है। जो खुद जिला महिला अस्पताल में तैनात हैं। गरीब और लाचार लोगों को बेहतर इलाज के नाम पर आशा बहुओं के जरिये फंसा कर अपने निजी अस्पताल में लेकर जाती हैं। जिससे मोटा पैसा कमाया जा सके कई मरीजों का यह हॉस्पिटल काल कोठरी साबित हुआ है। वहां पर मौजूद डॉ.अमित त्रिपाठी और डॉ.माधुरी त्रिपाठी को दिखाया तो उन्होंने जांच कराया और उसके बाद यहां से ऑपरेशन थिएटर में भेज दिया वहाँ पर मरीज गया फिर उसके कुछ ही देर बाद मरीज चिल्लाने लगी लेकिन जिला अस्पताल में डॉक्टर माधुरी त्रिपाठी ने बताया कोई दूसरा चिल्ला रहा होगा कुछ देर बाद परिजनों ने पूछा कि बच्चा कहां पर है। उसके कुछ देर बाद डॉक्टर अमित त्रिपाठी का जवाब आता है कि पहले पैसा जमा कराए चार हजार रूपये उसके बाद पीड़ित ने बताया कि हमारे पास चार हजार रुपए नहीं है मेरे पास सिर्फ पचीस सौ रूपये है और वह ले लीजिए पचीस सौ रुपए देने के बाद मरीज को लेकर आए तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था,फिर पीड़ित ने पूछा यह क्या हो रहा है।उसके तुरंत बाद डॉक्टर माधुरी त्रिपाठी और अमित त्रिपाठी ने मरीज को वहां से रेफर कर दिया और ना कोई कागज दिया प्राइवेट एंबुलेंस से डॉ.अमित त्रिपाठी ने एससीपीएम हॉस्पिटल भेज दिया वहीं पीड़ित ने बताया कि हमारी पत्नी को डॉ. माधुरी त्रिपाठी ने प्रसव पीड़ा के दौरान मारा-पीटा है। और वहां पर मौजूद सभी नर्सों ने पैसे की मांग की थी।

वही डॉक्टर माधुरी त्रिपाठी है जिसका सातिराना अंदाज यह है कि मरीज के परिजनों को इतना डरा दो कि वह अपनी जमीन जायदाद बेच कर अपने पेशेंट का इलाज करें घबराकर महिला के परिजनों ने सहारा हॉस्पिटल में एडमिट कराने को मजबूर हो जाए या जिला महिला अस्पताल में उपचार कराने ना आए उसे इतना डरा दो। वही माधुरी त्रिपाठी हैं जो सहारा हॉस्पिटल में आए दिन गरीब परिवारों के मरीजों के साथ मौत का तांडव किया जाता है।सिर्फ और सिर्फ अवैध तरीके से पैसा कमाने के चक्कर में डॉ.माधुरी त्रिपाठी के ऊपर कई बार इस तरह के आरोप लग चुके हैं।

# महिला दिवस पर मैजापुर चीनी मिल ने सिलाई मशीन का कराया वितरण



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनान्तर्गत बलरामपुर फांउडेशन द्वारा मैजापुर चीनी मिल प्रागंण में 110 उषा सिलाई मशीनों का वितरण जरूरतमन्द महिलाओं को जिलाधिकारी नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में बलरामपुर फांउडेशन, बलरामपुर (मैजापुर चीनी मिल) की ओर से पवन कुमार चतुर्वेदी व नरेन्द्र उपाध्याय सहायक महाप्रबन्धक (एचआर) आदिलोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सन्दीप अग्रवाल, मुख्य महाप्रबन्धक, मैजापुर चीनी मिल के द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जनमानस को बताया कि स्वर्गीय पदमश्री मीनाक्षी सरावगी संस्थापक, बलरामपुर चीनी मिल समूह के मानव जीवन उत्थान के सपने को साकार करते हुए बलरामपुर फांउडेशन, बलरामपुर के द्वारा लगातार कई वर्षों से क्षेत्र की जरूरतमन्द महिलाओं को सिलाई एवं कढाई का प्रशिक्षण हेतु लगभग 40 ग्रामों मे प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी परियोजना के अर्न्तगत किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षित महिलाओं को प्रत्येक वर्ष प्रशस्ति-पत्र एवं उषा सिलाई मशीन बलरामपुर फांउडेशन, बलरामपुर के द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है।

उषा सिलाई पाने वाली लाभार्थी रोशनी, श्रीमती मीना कुमारी, गुड़िया, राम कुमारी आदि के चेहरे उषा सिलाई मशीन पाते ही खिल उठे और महिलाओं ने बताया कि प्राप्त हुई उषा सिलाई मशीन से वह सिलाई एवं कढ़ाई कर अपना व अपने परिवार का जीवन यापन सुगम होगा। महिला लाभार्थी ग्राम विकरवा, सिंहपुर, पूरेमैदया, वीरपुर कटरा मंगरूही, नरायनपुर कलां, माधवपुर, उर्दीगोड़ा, बसन्तपुर, चहलवा चरेरा, शाहजोत, परसामहेशी, चौरी, बटौरा लोहांगी, संर्वागपुर, मैजापुर, चकसनिया, बमडेरा आदि ग्राम से थीं।

# तेंदुए ने खेत में काम कर रही बालिका पर किया हमला

**बहराइच। समृद्धि न्यूज।** जंगल से सटे रमपुरवा बनकटी गांव निवासी एक बालिका मां के साथ खेत में



गुरुवार को काम कर रही थी। तभी जंगल से निकलकर आए तेंदुए ने बालिका पर हमला कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमपुरवा के मजरा बनकटी निवासी 11 वर्षीय रंजना पुत्री शेर बहादुर अपनी मां ऊषा के साथ गुरुवार दोपहर को गेंहू के खेत से घास काटने गयी थी। इस दौरान खेत में छिपे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया तभी बेटी को बचाने के लिए मां तेंदुए से भिड़ गई। इस पर तेंदुआ मौके से भाग गया लेकिन तेंदुए के हमले में बालिका घायल हो गई। मां की चीख पुकार सुनकर गांव के लोग लाठी डंडा लेकर दौड़े, इस पर हमलावर तेंदुआ जंगल से सटे खेत में छिप गया। ग्रामीणों के द्वारा तत्काल सूचना सुजौली रेंज के वन दरोगा अनिल कुमार को दी गई। मौके पर वनकर्मी मोहम्मद उमर, वाचर विकास राजपूत और बेफई पहुंचे और बालिका का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली पर कराया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर आशीष गुप्ता व फार्मासिस्ट महेश्वरी प्रसाद शुक्ला ने इलाज किया। बालिका की हालत खतरे से बाहर है।

## खबरें एक नजर में

### विश्व हिंदू बजरंग दल विभाग कार्यालय पर हुई शोक सभा

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के संगठन परिवार के रवि मोदनवाल के आकस्मिक निधन पर शोक सभा के कार्यक्रम में रवि मोदनवाल द्वारा संगठन में किए गए कार्यों का हिंदुत्व के लिए हमेशा निष्ठा पूर्वक समर्पण के विषय चर्चा हुई तत्पश्चात संगठन के पदाधिकारी द्वारा 2 मिनट का मौन रहकर शोक सभा समापन हुआ विभाग कार्यालय बजरंग दल जानकी नगर गोंडा आयोजित किया कार्यक्रम में उपस्थित विभाग संयोजक शारदा का पांडे देवनारायण तिवारी सुनील दुबे गगन मिश्रा राजदेव शुक्ला शुभम विश्वकर्मा आकाश सागर पंकज केसोराम बृजेश शिवराम उत्तम सिंह शिवराम आदि।

### परीक्षा देने गए छात्र सड़क हादसे में घायल, एक की मौत

**कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** परीक्षा देने गए एक छात्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई तथा गंभीर रूप से घायल तीन युवकों का इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज क्षेत्र के गयादीन सिंह इण्टर कॉलेज से बुधवार को परीक्षा देकर तीन छात्र बाइक से आ रहे थे तभी रामपुर चौराहे के पास कर्नलगंज की तरफ से जा रहे एक बाइक सवार से टक्कर हो गई जिसमें चार लोग घायल हो गए,सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया वहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा चारों घायलों को गोण्डा रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। वहीं तीन लोगों का इलाज चल रहा है।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बहराइच मेडिकल कॉलेज में श्रावस्ती के इकौना क्षेत्र निवासी एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की मां ने दहेज के लिए पति पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। कोतवाली नगर की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के रनियापुर गांव निवासी मीरा देवी (21) का विवाह श्रावस्ती जनपद के इकौना थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी सुशील के साथ हुआ था। मीरा देवी की मां माया देवी का कहना है कि उसकी बेटी को पति सुशील नंद तारा देवी और बड़ी जेठानी दहेज के लिए प्रताड़ित कर रही थी। बुधवार शाम को दामाद ने फोन करके बताया कि जहर देकर मार दो बाकी हम निपट लेंगे जिस पर इन सभी ने जहर खिला दिया गंभीर हालत में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल बहराइच जफर किया गया। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई, जिस पर कोतवाली नगर के पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**




नेहरू युवा केन्द्र गोण्डा के तत्वावधान में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के विज्ञान परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह एमएलसी, अजीत सिंह जिला अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ, प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र पाण्डेय , प्रो. जितेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर, स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पर्पित कर किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंजू सिंह ने युवाओं को शिक्षित होकर राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ने की बात कही। इसी प्रकार अजीत सिंह ने कहा कि युवा आधुनिकता से जुड़कर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। डॉ रेखा शर्मा ने नारी शक्ति पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा आज हमारा राष्ट्र तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम को डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ स्मिता सिंह, डॉ स्मृति शिशिर , विनय श्रीवास्तव, डॉ प्रतिभा सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम संचालन वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में देश व समाज के विभिन्न मुद्दों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें विभिन्न विकास खण्डों के युवाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रिया शुक्ला प्रथम, श्रीजल द्वितीय तथा अनूपा यादव तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में प्रो0 ओंकार पाठक , प्रो0 डीके गुप्ता एवं पवन सिंह रहे। समारोह में डॉ श्याम बहादुर सिंह विभागाध्यक्ष बीएड , प्रो. श्रवण श्रीवास्तव , प्रो. संतोष श्रीवास्तव , डॉ शिशिर त्रिपाठी , डॉ देवनारायण पाण्डेय , योगेश त्रिपाठी , राजकुमार शुक्ला , सत्यनाम पाठक , कमल तिवारी सहित हज़ारों प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवकों की मौत, एक घायल

- घायल सीएचसी से मेडिकल कालेज रेफर, मृतक के परिजनों में कोहराम

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में बहराइच लखनऊ हाईवे के फखरपुर में संजय ढाबा के पास बुधवार देर रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। फखरपुर सीएचसी से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है । बौंडी थाना क्षेत्र के कोदही गांव निवासी 20 वर्षीय शिवपूजन पुत्र दत्ता चौहान के कैसरगंज इलाके में किसी रिश्तेदार के यहां शादी थी। वह बाइक से अपने दो अन्य साथियों 25 वर्षीय बलिंदे पुत्र राजू, 25 वर्षीय ननकऊ पुत्र सत्य प्रकाश के साथ कैसरगंज की ओर जा रहे थे। जैसे ही यह लोग फखरपुर थाने के बहराइच लखनऊ हाईवे के संजय ढाबा के पास पहुंचे। विपरीत दिशा से आ रहे किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही चालक वाहन सहित फरार हो गया है। मौके पर पहुंचे लोगों ने सभी घायलों को एंबुलेंस से फखरपुर सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद शिव पूजन, बलिंदे को मृत घोषित कर दिया। घायल ननकऊ को प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक करुणा शंकर पांडेय ने बताया कि सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज बहराइच भेजवा दिया गया था। इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# वनटांगिया महबूब नगर के ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के तहसील मिहीपुरवा में चुनाव बहिष्कार का मामला बढ़ता जा रहा है एक ओर जहां न्याय पंचायत आम्बा में 25 हजार की आबादी ने नेटवर्क की मांग को लेकर चुनाव बहिष्कार कर दिया है वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत हसुलिया के वन टांगिया गांव महबूब नगर के ग्रामीणों ने विकास से जुड़े कई मांगों को लेकर चुनाव बहिष्कार कर दिया है। गांव की जनसंख्या 3 हजार से अधिक है और मतदाताओं की संख्या यहां 17 सौ के करीब है। गुरुवार को गांव में स्थित धवरा बाबा मंदिर के प्रांगण में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। जिन्होंने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और हाथ में पोस्टर बैनर लेकर चुनाव बहिष्कार की बात कही है। गांव निवासी वन अधिकार समिति अध्यक्ष डॉ. देवनारायण वर्मा, सचिव लवकुश कुमार, रामचन्द्र, राम निवास, अमरीका प्रसाद, कमला प्रसाद, पालेलाल, छोटेलाल, गणेशगिरी, राजकुमारी, ऊषा गिरी, रिंका, सावित्री देवी, नीलम वर्मा ने बताया कि उनका गांव वन टांगिया गांव है जिसे अभी तक राजस्व गांव का दर्जा नही मिला है। जबकि पात्रता सूची में गांव के 144 लोगों कर नाम दर्ज है जिन्हें अभी अधिकार पत्र नही मिला है साथ ही गांव में सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है और गांव में किसी भी व्यक्ति को परिवार रजिस्टर में नाम नही दर्ज है।

ग्रामीणों ने स्वच्छ पेयजल, परिवार की नकल व पात्रता सूची में नाम दर्ज होने वाले 144 लोगों को अधिकार पत्र दिए जाने की मांग की है। ग्रामीणों के सौ से अधिक ग्रामीणों ने अपनी मांगों को जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री को पत्र रजिस्ट्री किया है जिसमें उन्होंने मांग पूरा न होने पर वोट न डालने की बात कही है।

# कब और कितने बच्चे चाहिए यह निर्णय महिला का अधिकार



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को जरवल ब्लॉक के 10 ग्राम पंचायतों में महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रजनन स्वास्थ्य महिलाओं का मूल अधिकार विषयक कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम जरवल ब्लॉक में मोबियस फाउंडेशन की सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा चलाये जा रहे उम्मीद परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। उम्मीद परियोजना व उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बंभौरा ,सपसा, महुरीकला, बिराहिमपुर, हरवां टांड, खनेटा,रुदाइन,भौली,सखौता एवं ,करनई में 1500 से अधिक महिलाओं के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसका विषय प्रजनन स्वास्थ्य महिलाओं का मूल अधिकार था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 अनुराग ने बताया कि प्रजजन स्वास्थ्य हर महिला का भारतीय संविधान द्वारा दिया गया वो अधिकार है जिसमें समानता एवं शिक्षा का अधिकार, सही उम्र में विवाह का अधिकार, परिवार नियोजन अपनाने का अधिकार, महिला को बच्चा कब और कितना चाहिए ये निर्णय लेने का अधिकार, सुरक्षित गर्भसमापन का अधिकार व हिंसा मुक्त एवं पोषणयुक्त खुशहाल जीवन जीने का अधिकार शामिल है।

पहल

## मौन रख कर डॉ. मोहम्मद आलम सरहदी को दी गई श्रद्धांजलि

# कानून एवं शान्ति व्यवस्था जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकताः डीएम

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में आसन्न त्यौहारों महाशिवरात्रि, होलिका दहन, रंगों का पर्व होली एवं ईद त्यौहार को सौहाद्रपूर्ण पूर्ण वातावरण में शान्ति पूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित जिला शान्ति समिति की बैठक अत्यन्त सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई जिसमें जिला प्रशासन के साथ साथ मौजूद सभी संभ्रान्त नागरिकों ने आशा व्यक्त की कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद में होली का त्यौहार मिसाली भाई-चारे के साथ मनाया जायेगा। डीपीआरओ व नगर निकायों के ई.ओ. को निर्देश दिये गये कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व फागिंग इत्यादि कराई जाय। विशेषकर धार्मिक स्थलों, होलिका दहन स्थलों, घाटों तथा जुलूस मार्गों इत्यादि पर विशेष प्रबन्ध किये जाएं। डीएम ने धर्म गुरूओं से अपील की कि पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें इससे ऐसे स्थलों की राउण्ड-द-क्लाक निगरानी हो सकेगी। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने कहा कि जिस सौहार्द पूर्ण वातावरण में मीटिंग हुई है उससे निःसन्देह जिला प्रशासन के हौसले बुलन्द होंगे। एसपी ने सभी से अपील की कि जनपद की गंगा-जमुनी तहज़ीब को कायम रखते हुए आगामी त्यौहारों को मिसाली भाई-चारे व परम्परागत ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि जिले में त्यौहारों के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। एसपी ने कहा कि कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग व सतर्क है। सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर नज़र रखी जा रही है। अराजकता फैलाने व कानून एवं शान्ति व्यवस्था से खिलवाड करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि त्यौहारों के दौरान सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। होली समिति के 'अध्यक्ष दीपक सोनी उर्फ दाऊजी ने सभी मौजूद लोगों को होली की बधाई देते हुए जिला प्रशासन से होलिका दहन स्थलों पर समुचित साफ-सफाई, प्रकाश एवं जल की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएं जाने का सुझाव दिया। इसी प्रकार पूर्व अध्यक्ष न.पा.परि. बहराइच तेजे खॉ, मौलाना मुहीउद्दीन कादरी, ज़फर उल्लाह खां बन्टी, कुलभूषण अरोड़ा सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए धर्मगुरूओं व संभ्रान्तजनों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। जबकि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल ने आश्वस्त किया कि त्यौहारों के अवसर पर साफ-सफाई, जलापूर्ति व पथ प्रकाश के माकूल बन्दोबस्त किये जायेंगे। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, सम्बन्धित विभागीय अधिकारी, धर्मगुरू, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। बैठक में पीस कमेटी के सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ मोहम्मद आलम सरहदी को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की गयी।

# फर्जी पत्रकार आएंगे जिला प्रशासन की रडार पर

## समाज और सरकारी कर्मचारियों को भी ब्लैकमेल करते हैं फर्जी पत्रकार, पत्रकारों की होनी चाहिए एलआईयू जांच



सुशील सिंह

रायबरेली। पत्रकारिता एक ऐसी सेवा है जो निस्वार्थ भाव से करनी चाहिए। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है, जो गरीबों और असहाय लोगों की आवाज उठाता है। उनकी आवाज के आगे बड़ी-बड़ी सरकारे तक हिल जाती हैं आज जब भी कोई व्यक्ति समाज में उपेक्षित किया जाता है,परेशान किया जाता है तो वह अपनी आवाज उच्च अधिकारियों और सरकारों तक पहुंचाने के लिए पत्रकार का ही सहारा लेता है क्योंकि उसे लगता है कि पत्रकार हमारी आवाज बनेंगे और उनके माध्यम से हमें न्याय मिलेगा। मगर आज के इस आधुनिक युग में सोशल मीडिया का बोलबाला है और सभी अपने आप को पत्रकार समझते हैं। इस सोशल मीडिया को हथियार बनाकर कुछ लोग पत्रकारों की गरिमा को भी तार तार कर रहे हैं उनके द्वारा लोगों को डरा धमका कर अवैध वसूली की जाती है वही आमजन मानस की माने तो आज के दौड़ में जिले भर में ठगी व वसूली का एक नायाब धंधा बना लिया गया है। कुछ लोगों के द्वारा पत्रकारिता की आड़ में अवैध वसूली की जा रही है। जिले में फर्जी पत्रकारों की बाढ़ आ गई है। समय रहते अगर अधिकारी नहीं चेते तो फर्जी पत्रकारों के द्वारा अवांछनीय घटनाओं को अंजाम दिया जाने लगेगा, जिसका परिणाम आम नागरिकों को भुगतना पड़ सकता है। आज के दौर में तथाकथित पत्रकारों की बाढ़ आ गई है जो पत्रकारिता जैसे एक पवित्र पेशे को बदनाम किया जा रहा है।

**...क्या कहना है वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार अजीत सिंह का:** रायबरेली मीडिया क्लब के वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार अजीत सिंह का कहना है कि जिला प्रशासन को ऐसे फर्जी पत्रकारों पर रोक लगानी चाहिए जिला प्रशासन के पास पूरी मशीनरी है जिला जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले में फर्जी पत्रकारो की जांच करवानी चाहिए क्योंकि ये फर्जी पत्रकार कहीं ना कहीं पत्रकारिता जैसे एक पवित्र पेशे को बदनाम कर रहे है। वहीं इन पत्रकारों के द्वारा जिला प्रशासन और सरकार की छवि को भी धूमिल किया जा रहा है ऐसे पत्रकारों की जांच करवा के उनके ऊपर कार्रवाई करनी चाहिए। यही नहीं ऐसे पत्रकारों का पुलिस वेरीफिकेशन भी करवाना चाहिए साथ ही उनकी क्वालिफिकेशन की भी जांच करवानी चाहिए।

**...क्या कहना है नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश मिश्रा का:** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष और प्रदेश मंत्री वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश मिश्रा का कहना है कि जिला प्रशासन को ऐसे पत्रकारों पर रोक लगानी चाहिए क्योंकि कहीं ना कहीं ये पत्रकारिता जैसे पेशे को बदनाम कर रहे हैं यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन और पत्रकार संघटनो को आगे आना चाहिए और सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे पोर्टलों पर भी लगाम लगवाने का काम करना चाहिए और ये तभी संभव है जब पत्रकार संगठनों के वरिष्ठ जिम्मेदार लोग और जिला प्रशासन आगे आयेगा।

**क्या कहा जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने:** जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने कहा कि जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराया जाएगा और ऐसे पत्रकार जो फर्जी है सरकार और जिला प्रशासन की छवि को धूमिल कर रहे हैं जांच करवाने के उपरांत उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने विश्वकर्मा योजना की प्रगति को परखा



रायबरेली। समृद्धि न्यूज

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारो को इससे जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। कारीगरों और शिल्पकारों को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही, उनके कौशलों को निखारने के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी।


उनकी क्षमता और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करना सिखाया जाए। उन्होंने ने कहा कि इसमें इच्छुक लाभार्थियों को बिना किसी सिक्युरिटी के ऋण और ब्याज छूट के साथ ऋण प्रदान करने का प्रावधान होगा। इसके अलावा, डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और नए अवसरों के लिए मदद करने हेतु ब्रांड प्रचार और बाजार लिंकेज के लिए एक मंच प्रदान किया जाए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके काम को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। अतः अधिक से अधिक पात्र लोगों को इससे जोड़ा जाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन के अतिरिक्त अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) की बैठक सम्पन्न हुई। जिला समिति समिति के समक्ष प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य द्वारा मछुआ कल्याण कोष अन्तर्गत एकल आवास सहित मछुआ आवास निर्माण हेतु मछुआ समुदाय के पात्र आवेदकों का चयन एवं मछुआ बाहुल्य ग्रामों में अवसंचरात्मक सुविधा अन्तर्गत सोलर स्ट्रीट लाइट व हाई मास्क लाइट लगाये जाने हेतु ग्रामों का चयन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा मछुआ कल्याण कोष अन्तर्गत एकल आवास सहित मछुआ आवास निर्माण हेतु मछुआ समुदाय के पात्र आवेदकों के चयन एवं एवं मछुआ बाहुल्य ग्रामों में अवसंचरात्मक सुविधा अन्तर्गत सोलर स्ट्रीट लाइट लगाये जाने हेतु ग्रामों का चयन का अनुमोदन एवं मछुआ आवास हेतु पात्र आवेदकों की सूची का रेण्डमाइजेशन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी उपस्थित रहे।

# 10000 दोगे तो धाराएं हल्की हो जाएंगी..., रिश्वत मांगने वाले दरोगा को एसपी ने किया लाइन हाजिर



सलोन सीओ वंदना सिंह ने बताया कि सलोन नसीराबाद थाना क्षेत्र में एक उपरीक्षक द्वारा बात चीत करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसकी जांच मेरे द्वारा करके पुलिस अधीक्षक द्वारा को भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उप निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया और विधि कार्रवाई प्रचलित है।
**वंदना सिंह, सीओ सलोन**

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

एसपी के सख्त हिदयात के बावजूद जिले की खाकी अपनी कारनामों को लेकर अपने ही विभाग की किरकिरी कराने में पीछे नहीं हट रहे है। दो दिन पूर्व नसीराबाद थाना में तैनात एक दरोगा के रिश्वत मांगने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। वायरल वीडियो की जांच सीओ सलोन वंदना सिंह द्वारा की जा रही थी। सीओ की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसपी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है।नसीराबाद थाने में तैनात दरोगा जागेश्वर त्रिपाठी अवैध लकड़ी कटान को लेकर दर्ज एक मुकदमे में विवेचक हैं। वायरल वीडियो में दरोगा आरोपी लकड़ी ठेकेदार को बुलाकर मुकदमे में सौदेबाजी कर रहे थे। ठेकेदार से विवेचक कहता दिखाई दे रहा है कि दस हजार दोगे तो धाराएं हल्की होंगी और नहीं दोगे तो चोरी की एक धारा और बढ़ जायेगी। इसी बीच किसी ने पूरी बातचीत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसपी ने जांच बैठाई थी। जिस पर सीओ ने अपनी रिपोर्ट एसपी को सौपी थी,उधर एसपी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर जांच शुरू कर दी है।

# महाराष्ट्र पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

शिवगढ़, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

थाना क्षेत्र अंतर्गत से महाराष्ट्र की भुइंज पुलिस टीम ने विभिन्न अपराधों में संलिप्त रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर वास्ते रिमांड के लिए रायबरेली न्यायालय के समक्ष पेश किया महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों रुपए भी बरामद किए पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र के सतारा जिले भुईंज थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 72/2024 धारा 379/34 से संबंधित दो अभियुको को गुरुवार को शिवगढ़ थाना क्षेत्र से भुईंज पुलिस ने गिरफ्तार किया विदित हो की दोनो अभियुक्त शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों के रहने वाले हैं अभियुक्त हसन मोहम्मद पुत्र जुम्मन उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी भवानीगढ़ कस्बा शिवगढ़ जनपद रायबरेली दूसरा अभियुक्त इस्तियाक अहमद पुत्र जान मोहम्मद उम्र लगभग 21 वर्ष निवासी पड़ारिया थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली को महाराष्ट्र के सतारा जिले की भुइंज पुलिस टीम ने शिवगढ़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर दोनो अभियुक्तों के पास से 83 लाख रुपए बरामद करते हुए दोनों को हिरासत पुलिस लेकर वास्ते ट्रांजिट रिमांड न्यायालय रायबरेली में पेश किया।

वहीं गिरफ्तार करने वाली भुईंज पुलिस टीम में उप निरीक्षक विशाल भंडारे, कांस्टेबल 209 सोमनाथ बल्लाल , कांस्टेबल 2425 रविराज वर्णेकर, कांस्टेबल 9612 सागर मोहित मौजूद रहे।

## अन्नदाताओं को मुफ्त बिजली की सौगात, कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण

रायबरेली। किसानों को सिंचाई के लिये मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंद्रा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ से किया। जिसका सीधा प्रसारण एनआईसी रायबरेली में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने ऊर्जा और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसानों की खेती की लागत कम करना है तो सिंचाई पर ध्यान देना होगा। यह तभी संभव है जब किसानों की बिजली पर निर्भरता कम किया जाए। इसके लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 1 अप्रैल 2023 से अब तक किसानों की बिजली का बिल माफ किया।उन्होंने ने कहा कि इससे किसानों का बोझ कम होगा और उनका मान सम्मान बढ़ेगा। किसानों के घरों मे खुशहाली पहुचेगी। प्रदेश के अन्नदाता किसानों के लिए डबल इंजन की सरकार ने लगातार कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन को धरातल पर उतारने के लिए आज मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि उप्र देश का हृदय स्थल है यहाँ की भूमि बहुत ही उपजाऊ है। सबसे अधिक खाद्यान्न का उत्पादन उत्तर प्रदेश करता है। किसानों के प्रति हम सब की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। पीएम कुसुम योजना को इसी संदर्भ में देखा जा सकता है।



## आग लगने लाखों का सामान स्वाहा

रायबरेली। अचानक साथ सर्किट से एक घर में भीषण आग लग गई घर के अंदर रखा हुआ लाखों रुपए का सामान देखते ही देखते जलकर खाक हो गया सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हैं। आपको बता दे कि गुरुवार को करीब 3:00 बजे रायबरेली जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत रही ग्राम स्थित यहां के रहने वाले फूलचंद मौर्य के मकान में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई आग लगने से मौके पर अफ़रा तफरी मच गई तेज हवाओं के चलते आग में विकराल रूप ले लिया और घर में रखा सारा सामान धू धू कर जलने लगा।घर में मौजूद लोगों ने किसी तरह से आग की लपटों से मवेशियों को बाहर निकाल कर अपनी व मवेशियों की जान बचाई आग लगने की घटना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा किसी तरह से ग्रामीणों की मदद से आप पर काबू पाया गया लेकिन तब तक घर में रखा हुआ लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मी ने बताया कि आज पर काबू पा लिया गया है।किसी तरह की कोई जनहानि नही हुई हैं।

## आज से श्री राम कथा एवं श्री कृष्ण रासलीला कार्यक्रम का होगा आयोजन

महराजगंज,रायबरेली। श्री राम कथा एवं श्री कृष्ण रासलीला का कार्यक्रम 8 मार्च 2024 से 10 मार्च 2024 तक समय दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक बाबा मनीरामदास महाराज कुटी ग्राम पारा खुर्द निकट ओसहा चौराहा रायबरेली में होना है जिसमें कथा व्यास मानस किंकर महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता विश्व वैदिक धर्म संघ अयोध्या धाम के द्वारा कथा कही जाएगी। वही रासलीला मथुरा वृंदावन समय 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक होना सुनिश्चित हुआ है बाबा मनीरामदास सनातन ग्राम उत्सव समिति पारा कुटी रायबरेली ने निवेदन करते हुए भक्तों से अपील की है कि विशाल भंडारा 11 मार्च 2024 दिन सोमवार को होगा जिसमें पहुंचकर सभी भक्त भगवान का प्रसाद ग्रहण कर अपने आप को पुण्य का भागीदार बनाएं।

# एनटीपीसी की ऐश पाइप लाइन फटी , खेतों मे भरा पानी

## किसान बोले, जल भराव के कारण उनकी फसलों में उगड़ा रोग लग जाएगा जिसकी वजह से पैदावार प्रभावित हो जाएगी

ऊंचाहार, रायबरेली। समृद्धि न्यूज



एनटीपीसी संयंत्र क्षेत्र से रायपुर गांव स्थित ऐश पांड को जाने वाली राख की पाइप लाइन फट गई है। जिससे राख युक्त पानी ने आसपास के खेतों में जमकर तबाही मचाई है। कई बीघे खेत में खड़ी फसल राख में डूबकर बर्बाद हो गई है।

ज्ञात हो कि एनटीपीसी संयंत्र क्षेत्र से पानी युक्त राख पाइप लाइन से अरखा गांव और रायपुर गांव स्थित ऐश पांड में पाइप लाइन द्वारा निकाला जाता है। जहां से राख ट्रक व डंफर द्वारा विभिन्न एजेंसियों और सड़क निर्माण हेतु भेजा जाता है। पाइप लाइन में तेज प्रेसर द्वारा राख का प्रवाह होता है। प्रेसर की गति एक हजार किमी प्रति घंटा से अधिक होती है। इस प्रेसर के कारण बुधवार की देर शाम मनीराम पुर शारदा सहायक नहर पुल के पास इस पाइपलाइन की एक पाइप में रिसाव शुरू हो गया, और इसका आकार बढ़ता गया। नतीजा यह हुआ कि तेज धार से कीचड़ राख युक्त पानी पाइप से निकलकर खेतों में भरने लगा। प्रेसर इतना तेज था कि उसे रोकना किसानों के बस के बाहर था। परिणाम स्वरूप किसान बेबस होकर अपनी फसल की बरबादी देखते रहे। जिसके कारण बीकरगढ़ निवासी किसान प्रधान राजेन्द्र, रतीराम, देवनाथ पटेल, राजेश कुमार, जगन्नाथ, माता बदल, हरिश्चंद, अमृतलाल, राजेश कुमार, श्रीमती, ममता समेत पचासों किसानों के खेतों में तैयार गेहूं, सरसों की फासलों में जल भराव हो गया। गुरुवार की सुबह तक आसपास के खेत में पानी ही पानी नजर आ रहा था। किसानों ने इसकी सूचना एनटीपीसी अधिकारियों को दी, किंतु कोई मौके पर नहीं पहुंचा है। किसानों का कहना है कि जल भराव के कारण उनकी फसलों में उगड़ा रोग लग जाएगा। जिसकी वजह से पैदावार प्रभावित हो जाएगी। एनटीपीसी परियोजना की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, जल्द ही पाइपलाइन को बंद करा कर मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

## ऋण लेने वाले लाभार्थी 20 मार्च तक किस्ते करें जमा: मोहन त्रिपाठी

रायबरेली। जूम मीटिंग के माध्यम से आहूत बैठक में प्रबन्ध निदेशक, उप्र अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम लखनऊ के द्वारा उप्र अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम टर्म लोन/मार्जिन मनी/ब्याज रहित एवं शैक्षिक योजना के अन्तर्गत स्वीकृत ऋण की वसूली नगण्य होने पर रोष व्यक्त करते हुए विशेष वसूली अभियान चलाकर वसूली करने के निर्देश दिये गये है। जिला प्रबंधक उप्र अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने उपरोक्त के क्रम में ऋण लेने वाले सभी लाभार्थियों को सूचित किया है कि जिन्होने अपने ऋण की किश्तें नियमित रूप से न जमा की हो अथवा उनकी कई किस्ते जमा करने हेतु बकाया हो वह अपनी समस्त बकाया किस्तो की धनराशि 20 मार्च 2024 तक अनिवार्य रूप से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर रायबरेली में किसी भी कार्य दिवस में आकर जमा कर दें।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



रायबरेली। समृद्धि न्यूज

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा की अध्यक्षता में विकासखंड राही सभागार में आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाए तभी सशक्त होंगी जब वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगी। हमे संविधान और कानूनों के माध्यम से अनेक अधिकार दिए है। उनमें से एक है मतदान का अधिकार। हम सभी को ज्यादा से ज्यादा मतदान करना चाहिए ताकि सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके। इस अवसर पर महिला थानाध्यक्ष द्वारा महिलाओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी। उन्होंने ने कहा कि हमे सभी अधिकारो की प्राप्ति मतदान से ही प्राप्त होती है। अतः हमे मतदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में सीएमएस रेनू चौधरी, सीडीपीओ राही सुरेंद्र यादव, महिला कल्याण अधिकारी शेफाली सिंह, वन स्टाफ सेंटर मैनेजर आस्था सोनकर एवं आगनवाडी कार्यकत्री उपस्थित रही। अंत में संरक्षण अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

# नेहरू युवा केंद्र में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

विकासखंड अमावा में नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में जिला युवा अधिकारी गोपेश पांडे जी के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राणा बेनी माधव विद्यालय तकिया मचितपुर रायबरेली में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख भगौती सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर खेल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग कबड्डी वालीबाल रस्सा कशी खो खो का आयोजन हुआ कबड्डी बालक वर्ग में रसेहता की टीम ने बाजी मारी वहीं बालिका वर्ग में अमावा की टीम विजयी रही साथ ही वॉलीबॉल बालक वर्ग में जतुवा टप्पे बिझवन विजई रही।

### डॉ प्रेम शरण बने सीएचसी शिवगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक

शिवगढ़, रायबरेली। सीएचसी शिवगढ़ पर तैनात रहे डॉ प्रेम शरण को चिकित्सा अधीक्षक के पद पर पदोन्नति मिलने पर सीएचसी शिवगढ़ के सभी चिकित्सकों एवं उनके शुभचिंतकों ने सीएचसी शिवगढ़ पर पहुंचकर फूल माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी गौरतलब हो की गुरुवार को सीएचसी शिवगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनात रहे डॉक्टर अमित कुमार सिंह का तबादला सीएचसी बछरावां हो जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पर चिकित्सक के पद पर तैनात रहे डॉक्टर प्रेमशरण को चिकित्सा अधीक्षक के पद पर पदोन्नति मिल गई उनके पदोन्नति मिलने पर सीएचसी शिवगढ़ के चिकित्सकों एवं उनके शुभचिंतकों ने सीएचसी शिवगढ़ पर पहुंचकर फूल माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए डा प्रेम शरण ने कहा की शासन द्वारा चलाई जा रही लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा क्षेत्र के लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना ही हमारा प्राथमिक उद्देश्य है सीएचसी पर आने वाले मरीजों व तीमारदारों को अस्पताल में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने पाएगी।

## सूचना

समस्त ग्रामवासी ग्राम उमरन परगना व तहसील तिर्वा जनपद कन्नौज को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.03.2024 दिन शुक्रवार समय 11:00 बजे कंपोजिट विद्यालय उमरन में भूमि प्रबंधक सीमित उमरन की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है जिसमें ग्राम सभा उमरन के पात्र व्यक्तियों को कृषि भूमि आवंटन व आवासीय भूमि आवंटन का विचार किया जाएगा यह सूचना ग्राम प्रधान श्री बेचेलाल द्वारा दी गई है।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

डलमऊ, रायबरेली। रेलवे ट्रैक की तरफ सौं सॉच के लिए गए एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे लाल जी निवासी अमरेश उर्फ पप्पू लोधी उम्र 35 वर्ष गुरुवार सुबह कान्हा रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक की तरफ शौच के लिए गया हुआ था तभी उधर से गुजर रही शटल ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे और ट्रेन से काटकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई मृतक के छोटे भाई इंद्रेश आनंद ने बताया कि उसका भाई नशे का आदी था जिससे उसकी मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था सुबह शौच के लिए रेलवे लाइन की तरफ गया हुआ था तभी ट्रेन की चपेट में आ गया घटना से परिवारी जनों में कोहराम मच गया है कोतवाली प्रभारी पवन सोनकर ने बताया कि सॉच के लिए रेलवे ट्रैक की तरफ युवक गया हुआ था तभी ट्रेन की चपेट में आ गया शव को पीएम के लिए भेजा गया है।


## लखनऊ नगर निगम, लखनऊ
लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
टेली-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल- nnlko@up.nic.in

पत्र सं.: 387/मु.अ./23-24 **अति-अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 04.03.2024

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 12.03.2024 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 11.03.2024 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय के कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 4 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू. में | धरोहर धनराशि रू. में | कार्यपूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मुल्य जी0 एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजेन्द्र नगर वार्ड के अन्तर्गत राजेश टिम्बर से सिंघल भवन तक पेवर द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 846160 | 84616 | 1 माह | 846 | 152 | 998 |
| 2. | राजेन्द्र नगर वार्ड के अन्तर्गत अमूल कार्नर से केशव कल्याण मण्डप मुख्य मार्ग तक पेवर द्वारा सड़क का सुधार व म0न0 38 के सामने इण्टरलाकिंग मरम्मत का कार्य। | 419266 | 41927 | 1 माह | 419 | 75 | 495 |
| 3. | राजेन्द्र नगर वार्ड के अन्तर्गत म0न0 156 सातवां मार्ग पर एनीमल कैचर व टेबलटॉप बनाने का कार्य। | 125395 | 12540 | 1 माह | 125 | 23 | 148 |

**शर्तें** :- निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। शासनादेश संख्या-6738/23-7-06-176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 तक प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**


समस्या

## वैवाहिक सीजन में व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह से हो रहा चौपट

# जाम से जूझा मुराई बाग कस्बा, घंटो लगा रहा जाम

डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज



> मुराई बाग कस्बे में जाम की स्थिति तब और भैया हवा हो जाती है जब ट्रेन गुजरने के समय रेलवे गेट बंद होता है

मुराई बाग कस्बा इन दोनों जाम की भीषण समस्या से जूझ रहा है नित दिन लगने वाले भयंकर जा एम से स्थानीय व्यापारियों एवं राहगीरों को बड़ी समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है वैवाहिक सीजन होने के चलते व्यापारियों का व्यापार जहां पूरी तरह से चौपट हो रहा है।

वही जाम में फंसे राहगीरों को घंटो जाम खुलने का इंतजार करना पड़ता है मुराई बाग कस्बे में जाम की स्थिति तब और भैया हवा हो जाती है जब ट्रेन गुजरने के समय रेलवे गेट बैंड होता है। तथा स्कूलों में जब छुट्टी होती है उसे वक्त सड़कों पर पैर रखने की जगह भी नहीं बचती है गुरुवार की दोपहर लगभग 2:00 बजे के आसपास रेलवे गेट बंद होने के बाद कस्बे की प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी-लंबी कटारी लग गई जाम की ऐसी स्थिति के लिए क्षेत्री प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार है क्योंकि मुरई बागमुखी चौराहे पर पुलिस कर्मी या होमगार्ड की मौजूदगी ना होने से सड़कों पर तीतरबीत गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं जिसके चलते आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है।

जिसके कारण जाम भीषण रूप ले लेता है तब जाकर स्थानीय पुलिस कर्मचारी आते हैं और जाम खुला छुड़ाने में घंटा पसीना बहाते हैं जाम लगने का दूसरा बड़ा कारण सड़क की पुत्री पर अवैध रूप से अतिक्रमण एवं पटरी दुकानदारों का कब्जा होने से छोटे एवं दोपहिया वाहन नहीं निकाल पाते हैं और जाम खोलने में बड़ी समस्या होती है जाम की समस्या से छुटकारा पाने के लिए कई व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा बाईपास बनवाए जाने की मांग की गई और साथ में नगर क्षेत्र के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर नो एंट्री लगाए जाने की मांग की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## चुनौती भरी राह

यह हकीकत है कि पंजाब पर बढ़ते कर्ज के बोझ के बीच पेश वार्षिक बजट में राज्य सरकार ने लोकलुभावन घोषणाएं करने से परहेज किया है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं का खुलासा किया है। पंजाब की आप सरकार के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने संतुलन बनाने का प्रयास करते हुए राज्य के 2024-25 के बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य पर सरकार का ध्यान केंद्रित किया है। बजट का कुल परिव्यय दो लाख करोड़ से अधिक हो गया है। हालांकि, आम चुनाव के तरफ बढ़ते देश में नये कर लगाने से परहेज किया गया है। लेकिन राज्य की खस्ता आर्थिक स्थिति के बीच आप सरकार अपने चुनावी वादे के अनुसार 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये की राशि देने के मुद्दे पर निर्णायक पहल नहीं कर पायी। इस बाबत फैसले का पंजाब की महिलाएं बेसब्री से इंतजार कर रही थीं। हाल ही में हिमाचल की सुक्खू सरकार ने अपने राज्य में महिलाओं से किये गए ऐसे वादे के क्रियान्वयन की घोषणा कर दी है। पंजाब में यह उम्मीद इसलिये भी बढ़ गई थी क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में आप की ही सरकार ने ऐसी घोषणा को अपने बजट में शामिल किया है। उम्मीद थी कि पंजाब में भी ऐसी ही पहल होगी। बहरहाल, पंजाब की आप सरकार की इस बात के लिये सराहना की जानी चाहिए कि उसने राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य की देखभाल के लिये पर्याप्त बजट का प्रावधान किया है। स्कूल ऑफ एमिनेंस, स्कूल ऑफ ब्रिलिएंस तथा स्कूल ऑफ हैप्पीनेस की स्थापना की घोषणा निश्चित ही एक सराहनीय पहल है। इसी तरह मिशन समरथ, चिकित्सा शिक्षा में निवेश और राज्य के विश्वविद्यालयों को अनुदान की घोषणा निश्चित रूप से अकादमिक उत्कृष्टता के पोषण के लिये एक समग्र दृष्टिकोण का ही परिचायक है। इसी तरह आम आदमी क्लीनिक की स्थापना और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे में निवेश से ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। वहीं दूसरी ओर कृषि प्रधानता के लिये पहचान बनाने वाले पंजाब में किसानों से जुड़े मुद्दों को भी संबोधित किया गया है। इसमें ग्लोबल वार्मिंग के संकट के बीच फसल विविधीकरण और भूजल के लगातार बढ़ते संकट से जुड़े मुद्दों को भी आप सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। निस्संदेह, यह पहल राज्य में सतत विकास की दिशा में सार्थक प्रयास कही जाएगी। वहीं दूसरी ओर सरकार ने कभी खेलों का सरताज रहे पंजाब में खेलों को प्रोत्साहन की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। इसी कड़ी में खेल नर्सरी और खेल विश्वविद्यालयों के लिये वित्त पोषण जैसी पहल भी सराहनीय कदम है। लेकिन इसके बावजूद राज्य पर लगातार बढ़ता कर्ज संकट सरकार की गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए।

# नवंबर 2024-जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप में महामुकाबला होना तय

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**




**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं।वहीं, जो बाइडन को प्राइमरी चुनाव में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने अभी तक सभी डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में कामयाबी हासिल की। जिसका मतलब साफ है कि डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए बाइडन के सामने अन्य नेता मैदान में नहीं है। ऐसे में नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन के सामने ट्रंप एक बार फिर से देखे जा सकेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी में राष्ट्रपति बाइडन के सामने चुनौती न होने से उन्होंने सुपर ट्यूजडे में लगभग सभी नामांकन हासिल किए।**

वैश्विक स्तरपर भारत और भारतवंशियों का पूरी दुनिया में रुतबा बढ़ते जा रहा है, जिसे देखकर दुनियां हैरान है। हमने पिछले साल देखे थे कि कैसे ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने बॉस और अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऑटोग्राफ लेने की बात कही थी और एक अफ्रीकन राष्ट्रपति ने पीएम के पांव छुए। परंतु दिनांक 6 मार्च 2024 को सुपर ट्यूजडे में अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की होड़ में भारतवंशी निक्की हेली मजबूत प्रतिद्वंदी बनकर उभरी, वह अमेरिकी इतिहास में रिपब्लिकन प्राइमरी जीतने वाली पहली महिला भी बनी तथा भारतवंशी निक्की हेली ने वर्मोंट में प्राइमरी चुनाव जीतकर ट्रंप को चौंकाया था। 98 प्रतिशत वोटों की मतगणना के बाद यहां हेली को 49.9 प्रतिशत और ट्रंप को 45.8 प्रतिशत वोट मिले थे। हेली की वाशिंगटन डीसी के बाद यह दूसरी प्राइमरी जीत थी। चुंकि अब निक्की हेली सुपर ट्यूजडे में हार गई है, इसलिएअब अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव नवंबर 2024 में जो बिडेन और डोनाल्ड ट्रंप में महा मुकाबला होना तय है,इसलिए आज हम मीडिया मेंउपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय मूल की निक्की हेली सुपर ट्यूजडे में हारकर राष्ट्रपति चुनाव की भिड़ंत से बाहर हुई व जो बिडेन और डोनाल्ड ट्रंप में महा मुकाबला है।

साथियों बात अगर हम नवंबर 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के फाइनल उम्मीदवारी की करें तो अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं।वहीं, जो बाइडन को प्राइमरी चुनाव में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने अभी तक सभी डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में कामयाबी हासिल की। जिसका मतलब साफ है कि डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए बाइडन के सामने अन्य नेता मैदान में नहीं है। ऐसे में नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन के सामने ट्रंप एक बार फिर से देखे जा सकेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी में राष्ट्रपति बाइडन के सामने चुनौती न होने से उन्होंने सुपर ट्यूजडे में लगभग सभी नामांकन हासिल किए। लेकिन मिनेसोटा में 19 प्रतिशत मतदाताओं ने इजरायल के समर्थन पर बाइडन के विरोध में अप्रतिबद्ध वोट दिया। इसके अलावा अलबामा, कोलोराडो, आयोवा, मैसाच्युसेट्स, उत्तरी कैरोलिना और टेनेसी राज्यों में भी मतदाताओं ने अप्रतिबद्ध श्रेणी में वोट देकर अपना विरोध दर्ज कराया है। सुपर ट्यूजडे के चुनाव बाद ट्रंप के पास 893 डेलीगेट हो गए हैं, जबकि हेली को 66 डेलीगेट का समर्थन है। पार्टी उम्मीदवारी के लिए कम से कम 1215 डेलीगेट की जरूरत होती है। हेली की वाशिंगटन डीसी के बाद यह दूसरी प्राइमरी जीत है।

साथियों बात अगर हम भारतवंशी निक्की हेली के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में पब्लिक उम्मीदवार की दौड़ में बाहर होने की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की होड़ में शामिल रही भारतीय मूल की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने खुद को अब ह्वाइट हाउस की रेस से बाहर कर लिया। निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए अपना प्रचार अभियान बुधवार को रोक दिया। उन्होंने यह निर्णय 'द्यसुपर ट्यूजडे को 15 राज्यों की पार्टी प्राइमरी में हार के बाद लिया है। हेली के इस फैसले के साथ ही पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में एकमात्र प्रमुख उम्मीदवार रह जाएंगे। इस तरह नवंबर में होने वाले चुनाव में ट्रंप के सामने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन एक बार फिर 2024 चुनाव में होंगे। ऐसा तीसरी बार होने जा रहा है, जब लगातार तीसरी बार रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनेंगे। बता दें कि 'सुपर ट्यूजडे' की प्राइमरी के बाद ट्रंप (77) ने अपने एकमात्र रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी हेली (52) पर मजबूत बढ़त बना ली, जिन्होंने वर्मोंट प्रांत में जीत हासिल करके उन्हें पूर्ण बहुमत से वंचित कर दिया था। साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर हेली ने बुधवार को कहा, अब मेरा प्रचार अभियान रोकने का समय आ गया है। उन्होंने कहा,मैं चाहती हूं कि अमेरिकियों की आवाज सुनी जाए। मैंने वही किया है। मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैं अब उम्मीदवार नहीं रहूंगी, लेकिन मैं उन चीजों के लिए अपनी आवाज का इस्तेमाल करना बंद नहीं करूंगी जिनमें मैं विश्वास करती हूं। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत हेली तब ट्रंप की पहली मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरी जब फरवरी 2023 में उन्होंने राष्ट्रपति पद के चुनावी दौड़ में शामिल होने की घोषणा की। हेली ने इस बारे में अंतिम निर्णय नहीं लिया है कि वह ट्रंप का समर्थन करेंगी या नहीं। हेली के करीबी लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि ट्रंप का समर्थन करना उनके लिए अच्छा होगा क्योंकि उन्हें एक टीम के रूप में देखा जाएगा। अन्य लोग उसका समर्थन करने का तीव्र विरोध करते हैं। अपने अभियान के दौरान, हेली ने रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल प्राइमरी जीतने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रचा। वह डेमोक्रेटिक या रिपब्लिकन प्राइमरी में जीत हासिल करने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी भी हैं। पिछले तीन अन्य भारतवंशी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार 2016 में बॉबी जिंदल, 2020 में कमला हैरिस और 2024 में विवेक रामास्वामी एक भी प्राइमरी जीतने में असफल रहे थे।

साथियों बात अगर हम डोनाल्ड ट्रंप के जीतने की करें तो, भारतवंशी निक्की हेली को हराकर डोनाल्ड ट्रम्प ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने मार-ए-लागो में अपने रिसॉर्ट में सुपर ट्यूजडे को अमेरिका के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। ट्रम्प ने अपनी जीत पर रिसॉर्ट में एक पार्टी भी रखी। उन्होंने बाइडेन पर निशाना साधते हुए कहा कि देश को बचाने के लिए उन्हें ये चुनाव हर हाल में जीतना होगा।

**विचार**

# लोकतंत्र के एक और स्तंभ में दरार



**2017 में गढ़चिरौली की सत्र अदालत ने साईबाबा समेत पांच लोगों को कथित माओवादी संबंधों और देश के खिलाफयुद्ध छेड़ने जैसी गतिविधियों में शामिल होने के लिए दोषी ठहराया था। सरकार ने दावा किया था कि 2013 में साईबाबा के घर से जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में से कम से कम 247 पेज श्आपराधिकश् पाए गए थे, मई 2014 में प्रो.जीएन साईबाबा को गिरफ्तार किया गया, तीन साल बाद इस पर मामला चला और अदालत ने नक्सली साहित्य रखने और उसे बांटकर हिंसा फैलाने की कोशिश के आरोप में सजा सुनाई।**

बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस विनय जी. जोशी और जस्टिस वाल्मीकि एस. मेनेजेस की खंडपीठ ने माओवादियों से कथित संबंध के एक मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर 54 साल के जीएन साईबाबा को बरी कर दिया है। साईबाबा के साथ पत्रकार प्रशांत राही, महेश तिर्की, हेम केशवदत्त मिश्रा और विजय एन. तिर्की भी अब सभी आरोपों से मुक्त कर दिए गए हैं। जबकि इसी मामले में छठे आरोपी पांडु नरोटे इस इंसाफ की राह देखते हुए अगस्त 2022 में ही इस दुनिया से चले गए। उन्हें इतनी मोहलत भी नहीं मिली कि वे आजाद हवा में अपनी आखिरी सांस ले पाते।

2017 से जेल में बंद पांडु नरोटे बीमार हो गए थे, उन्हें इलाज की पूरी सुविधा नहीं मिली और कैद में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वैसे ही जैसे फादर स्टेन स्वामी अपने बुढ़ापे और बीमारी के साथ कैद की यातना भुगतते हुए इस दुनिया से रुखसत हो गए। राष्ट्रीय अपराध रिपोर्ट ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, पर्याप्त चिकित्सा उपचार की कमी के कारण हर साल करीब 2000 लोग जेल में जान गंवा देते हैं। इनमें कुछ दोषी भी होंगे, जो अपने अपराधों की सजा काट रहे होंगे, कुछ आरोपी होंगे जो इंसाफके इंतजार में बैठे होंगे और कुछ उमर खालिद की तरह भी होंगे, जिनकी रिहाई तो दूर की बात, जमानत पर सुनवाई तक के लिए अदालत के पास वक्त नहीं है। हर कोई गुरमीत राम रहीम जैसा ताकतवर तो नहीं होता है, जो हत्या और बलात्कार का दोषी होने के बाद 4 साल की जेल में 9 बार पैरोल पर बाहर आ सके। हमारी न्याय व्यवस्था जजों की कमी से जूझते हुए शायद इतना अधिक थक गई है कि वह यही तय नहीं कर पाई है कि समाज के लिए गुरमीत राम रहीम जैसे लोग ज्यादा घातक हैं, जो आध्यात्म की आड़ में हत्या, बलात्कार जैसे गंभीर अपराध करते हैं, या फिर वो लोग जो सरकार के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत रखते हैं, जो व्यवस्था में बदलाव के लिए क्रांतिकारी विचार रखते हैं। 2017 में गढ़चिरौली की सत्र अदालत ने साईबाबा समेत पांच लोगों को कथित माओवादी संबंधों और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसी गतिविधियों में शामिल होने के लिए दोषी ठहराया था। सरकार ने दावा किया था कि 2013 में साईबाबा के घर से जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में से कम से कम 247 पेज श्आपराधिकश् पाए गए थे, मई 2014 में प्रो.जीएन साईबाबा को गिरफ्तार किया गया, तीन साल बाद इस पर मामला चला और अदालत ने नक्सली साहित्य रखने और उसे बांटकर हिंसा फैलाने की कोशिश के आरोप में सजा सुनाई। 2022 में हाइकोर्ट ने गढ़चिरौली सत्र अदालत के उस फैसले को पलट दिया था। लेकिन तब हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य ने तुरंत सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जिसके बाद अक्टूबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के फ़ैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था और मामले की दोबारा सुनवाई करने की बात कही थी। अब एक बार फिर हाईकोर्ट ने साईबाबा समेत सभी को आरोपों से मुक्त करने का ही फैसला सुनाया है। इस मामले में इंसाफ नजर तो आ रहा है, लेकिन उसके साथ फिर वही पुराना सवाल चस्पां है कि क्या देर से मिले इस इंसाफको इंसाफकहा जा सकता है। न्यायालय की लंबी प्रक्रिया में दो साल तो इसी बात में गुजर गए कि साईबाबा को आरोपों से मुक्त करने का फैसला सही था या नहीं। इसलिए 2022 में अपने पक्ष में फैसला आने पर उन्हें बाहर आने के लिए दो साल इंतजार करना पड़ा। और उससे पहले 9 साल जो जेल में गुजारे वो अलग। 54 साल के साईबाबा व्हीलचेयर से चलते हैं और 99 प्रतिशत विकलांग हैं, जिन्हें श्री मोदी के प्रभाव में अपनाई गई शब्दावली के अनुसार दिव्यांग कहा जा सकता है। देश में दिव्यांगों के लिए जीवन सामान्य तौर पर भी नारकीय पीड़ा से भरा हुआ है, ऐसे में समझा जा सकता है कि जेल में 11 साल प्रो.साईबाबा ने किन कष्टों के साथ बिताए होंगे। जेल में उनके बिगड़ते स्वास्थ्य पर उनके परिजनों ने कई बार चिंता जाहिर की, सवाल उठाए, लेकिन न अदालत को, न सरकार को इन चिंताओं के बारे में सोचनु की फुर्सत मिली। वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने बिल्कुल सही सवाल उठाए हैं कि साईबाबा बरी कर दिए गए हैं, लेकिन कितने समय बाद? उनके स्वास्थ्य को जो नुकसान हुआ उसे कौन लौटाएगा? कोर्ट? शर्म करिए। कितने और लोगों को जमानत के लिए इंतजार करना होगा? लोगों की आजादी को जिस तरह खत्म किया गया, उस नुकसान की कीमत कौन चुकाएगा? ये गंभीर सवाल हैं, जिन पर न्यायपालिका को सोचना चाहिए। लेकिन जब न्यायपालिका में सियासत अपना असर दिखाने लगे तो क्या इन सवालों पर ईमानदारी से विचार होगा, यह एक बड़ी चिंता है। वो दौर शायद बीत गया है जब न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के बाद ऐसे किसी भी पद को स्वीकार नहीं करते थे, जिससे उनके सेवाकाल के दौरान लिए गए फैसलों पर उंगली उठे। अब ऐसी आलोचनाओं से बेपरवाह होकर किसी राजनैतिक दल का हिस्सा बनने से भी गुरेज नहीं किया जा रहा। जस्टिस रंजन गोगोई राज्यसभा के सदस्य बन गए और अब कोलकाता हाईकोर्ट के जज के पद से इस्तीफा देकर जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने भाजपा में शामिल होने का ऐलान कर दिया है।

# चुनाव नतीजों के बाद मुख्यमंत्रियों की पसंद पर ध्यान केंद्रित

**कल्याणी शंकर**

कड़े दल-बदल विरोधी कानूनों के बावजूद, विधायकों को पाला बदलने के लिए बड़ी रकम का प्रलोभन दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर जीतने वाली पार्टी की सरकार गिर जाती है। राजनीतिक दल सरकार छीनने के लिए जरूरी विधायकों को खरीदने के लिए भांति-भांति के हथकंडे अपनाते हैं। भाजपा अपनी सफलता से उत्साहित है और चिंतित भी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद नये मुख्यमंत्री कौन होंगे, इसे लेकर अटकलें तेज हैं। भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने एक राज्य में जीत हासिल की है। मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को हराकर जीत हासिल की है। हालांकि भाजपा ने उत्तर भारत में खुद को मजबूत कर लिया है, दक्षिण में उसे अभी भी पैर जमाना बाकी है। भाजपा की सफल चुनावी रणनीति ने उसके समर्थकों को एकजुट किया और आंतरिक संघर्षों को कम किया। संसद सदस्यों को उम्मीदवार के रूप में खड़ा करने से पार्टी को तीन प्रमुख राज्यों में आंतरिक तोड़फोड़ को कम करने में मदद मिली। अपने मजबूत स्थानीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस को तेलंगाना में बढ़त मिली। पार्टी को कई नेताओं के दलबदल से भी बहुत फायदा हुआ, जो इसे एक व्यवहार्य दावेदार के रूप में देखने लगे, खासकर कर्नाटक में इसकी सफलता के बाद। एक बार जब यह स्पष्ट हो गया कि यह सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) के लिए एक गंभीर चुनौती है, तो मतदाता कांग्रेस की ओर स्थानांतरित हो गये। भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की। दोनों पार्टियों को यह तय करना होगा कि स्थापित नेताओं को जारी रखना है या नये नेतृत्व की तलाश करनी है। कांग्रेस को तय करना होगा कि रेवंत रेड्डी को नियुक्त किया जाये या किसी नये चेहरे को। भाजपा के पास कई संभावित उम्मीदवार हैं, इसलिए मुख्य सवाल यह है कि नये नियमों को कैसे लागू किया जाये। भाजपा वसुन्धरा राजे, शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह जैसे पुराने नेताओं को चरणबद्ध तरीके से बाहर करने के पक्ष में है, जो अपनी पारी खेल चुके हैं। नये उम्मीदवारों का चयन करते समय एक अन्य महत्वपूर्ण कारक उनकी जाति है। जातियों का विविध मिश्रण आवश्यक है, इसे राजपूतों या अगड़ी जातियों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। साथ ही उनके प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्यों के लिए एक उपयुक्त उम्मीदवार चाहते हैं। हैट्रिक लगाने के लिए यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उदाहरण के तौर पर मध्य प्रदेश पर नजर डालते हैं। सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्रियों में से एक, शिवराज सिंह चौहान पद पर बने रहने के लिए तैयार हैं। मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान, चौहान ने जनता से उनकी राय भी मांगी कि क्या उन्हें निर्वाचित होने पर फिर से मुख्यमंत्री पद के लिए खड़ा होना चाहिए। मध्य प्रदेश में शीर्ष पद के लिए कई संभावित उम्मीदवार हैं। इनमें तीन केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रह्लाद पटेल शामिल हैं, जो कई विकल्प प्रदान करते हैं। पार्टी के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और कमल नाथ सरकार को गिराने में मदद करने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी संभावित उम्मीदवारों की सूची में हैं। राजस्थान में प्रमुख उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे होंगी। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और अश्विनी वैष्णव, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्री अर्जुन मेघवाल और महंत बालकनाथ भी दौड़ में हैं।

राजवर्धन राठौड़ राजपूत हैं और कई बार कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। सतीश पूनिया ने राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं जब पार्टी सत्ता से बाहर थी। 2023 की शुरुआत में, ब्राह्मण समुदाय से आने वाले दो बार के सांसद सी.पी. जोशी ने पूनिया की जगह राज्य भाजपा अध्यक्ष पद संभाला। गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, नई पीढ़ी के भाजपा नेता, राजस्थान में मुख्य मंत्री पद के संभावित उम्मीदवार हैं।

# महिला दिवस पर विशेषः हर जुल्म सह कर भी न घबरायी तू, हौसलों से भरी उड़ान है तू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनपद की महिलाओं ने अपने विचार रखे और कहा कि आज की महिलायें किसी से कम नहीं है। महिलाओं के सम्मान में हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। साल 1909 में पहली बार अमेरिकी सोशलिस्ट पार्टी ने राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का फैसला किया था। इस दिन दुनिया भर में लोग बिना जाति-पांति, भाषा, सांस्कृतिक और राजनीतिक भेदभाव की परवाह किये सब एकजुट होकर महिलाओं की बेहतरी के लिए कदम उठाते हैं व इस बारे में चर्चा करते हैं। इस दिन को हर जगह अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। कहीं महिलाओं को उपहार दिया जाता है, तो कहीं फूल और चॉकलेट। अपना वजूद भुलाकर हर किरदार निभाती है, यह वह देवी है जो घर को स्वर्ग बनाती है। दिलों में बस जाये वो मोहब्बत हूं, कभी बहन, कभी ममता की मूरत हूं, मेरे आंचल में है चांद सितारे, मां के कदमों में बसी एक जन्नत हूं। मां-बाप की आन है तूं, हर घर की शान है तूं, बेमानी से भरी इस दुनियां में ना डगमगाये वो ईमान है तूं, हर जुल्म सहकर भी न घबरायी तू, हौसलों से भरी उड़ान है तूं। आज की बेटियां व महिलायें दुर्गा व लक्ष्मी से कम नहीं। हर क्षेत्र में अपना मुकाम बनाने वाली महिलाओं ने अपना आयाम स्थापित कर बुलंदियों को छुआ है। लता मंगेशकर, पीटी ऊषा, मैरीकॉम, साइना नेहवाल, कल्पना चावला, बैंकिंग में चन्द्रा कोचर, महादेवी वर्मा आदि महिलायें किसी परिचय का मोहताज नहीं। अपने मूल्यों व परम्पराओं को निभाकर अपना नाम स्थापित किया है।

**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस**






समाजसेवी स्वेता दुबे

### महिला वह देवी है जो घर को स्वर्ग बनाती है: स्वेता

समाजसेवी स्वेता दुबे ने कहा कि पुरुष प्रधान देश में अपने अधिकारों को पाने के लिए लड़ने की भी आवश्यकता है। जरुरत पड़े तो मां की तरह दुलार करो, जब बात अधिकार की हो तो काली और दुर्गा बनकर संघर्ष करो, तभी आपको पहचान मिलेगी।



प्राचार्या डा0 शालिनी

### महिलाओं को सशक्त बनायें: डा0 शालिनी

प्राचार्या डा0 शालिनी ने कहा कि हर कार्य की अपनी पहचान होती है महिला भी बेटी, मां, बहन, शिक्षिका, डीएम, एसपी, समाज सेविका आदि रुपों में दिखती है। हम उन्हें उनके अधिकार दिलायें। हर क्षेत्र में अपना मुकाम बनाने के लिए पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर खड़ी रहें।



समाजसेवी व अध्यापिका पुष्पा सिंह

### बेटियां व महिलायें भी शिक्षित बनें : पुष्पा सिंह

समाजसेवी व प्रकृति प्रेमी पुष्पा सिंह ने कोरोना काल के दौरान लोगों की मदद की और गरीब महिलाओं व बेटियों को घर-घर मॉस्क बांटे। साथ ही प्रकृति को सुंदर बनाने के लिए हर कार्यक्रमों में पौधे वितरित किये और बेटियों व महिलाओं को समय- समय पर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।



सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह

### महिलायें संघर्ष से पीछे न हटें : सुलक्षणा सिंह

सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के मायने है कि आज की महिला अपने अधिकारों को जाने और किसी न किसी क्षेत्र में अपनी पहचान बनायें। अपना वजूद भुलाकर हर किरदार निभाती है और घर को स्वर्ग बनाती है।



भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता

### शिक्षित बनकर महिलायें आगे बढ़ें : बबिता पाठक

महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक ने बताया कि शिक्षा वह अहम कुंजी है जो आसानी से अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकती है। हर क्षेत्र में जाने के लिए शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। महिलायें व बेटियां शिक्षित बनकर विभिन्न विभागों व क्षेत्रों में पहुंचकर अपने नाम का परचम लहराये।



नीलम सिंह चौहान

### महिलायें भी राजनीति में आयें : नीलम सिंह

सपा नेत्री नीलम सिंह ने कहा कि देश चलाने में भी महिलाओं की अहम भागीदारी है। ऐसे में महिलाओं को राजनीति में आना होगा, तभी वह अपने अधिकारों को समझ पायेंगी। प्रत्येक परिवार से एक महिला राजनीति करें और अपने अधिकारों को आसानी से प्राप्त करें।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर बनाये जाएं स्पीड ब्रेकर

- डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

महोबा। समृद्धि न्यूज



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके। सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए साइनिज बोर्ड लगवाए जाए।

जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन-जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल में वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा शत-प्रतिशत स्कूल वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को ना बिठायें बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरुक किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, समाजसेवी राम जी गुप्ता, दाऊ तिवारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

इटावा, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि एवं कावड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना भरेह क्षेत्रान्तर्गत भारेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने वहां पर उपस्थित उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एवं पर्व को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराया जाए। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग बिल्कुल ही नहीं किया जाए, यथासंभव पड़ने पर बसों का प्रयोग किया जाए जिससे कि श्रद्धालु सुरक्षित रहकर अपनी यात्रा कर सकें। उन्होंने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, श्रद्धालुओं की नाश्ते ,पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं मंदिर में साफ सफाई तथा पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन की ओर से समस्त जनपद वासियों से अपील की ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग कतई ना किया जाए तथा सावधानी बरती जाए जिससे कोई भी समस्या अनावश्यक उत्पन्न ना हो। उन्होंने ए आरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन चालकों पर रोक लगाई जाए श्रद्धालुओं को लाने ले जाने का कार्य नहीं किया जाए एवं संभव पड़ने पर बसों का ही प्रयोग किया जाए तथा वहां पर बैरिकेडिंग आज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी चकरनगर, तहसीलदार चकरनगर एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने महिलाओं की आत्मरक्षा को ध्यान में रखते हुए बनाया ब्लूटूथ झुमका

**सहजनवा। गोरखपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के बीटेक एआई प्रथम वर्ष की चार छात्रा आफरीन खातून, उम्मे हबीबा रिया सिंह, फाकिया नूरी, ने इनोवेशन सेल के समन्वयक विनीत राय के नेतृत्व मे महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुये एक ऐसा इयरिंग ब्लूटूथ झुमका बनाया है जिसे महिलाएं एक ब्लूटूथ ईयर बड की तरह इस्तेमाल करने के साथ मुसीबत मे इस झुमके को हथियार भी बना सकती है। ये झुमका महिलाओं की खूबसूरती तो बढ़ायेगा ही साथ मे मनचलों को सबक भी सिखायेगा महिलाएं खूबसूरत दिखने के लिए मेकअप और ज्वेलरी का यूज करती हैं। खूबसूरत दिखने वाला यह झुमका लड़कियों को असामाजिक तत्वों से बचाने में भी मदद करेगा।

# किसानों को दोगुनी आय के लिए किया जागरूक

चरखारी, महोबा। समृद्धि न्यूज



दो दिवसीय कृषि मेला में किसानों को खेती के साथ उद्यान एवं कृषि से संबंधित दी गई जानकारी।

**कृषि यंत्रों का किया गया प्रदर्शन**

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना जगत के अंतर्गत विकासखंड परिसर में दो दिवसीय कृषि किसान/ मेला/ गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिला एवं पुरुष कृषकों को दोहरी आए बढ़ाने के लिए खेती के साथ बागवानी एवं सब्जी की पैदावार करने की योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को जागरूक किया गया वही उद्यान विभाग की योजना को किसानों तक पहुंचाने के लिए कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया, कृषि मेला प्रदर्शन में आयोजित गोष्ठी में किसानों दो दुगुनी आय बढ़ाने के लिए, बागवानी, सब्जी पशुपालन,पान उधोग, आदि की जानकारी प्रमुख वक्ता जिला उधना अधिकारी सुरेश कुमार अप कृषि निदेशक अभय कुमार यादव ,पान उधोग अधिकारी डॉ आई ए सिद्दीकी, विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूज, कृषि विषेषज्ञ एसपी सिंह डा हरि प्रकाश नामदेव ने मृदा परीक्षण कि जानकारी दी।अवध होटल मैनेजमेंट ,कृषि यंत्र बागवानी आंगनवाड़ी, स्वयं सहायता समूह,गौरा उद्योग, पान उद्योग, पशुपालन आदि से सम्बन्धित जानकारी हेतु प्रर्दशन स्टाल किसानों को रोजगार एवं कृषि से संबंधित जानकारी दी गई। संचालन जिला दुग्ध अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने किया।



## त्योहारों के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक

**चरखारी, महोबा।** चरखारी कोतवाली मेंआगामी त्यौहारों को देखते हुए उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता एवं कोतवाली प्रभारी गणेश कुमार की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक ली गई,कोतवाली प्रभारी गणेश कुमार ने कहा कि आगामी महाशिवरात्रि, माहे रमजान एवं होली पर्व को शांतिपूर्वक एवं भाईचारे की भावना के साथ संपन्न करें किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दें क्योंकि चुनाव का समय है कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, कानून एवं शांति व्यवस्था को खराब करने वालों से प्रशासन सख्ती से पेश आयेगा, किसी भी तरह की अफवाह न फैलाऐं और न ही अफवाहों को फैलने में मदद करें÷,उप जिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि सिविल सोसाइटी समाज का आईना होती है सिविल सोसाइटी कानून व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है सिविल सोसाइटी के कानून व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका होती है क्योंकि कानून व्यवस्था को खराब करने वालों से तो निपटा जा सकता है लेकिन यदि सोसाइटी अपनी भूमिका का अच्छे से निर्वहन करेगी तो कानून व्यवस्था की कोई बात नहीं आएगी और इससे समिति का भी प्रभाव समाज में अच्छा रहता है।

# कृषकों को एनपीएसएस के बारे में दिया प्रशिक्षण

महोबा। समृद्धि न्यूज



भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डॉ. जी. पी. सिंह, संयुक्त निदेशक के निर्देशन एवं भावना नंगल, जिला कृषि रक्षा अधिकारी के सहयोग से महोबा में जिले के विभिन्न विकास खण्ड से आए हुए किसानों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एन पी एस एस) ऐप के बारे में भारत सरकार की टीम द्वारा प्रशिक्षित किया गया। भावना नंगल, जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुऐ कहा कि भारत सरकार के एन पी एस एस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जनपद के किसान लाभान्वित होंगे और ऐप के माध्यम से फसलों में कीड़े-बीमारी का आई पी एम तकनीक से प्रबंधन कर कम लागत में दोगुनी आय प्राप्त करेंगे। रीजनल सेंट्रल आई पी एम सेंटर लखनऊ के वनस्पति संरक्षण अधिकारी अमित कुमार सिंह ने एन. पी.एस.एस. ऐप की वर्तमान उपयोगिता एवं प्रासंगिकता के बारे में बताया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ सुधींद्र सौन्सि ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से प्रशिक्षित किसान फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े -बीमारियों की पहचान एवं उसका समाधान आसानी से कर सकेंगे। किसान भाई अत्यधिक प्रकोप की स्थिति में ऐप के माध्यम से ही उनके प्रबंधन से सम्बन्धित ऐडवाइजरी मोबाइल पर ही प्राप्त कर सकते हैं। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी रूपेश कुमार ने एन पी एस एस ऐप के उपयोग की विधि तथा पेस्ट सर्विलांस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया।

कार्यक्रम में कृषि विभाग से संतोष कुमार सहित विभिन्न विकास खण्ड के प्रगतिशील कृषकों के साथ- साथ सम्बन्धित विकास खण्ड के पौध सुरक्षा पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गोपाल मोहन ने वित्तमंत्री का किया स्वागत



वित्तमंत्री का स्वागत करते भाजपा नेता।

**इटावा।** भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ सैफई हवाई पट्टी पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का पगड़ी पहनाकर फूल मालाओं से लादकर गर्म जोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, विधायक सरिता भदौरिया, अन्नू गुप्ता, शिवा कांत चौधरी, विकास भदौरिया, विवेक भदौरिया, गणेश राजपूत,संजू चौधरी,रामशरण गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनके द्वारा बुके भेट कर उनका अभिनंदन किया गया।

### नामजदों ने सास-बहू के साथ की मारपीट

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत नसीदीपुर गांव में बाइक मांगने आए युवक को नहीं देने पर नामजद तीन लोगों ने घर में घुसकर सास बहू के साथ लातघूसो से मारपीट कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नसीदीपुर गांव निवासी पीड़ित एक महिला ने बुधवार पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि मंगलवार की देर रात्रि में उनके गांव के ही एक व्यक्ति बाइक मांगने आए, तो मना कर दिया। इसी बात को लेकर पिता पुत्र समेत तीन आतोपित उनके घर में घुसकर गाली गलौज करने लगे, मना करने पर नामजद तीन लोगों ने सास बहू के साथ लात घूसों से मारपीट कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर कर पुलिस को तहरीर दी। बकेवर थाना पुलिस ने तहकीकात शुरू कर दी है?।

### ग्रामीण नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कल

**इटावा।** पूर्व सांसद चौ। रघुराज सिंह की पुण्य स्मृति पर चौ. रघुराज सिंह स्मारक संस्थान इटावा के तत्वाधान में आगामी 9 मार्च दिन शनिवार को प्रातः 9 बजे से शशिप्रभा मैरिज होम पालीबम्बा के पास राजागंज भरथना पर निःशुल्क ग्रामीण नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम व्यवस्थापक आशा दुबे ने देते हुए बताया कि 9 मार्च को पूर्व सांसद चौ. रघुराज सिंह की 18वीं पुण्य स्मृति पर चौ. रघुराज सिंह स्मारक संस्थान इटावा के तत्वाधान् में निःशुल्क ग्रामीण नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आरएस शुक्ला आगरा, डा. आरकेसी गुप्ता, डॉ. राहुल सिंह द्वारा परीक्षण कर दवायें व चश्में आदि निःशुल्क उपलब्ध कराये जायेगें। साथ ही जो मरीज मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चिन्हित किये जायेगें, उनका विभिन्न दिनांकों में डॉ. आरकेसी गुप्ता द्वारा श्रीशंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर इटावा में उत्तम लेंस का प्रत्यारोपण कर निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त शिविर में सहयोगी संस्थान के रूप में भारत विकास परिषद शाखा भरथना व इटावा तथा श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर इटावा का विशेष सहयोग रहेगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

इटावा। समृद्धि न्यूज



ब्लॉक सभागार में महिलाओं को पॉश एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से ब्लॉक सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पॉश एक्ट के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों व कार्यस्थलों पर गठित आंतरिक शिकायत समितियों के संबंध में मुख्य प्रक्रिया एवं विशाखा दिशा निर्देश के बारे में विस्तार से बताया गया। बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि पॉश एक्ट बहुत ही जरूरी स्टेप है जो यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि कार्यस्थल पर महिलाएं सुरक्षित माहौल में काम कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यस्थलों में कैसा व्यवहार होना चाहिए और कैसा नहीं इस तरह की लिस्ट भी डिस्प्ले होनी चाहिए।

पीएलवी कु.नीरज ने कहा कि कानूनी तौर पर 10 से अधिक कर्मचारियों वाले कार्यालयों व कार्यस्थलों पर पॉश कमेटी का गठन करना भी जरूरी है। इस कमेटी के मेंबर्स में कम से कम 50 फीसदी महिलाएं होनी चाहिए। इस एक्ट से कार्यस्थल पर सेक्सुअल हैरेसमेंट की शिकायत दर्ज करवाना ज्यादा आसान हो गया है। इस एक्ट के तहत 90 दिनों के अंदर शिकायत की इंक्वायरी पूरी होना जरूरी है। पीड़ित महिलाएं कार्यस्थल पर ही कमेटी को शिकायत कर सकती हैं या फिर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवा सकती हैं। अगर कमेटी को लगता है कि मामला बहुत गंभीर है तो कमेटी की तरफ से भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंचायत सचिव संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि परिवार व राष्ट्र के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती होती है। महिलाओं को अपने साथ होने वाले दुर्व्यवहार को कतई बर्दाश्त नहीं करना चाहिए इसके लिए पॉश एक्ट के अंतर्गत गठित आंतरिक शिकायत समितियों में तुरंत ही शिकायत करनी चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन पीएलवी राजेंद्र यादव ने किया। उन्होंने महिलाओं को नालसा के विधिक हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी। उन्होंने इटावा न्यायालय परिसर में 9 मार्च को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी बताया। इस दौरान आंगनवाड़ी मुख्य सेविका, कार्यकत्रियां, आशा बहनें और समूहों से जुड़ी महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

# हैदरगढ़ में खुलेआम लगती है ओवरलोड वाहनों की मंडी

- हैदरगढ़ सहित जनपद के प्रशासनिक अधिकारी मौन, ईमानदार वाहन मालिक परेशान

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

सरकार ओवरलोड वाहनों को रोकने एवं उन पर कार्यवाही करने के लिए सतत प्रयासरत है। लेकिन जनपद के हैदरगढ़ में बाहरी जनपदों से आने वाले ओवरलोड वाहन स्थानीय प्रशासन की धमक को रौंदते हुए खुलेआम अपनी अवैध मंडी लगाते नजर आते हैं? जबकि परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी आंखें बंद किए हुए हैं! वहीं इस गोरख धंधे से नियम के मुताबिक काम करने वाले वाहन मालिक बर्बादी के शिकार हो रहे हैं। ताज्जुब यह भी है कि स्थानीय बाराबंकी अथवा हैदरगढ़ प्रशासन के अधिकारी भी न जाने किन कारणों से इस मामले में अनदेखी का रुख अख्तियार किए हुए हैं? जिसे देख जिम्मेदार नागरिक स्पष्ट बोलते हैं परिवहन मंत्री जी यह तो योगी सरकार की साख पर बट्टा है अरे कुछ कीजिए? सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस समय हैदरगढ़ बाहरी जनपदों से आने वाले ओवरलोड वाहनों की मंडी बन चुका है। फतेहपुर ,बांदा रायबरेली से आने वाले वाहन यहां बेखौफ तरीके से गिट्टी ,मौरंग ओवरलोड लेकर के आते हैं और खुलेआम अपने धंधे को अंजाम देकर निकल जाते हैं?

# आईजीएल परिसर में हुई भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापित



गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।

इण्डिया ग्लाइकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में परिसर में भव्य मंदिर का निर्माण हुवा और धूमधाम से शिवजी की मूर्ति स्थापना की गयी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ल जी रहे और विशिष्ट अतिथि महापौर डॉ. मांगलेश श्रीवास्तव तथा कुलपति महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय डॉ मेजर जनरल अतुल बाजपेयी तथा वरिष्ठ सदस्य भाजपा देशबंधु शुक्ल जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस के शुक्ल ने किया और बताया की पाँच दिनों से नित्य पूजन व हवन किए जा रहे थे और विधि-विधान से हवन में आहूतियां डाली जा रही थी।

# कांग्रेस नेताओं ने एसबीआई की मुख्य शाखा पर दिया धरना

इटावा। समृद्धि न्यूज



कांग्रेस पार्टी इटावा द्वारा भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा इटावा पर पॉलिटिकल इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में भाजपा की चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगा दी है अदालत में राजनीतिक दलों को इस योजना के तहत प्राप्त चन्दे का खुलासा करने का निर्देश दिया है साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी चंदे की पूरी जानकारी 6 मार्च 2024 से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया है माननीय सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश चुनाव में काले धन के खिलाफ एक साहसी कदम है। शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा चुनावी बांड योजना के प्राथमिक लाभार्थी होने के नाते सत्तारूढ़ दल भाजपा को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद असुविधा का सामना करना पड़ रहा है 2017 में योजना की शुरुआत के बाद से राजनीतिक दलों को सामूहिक रूप से 12000 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं जिसमें अकेले भारतीय जनता पार्टी को 6566.11 करोड़ रुपया प्राप्त हुए हैं जो सभी चुनावी बांड का 55 प्रतिशत है।

प्रदेश सचिव मोहम्मद राशिद खान ने कहा भाजपा दानदाताओं के बारे में जानकारी सार्वजनिक होने के बाद चुनिंदा कॉर्पोरेट के साथ अपने संबंधों के संभावित जोखिम को लेकर चिंतित मोदी सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक पर जानकारी साझा न करने का दबाव डाला है भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक आवेदन किया जिसमें विवरण साझा करने के लिए 30 जून 2024 तक का समय मांगा गया है यह देरी बहुत ही संदिग्ध है। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव,शहर अध्यक्ष पल्लब दुबे, मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, संजय दोहरे, कुसुम लता उपाध्याय, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा,युवा जिला अध्यक्ष सोजिब रिजवी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आसिफ जादरान, विष्णुकांत मिश्रा,सरवर अली,अंसार अहमद, मिथिलेश शंखवार,मनीष मिश्रा, एजाज अहमद,बाबू अली आदि लोगों उपस्थित रहे।

# पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का दर्ज किया मुकदमा

इटावा, समृद्धि न्यूज।

सर्राफा व्यवसायी व रिटायर्ड फौजी से मारपीट कर मोबाइल क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। भरथना नगर के मोहल्ला गोविंद नगर निवासी पीड़ित दलवीर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि रिटायर्ड फौजी है और नगर पालिका कॉम्प्लेक्स में सर्राफा की दुकान है। बीती 23 फरवरी की शाम को दुकान बंद करके घर जा रहा था,उसी दौरान पालिका कॉम्प्लेक्स परिसर में शशांक निवासी मोहल्ला महावीर नगर कस्बा भरथना, राजू व सौरभ पाठक निवासी मोहल्ला गांधीनगर कस्बा भरथना ने हमला कर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे।घटना का मेरे द्वारा वीडियो बनाने का प्रयास करने पर आरोपियों ने मोबाइल छीनकर जमीन पर पटककर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित के मुताबिक मारपीट की घटना वर्तमान चैयरमेन के पुत्र सार्थक यादव के सामने हो रही थी,आरोपी उसी के साथ रहते है। इसके बावजूद उसने किसी आरोपी को रोकने की बजाए हौसला बढ़ाया। आरोपी के भय से मैंने अपनी गाड़ी, मोबाइल समेत बैग वही छोड़कर जान बचाकर मौके से निकलकर पुलिस को सूचना दी।पुलिस के साथ वापस घटना स्थल पर पहुँचा तो गाड़ी, क्षतिग्रस्त मोबाइल व बैग वही मिला,मगर बैग में रखा सोने-चांदी का सामान गायब मिला।

मांग

जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में डीएम को सौंपा ज्ञापन

# नगर निकाय में हाऊस टैक्स जमा करने के लिए चलायी जाए एकमुश्त समाधान योजना

इटावा, समृद्धि न्यूज।



ज्ञापन देते व्यापारी नेता।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों नें जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में स्थानीय निकाय संबंधित समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक 6 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी इटावा के माध्यम से सौंपा।

ज्ञापन मे मांग की गयी कि नगर पालिका व नगर पंचायत में बकाया हाउस टैक्स पर ब्याज मूल धन से भी अधिक होने के कारण हाउस टैक्स का बकाया वसूली नहीं हो पा रहा है, इसलिए बिजली विभाग की भॉति एकमुश्त समाधान योजना बनाकर दण्ड ब्याज की माफी कर मूल धन आसान किस्तों में जमा कराए जाने की योजना आने से भारी मात्रा में बकाया हाउस टैक्स की राशि स्थानीय निकायों को प्राप्त हो जाएगी, जिससे स्थानीय निकायों की स्थिति में सुधार होगा तथा आम जनता को भारी राहत मिलेगी। हाउस टैक्स बकाया होने पर स्थानीय निकायों द्वारा सीलिंग की कार्यवाही की जा रही है, जिसमें मकान मालिक से वसूली न कर किराएदार व्यापारियों की दुकानों को सील किया जा रहा है, जिससे व्यापार के साथ-साथ सरकार का राजस्व भी प्रभावित होता है। अतः आपसे अनुरोध है कि किराएदार द्वारा मकान मालिक को किराया दिया जाता है। हाउस टैक्स जमा करने की जिम्मेदारी मकान मालिक की होती है। हाउस टैक्स बाकी होने पर किराएदार के कब्जे वाली सम्पत्ति को सील न कर मकान मालिक के विरूद्ध हाउस टैक्स वसूली की कार्यवाही की जाए। यदि अत्यन्त आवश्यक हो, तो किराया स्थानीय निकाय के हित में अटैच कर लिया जाए। बाजारों में चालान व जुर्माना करने के स्थान पर प्रतिबन्धित पोलोथीन के निर्माण पर रोक लगाने की कार्यवाही किए जाने के आदेश पारित करें। स्थानीय निकाय द्वारा नामान्तरण शुल्क बहुत अधिक बढ़ा दिया गया है, जिस वजह से अधिकांश व्यक्ति नामान्तरण नहीं करा रहे हैं तथा नए बने भवनों का नाम दर्ज नहीं होने से हाउस टैक्स का नुकसान स्थनीय निकाय को हो रहा है। अतः नामान्तरण शुल्क न्यूनतम 500 अधिकतम 5000 किये जाने के आदेश पारित करें तथा नामान्तरण में देरी होने पर कोई लेट फीस या दण्ड ब्याज न लगाया जाए। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष मुख्तार अहमद मंसूरी,सरदार मनदीप सिंह, राहत हुसैन रिजवी,बी के यादव, बृजैन्द्र यादव,आशीष भदौरिया,हाजी शेख आफताब, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, योगेश पांडे, धर्मेंद्र यादव, आलोक यादव, शाकिर भाई,अर्चना अग्रवाल, सीमा श्रीवास्तव,गिरिराज अग्रवाल, सै. लकी,अवधेश कुशवाहा, बब्लू फैयाज,किशन यादव,जगत गुरु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विभागीय कार्य में कतई न बरती जाये लापरवाही: डीएम

- शत प्रतिशत बच्चों का वजन मापन कराया जाए

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज




गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला पोषण समिति, कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार कर सम्बंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यो, योजनाओं यथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, अधिकारियों द्वारा हॉटकुक्ड मील योजना संचालन एवं तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध कराने व पोषण पखवाड़ा (9 से 23 मार्च) के विषय पर विस्तृत समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विभागीय कार्यों में शिथिलता बरतने वाली मुख्य सेविकाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के साथ ही शत-प्रतिशत बच्चों का वजन मापन कर पोषण ट्रैकर पर फीडिंग कराये। गृह भ्रमण की व टेक होम राशन की फीडिंग में सुधार लाये नहीं तो सम्बन्धित सीडीपीओ, मुख्य सेविका के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। समस्त खण्ड विकास अधिकारी सुनिश्चित करें कि जहां-जहां गौशाला में दुधारु गाय उपलब्ध है वहां से संबंधित सीडीपीओ के माध्यम से सैम बच्चों को गाय सुपुर्दी की जाये। पोषण पखवाड़ा 9 से 23 मार्च के अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित गतिविधियों का कैलेन्डर के अनुसार आयोजन समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर, ग्राम पंचायत स्तर, विकास खण्ड स्तर व जिला स्तर पर किया जाये। हॉटकुक्ड मील के अन्तर्गत समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नियमानुसार बच्चों को गर्म भोजन खिलाया जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि सभी प्राथमिक विद्यालयों में मीड डे मील के साथ साथ आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों का भोजन भी बनाया जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, उपायुक्त मनरेगा अबधेश दीक्षित, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, उपायुक्त एनआरएलएम दिनेश यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश, जिला पंचायती राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तिखार अहमद गोद लिये आंगनबाड़ी हेतु नामित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी व समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुखहरन नाथ पोखरे के जीर्णोद्धार के लिए विधायक निधि से एक करोड़ बत्तीस लाख स्वीकृत

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज




**उतरौला नगर** के ऐतिहासिक व प्राचीन दुःख हरण नाथ मंदिर उतरौला के सामने बने पोखरें के जीर्णोद्धार के लिए विधायक निधि से एक करोड़ बत्तीस लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। दुःख हरण नाथ मंदिर व पोखरे को पर्यटन क्षेत्र के लिए चयनित किया गया है। इसकी जानकारी विधायक राम प्रताप वर्मा ने देते हुए बताया कि सैकड़ों वर्ष पुराने इस मंदिर व पोखरे की महत्ता को देखते हुए इसके लिए विधायक निधि से धन आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला को आवंटित किया गया है।? नपाप उतरौला इसका निविदा कराकर जीर्णोद्धार शुरू करा दिया है। इसके चारों ओर चहारदीवारी के साथ चारों कोनों पर बड़े बड़े लोहे के गेट लगाए जा रहे हैं। संगमरमर व टाइल्स चारों ओर लगाया जाएगा। पोखरे में पानी की कमी को दूर करने के लिए पानी बोरिंग कराया गया है। इसके चारों ओर सुन्दर स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा तथा पोखरें की शोभा को देखने के लिए पोखरें के चबूतरे पर सीमेंट का बैठका बनाया जा रहा है। पोखरे का जीर्णोद्धार होने से पर्यटक दुःख हरण नाथ मंदिर की छटा निहार सकेंगे। इसकी प्राचीनता व ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी नाथ ने इसको पर्यटन स्थल घोषित किया है। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला श्री मती सविता गुप्ता ने बताया कि ऐतिहासिक पोखरें का जीर्णोद्धार विधायक निधि से कराया जा रहा है। आगामी वित्तीय वर्ष में इसका जीर्णोद्धार कार्य पूरा करा लिया जाएगा।

# ब्लॉक उतरौला में सामूहिक विवाह का आयोजन

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**आदर्श चुनाव** आचार संहिता लगने के दृष्टिगत मार्च के प्रथम सप्ताह में गुरुवार को ब्लॉक परिसर में शादी की शहनाई गूंजी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के दौरान रेहरा29 गैंड़ास01 श्रीदत्तगंज 11,बलरामपुर 13, व उतरौला 11, नगर पालिका 03 समेत कुल 68 नव विवाहित जोड़ों ने विवाह मंडप में एक दूसरे के साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया।जिसमें 04मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया। विधायक प्रतिनिधि सुनीता वर्मा ने नव दंपत्तियों के सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें शासन से मिली किट प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि निर्धन परिवारों के समक्ष विवाह में आने वाली कठिनाईयों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह कराने की योजना बनाई थी। यह योजना पूरे प्रदेश में एक समान रूप से सभी वर्गो के लिए चलाई जा रही है। भाजपा विधानसभा प्रभारी सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार हर परिवार की योग्य विवाहित बालिकाओं की शादी के लिए हर संभव अनुदान व गृहस्थी सजाने के आवश्यक सामान देकर उन्हें सुखमय जीवन बिताने का अवसर दे रही है। अब सीधे नवविवाहिताओं के खाते में पैंतीस हजार की रकम ट्रांसफर कर रही है। दी जाती है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्त रमेश जायसवाल कृष्ण कुमार बीडीओ सुमित सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी प्रधान संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र वर्मा जयप्रकाश चौरसिया राजेश कुमार वर्मा का सहयोग सराहनीय रहा। नवविवाहित परिवारों के लिए भोजन व जलपान की भी व्यवस्था कराई गई थी।

## संवेदनशील क्षेत्रों में अर्धनिक बल के जवानों ने किया पैदल मार्च

**कालपी (जालौन)।** पुलिस का अर्ध सैनिक बल के साथ पैदल मार्च दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को नगर के संवेदनशील क्षेत्रों के साथ टरननगंज क्षेत्र में भी भ्रमण किया। बुधवार को भी पुलिस ने नगर के अलावा कई गांवों में भी दस्तक दी थी। लगता है शासन व प्रशासन की नजर में नगर व क्षेत्र की साम्प्रदायिक साख ठीक नहीं है तभी तो हर त्योहार और धार्मिक एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों के दौरान प्रशासनिक जिम्मेदार सक्रिय हो जाते हैं। सूत्रो की माने तो लोकसभा चुनाव में अब ज्यादा वक्त नही है निर्वाचन आयोग ने अपनी सभी तैयारिया पूरी कर ली है जिसको निश्पक्ष और शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने की भी तैयारिया शुरू हो गई है इसी बीच होली और नगर में खानकाह के उर्स का भी कार्यक्रम शुरू हो गया है।

# ओवरलोडिंग के विरुद्ध चलाये गये अभियान में कई वाहन पकड़े गए

**जालौन (उरई)।** ओवरलोडिगं व अवैध खनन की शिकायतों के बाद विभाग सक्रिय हुए। गुरुवार को खनन व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने बालू, गिट्टी व डस्ट के छह ट्रक, ईटा से भरे दो ट्रेक्टरों को पकड़ा है। जिन पर जुर्माना लगाया जा रहा है। सड़कों पर लगातार ओवरलोड बालू, गिट्टी, डस्ट के ट्रक फर्राटे भर रहे हैं। इसके साथ ही पड़ोसी जनपदों से ईटा से भरे ओवरलोड ट्रैक्टरों का संचालन हो रहा है। ओवरलोड वाहन आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने बंगरा मार्ग व औरैया मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने बंगरा मार्ग पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे



के पास से बालू से भरे तीन, गिट्टी के दो व डस्ट से लदा एक ओवरलोड ट्रक पकड़ा है। टीम ने औरैया मार्ग पर चेकिंग के दौरान ईटा से भरे दो ओवरलोड ट्रैक्टरों को भी पकड़ा है। पकड़े गए सभी आठ ओवरलोड वाहनों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है और टीम ने उन पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने बताया कि चेकिंग अभियान दौरान पकड़े गए वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### महाशिवरात्रि के अवसर पर दुखहरन नाथ मंदिर उतरौला पर शिव भक्तों होगा जामवाड़ा

**उतरौला(बलरामपुर)।** उतरौला नगर में पौराणिक महत्व को संजोए ऐतिहासिक दुःख हरण नाथ मंदिर में स्थित शिवलिंग के दर्शन के लिए दर्शनार्थी दूर?दराज से आकर शिवरात्रि को जलाभिषेक करते हैं। शिवलिंग का दर्शन करने के लिए दिनभर शिव भक्तों का तांता लगा रहता है। इसकी ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए योगी सरकार ने इसे पर्यटन स्थल घोषित कर दिया है। इसकी ऐतिहासिकता का वर्णन करते हुए दुःख हरण नाथ मंदिर उतरौला के महन्त मयंक गिरि बताते हैं कि नगर के दक्षिण छोर के मुगलकालीन शासन में खुदाई करने के दौरान मिट्टी में दबा भूरे रंग का उत्तर की तरफ मुड़ा एक शिवलिंग मिला था। सैकड़ों वर्ष पूर्व एक घुमक्कड़ सन्त जयकरन गिरि को टीले पर विश्राम के दौरान स्वप्न में टीले की खुदाई का आदेश मिला। खुदाई के दौरान एक शिवलिग उत्तर की तरफ मुड़ा मिला जिसकी स्थापना वहीं कर दी गई। इधर मुगलकालीन शासक नेवाज खा ने इसकी स्थापना में बांधा पैदा करते हुए शिवलिंग को छिन्न-भिन्न करने के लिए  मुगल शासक ने शिवलिंग पर आरी चलवाया। शिवलिंग पर आरी चलते ही उसमें से खून की तेज बोछार निकलने लगी। इससे भयभीत होकर मुगल बादशाह शिवलिंग को छोड़कर भाग खड़ा हुआ। बादशाह को भूलकर का अहसास होने पर शिवलिंग की स्थापना वहीं पर करा दी। धीरे धीरे इसकी महत्ता बढ़ती गई और शिव भक्त प्रत्येक सोमवार के अतिरिक्त महाशिवरात्रि,हरतालिका तीज, श्रवण व मलमास में शिवलिग पर जलाभिषेक करने के लिए भारी भीड़ जुटती है। महाशिवरात्रि को भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए नगर पालिका परिषद उतरौला इस मेले में साफ सफाई का इंतजाम करती है।

### देवीपाटन मन्दिर जाने के लिए राजकीय बस सेवा न होने से मेलार्थी परेशान

**उतरौला(बलरामपुर)।** राजकीय देवी पाटन मेला जाने आने के लिए रोडवेज विभाग सरकारी बसों का संचालन नहीं करता है। मजबूरन मेला में आने जाने वाले लोग निजी बसों से यात्रा करने को मजबूर हैं। सरकार ने बलरामपुर जिले के तुलसीपुर तहसील का मशहूर देवी पाटन मेला को सरकार ने राजकीय मेला घोषित कर रखा है। इस मेले में दूर दूर से काफी लोग आते जाते हैं। आस पास के जिलों व दूरस्थ जिलों के लोग नवरात्र में आकर देवी मां का दर्शन करते हैं और अपनी मनौती को पूरा करते हैं। सैकड़ों वर्ष से चले आ रहे नवरात्र मेले में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रहती है। मेले में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन क ई बार जिले व पुलिस अधिकारियों की बैठक करके व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करते हैं। मेले के कमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का होने से अधिकारी बस संचालन नहीं कर रहे हैं। उतरौला तहसील मुख्यालय पर आधुनिक बस स्टेशन होने पर रोडवेज अधिकारी लापरवाही से मेला देवि पाटन के लिए बसों का संचालन नहीं करते हैं। सिद्धार्थ नगर, बस्ती व गोरखपुर जिले से तमाम श्रद्धालु इस मेले में आते हैं। लेकिन बसों का संचालन नहीं होता है। इस मार्ग पर बस्ती, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर होते हुए मेला देवी पाटन के लिए रोडवेज बस सेवा नहीं है। मजबूरन मेले के दर्शनार्थी इस मार्ग पर चल रही प्राइवेट बस,टैक्सी से यात्रा दूना किराया देकर करते हैं। लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायत पत्र में समीप के जिले के साथ उतरौला से मेला देवी पाटन के लिए राजकीय बस सेवा संचालन की मांग की है।

### प्रत्येक माह की 15 तारीख को की जाएगी बैठक

**अयोध्या।** मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि वित्त मंत्री द्वारा प्रदेश के सभी मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारियों तथा पेंशनर संघों के साथ वर्चुअल बैठक की गयी। इस बैठक में वित्त मंत्री द्वारा निर्देशित/आदेशित किया गया है कि पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के लम्बित प्रकरणों पर विभागीय स्तर पर चर्चा की जाए,जिसके लिए प्रत्येक माह के एक नियत दिवस पर पेंशन प्रकोष्ठ की बैठक अनिवार्य रूप से की जाये।वित्त मंत्री की मंशा के अनुसार सभी कार्यालयाध्यक्षों/आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि पेंशन प्रकोष्ठ की बैठक सम्पादित कराना सुनिश्चित करें तथा कर्मचारियों/अधिकारियों के सेवानिवृत्तिक लाभों तथा समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। पेंशन प्रकोष्ठ की बैठक में पेंशनर संघ के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाये व प्रकरण निस्तारण प्रक्रिया से तत्समय अवगत कराया जाये।उन्होंने अपने कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशनरों/पेंशनर संघों के साथ प्रत्येक माह की 15 तारीख (15 तारीख को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में) को मीटिंग का आयोजन किया जाये तथा प्रत्येक कार्यवृत्त से कोषागार को भी अवगत कराया जाए,जिससे सूचना शासन को प्रेषित की जा सके।

### युवती ने महिला से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** दरवाजे के बाहर सफाई कर रही महिला के साथ पड़ोसी युवती ने गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।  कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदोई राजा निवासी रसीद खां ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी मरीना घर के बाहर साफसफाई कर रही थी। उनके पड़ोसी में रहने वाली तमन्ना पत्नी से रंजिश मानती है। रंजिश के चलते तमन्ना उनके यहां आई और सफाई कर रही पत्नी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पत्नी ने जब समझाना चाहा तो उसने हाथापाई शुरू कर दी। जिसमें पत्नी को चोटें आई हैं। पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर दे दी जान

**कालपी (जालौन)।** बुधवार देर रात नगर सीमा में 37 वर्षीय व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूंदकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।  रेलवे सूत्रों की माने तो वुधवार रात 11 बजे के आसपास स्टेशन से ट्रेन नम्बर के प्लेटफार्म नम्बर 07221 गुजरी थी इसी दौरान सूचना मिली थी कि रेलवे किलोमीटर संख्या 1274 कांशीराम कालोनी के पास एक व्यक्ति  ट्रेन के नीचे आ गया है। और उसकी मौके पर मौत हो गई घटना की सूचना पर जी आर पी चौकी प्रभारी इंद्रबली यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुचे और शव को ट्रैक से हटाकर तलाशी ली तो मृतक व्यक्ति  पास एक डायरी मिली जिसके माध्यम से मृतक के परिजनों तक सूचना दी गई  तो उसकी पहचान मुकेश उर्फधर्मेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हसनपुर थाना कुठौंद के रूप में हुई थी निवासी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है । स्टेशन सूत्रों की माने तो उक्त व्यक्ति बुधवार को स्टेशन पर आया था और उसने झांसी जाने के लिये ट्रेन के विषय में भी पूछा था और देर रात उसने आत्महत्या कर ली है।

# ‘घर जैसा’ के बाद शहरवासियों के लिए ‘द स्वीट फैक्ट्री’ का तोहफा



अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**गुरुवार को** शहर के नाका स्थित प्रतिष्ठित ‘घर जैसा’ रेस्टोरेंट के दूसरे आउटलेट ‘स्वीट फैक्ट्री’ नाम के प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया।इसका उद्घाटन ‘घर जैसा’ प्रतिष्ठान के मालिक रोहित पोरवाल,महमूद खान,रोहित अग्रवाल व सुल्तान खान ने संयुक्त रूप से किया। गुरुवार को ‘स्वीट फैक्ट्री’ प्रतिष्ठान की शुरुआत विधिवत पूजा पाठ के बाद फीता काट कर की गई। शुभारंभ कार्यक्रम के बाद आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्रतिष्ठान संचालकों ने बताया कि शहर वासियों के अलावा अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को इस प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश,राजस्थान व गुजरात सहित कई अन्य प्रान्तों की विभिन्न प्रकार की मिठाइयों के साथ ही बेकरी से संबंधित सारे उत्पाद और तरह तरह के ब्रांडेड जूस उपलब्ध कराये जायेंगे।बताया गया कि शहर के दायरे में और एयरपोर्ट के समीप इन दोनों प्रतिष्ठानों का शुभारंभ शहर से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग और एयरपोर्ट के समीप इसी सोच के साथ किया गया है जिससे अयोध्या में आने और अयोध्या से गुजरने वाले श्रद्धालुओं और रामभक्तों के साथ शहर के लोगों को विभिन्न किस्म की लजीज मिठाइयां और व्यंजन उपलब्ध कराए जा सके।इस अवसर पर संयुक्त व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री जनार्दन पांडे बबलू पंडित सहित बड़ी संख्या में व्यवसायी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विद्यालय प्रबंधन अध्यक्ष एवं सचिव का एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज




**क्षेत्र** के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सचिव एवं ग्राम प्रधान का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम/ संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें मिशन प्रेरणा व कायाकल्प योजना के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार चौधरी ने किया। बीईओ ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य ग्राम प्रधान एवं एसएमसी अध्यक्ष के अधिकारो एवं दायित्व के सम्बंध तथा विधालय संचालन में उनके महत्तव के सम्बंध मे जागरूक करना है। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी एसएमसी अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान से विद्यालय संचालन, विधालय विकास कायाकल्प, बच्चों की उपस्थिति, निपुण बनाने मे सहयोग की अपील की। कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार प्रधान, अध्यक्ष व शिक्षक आपस मे मिलकर बच्चों के भविष्य को उज्वल कर सकते हैं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं मिशन प्रेरणा मिशन कायाकल्प बुनियादी शिक्षा को मजबूती के लिए विभिन्न प्रयासों जैसे शिक्षकों की ट्रेनिंग सहज पुस्तिकाओं का वितरण आधारशिला शिक्षण संग्रह व ध्यान आकर्षण हस्त पुस्तिकाएं व खेलकूद की सामग्री विद्यालयों में उपयोग होने की बात बताई। एआरपी सीताराम, कल्लू भारती और विरेन्द्र बहादुर द्वारा बच्चों के नामांकन, ठहराव आदि मे एसएमसी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सहयोग की अपेक्षा किया। काशी राम ने बालवाटिका तथा डीबीटी के समुचित उपयोग पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष, एआरपी तथा वरिष्ठ शिक्षकों को बैच लगा कर स्वागत किया गया। शिक्षक मोहम्मद फिरोज, प्रेम चंद्र शर्मा, राजेश कुमार, अशोक चौहान, भगवान दीन, अरविंद गुप्ता, हेमंत कुमार, बालेश्वर नाथ, तरूण मिश्रा, पल्लवी सकसेना, आरम्भा देवी, अर्चना पांडेय, तबस्सुम, अर्पणा मिश्रा, अनिल, करम मोहम्मद, मोहम्मद रफीक, वहीद खान, किशन लाल, धीरेंद्र मिश्रा, राज किशोर, राजू, धनराज, मसरूर अहमद, वैभव शुक्ला, शफीकुर्रहमान खांन,आजम खां, मैनुद्दीन खां, समीम अख्तर आदि मौजूद रहे।

### कुठौंद में ओडीएफ हेतु जागरूकता कार्यक्रम का हुआ समापन

**कुठौंद (जालौन)।** स्वच्छ भारत मिशन एवं राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के संयुक्त तत्वाधान में इंपेनल्ड एजेंसी वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन ऑफ नीडी ग्रामीण सोसाइटी फेस 2 के अंतर्गत जागरूकता हेतु संपन्न किए गए नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता समिति बैठक, स्वच्छता मेला एवं आईईसी सामग्री का वितरण प्रति राजस्व ग्राम स्तर पर चलाया गया था। जिसके तहत आमजनमानस को शौचालयों की उपयोगिता, कचरे का सही निपटान, स्वच्छ पेयजल का उपयोग, एवं साफ सफाई हेतु प्रेरित किया गया था।

**कार्यक्रम** — सरकार दे रही किसानों को 30 से 40 फीसदी की सब्सिडी

# परंपरागत खेती का मोह त्याग किसान भाई फल-फूल की खेती करें

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**शाक भाजी** बागवानी एवं फूलों की खेती करने से बुंदेलखंड के किसानों की आय दोगुनी होगी उपरोक्त विचार राज्य स्तरीय कार्य परिषद उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश शासन के सदस्य अजीत प्रताप सिंह ने राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई के सभागार में आयोजित किसान मेला एवं संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि फल और फूलों की खेती पर सरकार 30 से 40 फीसदी सब्सिडी दे रही है किसानों को मुख्य रूप से फल फूल मसाला एवं सुगंधित पौधे की खेती करना चाहिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना अंतर्गत उद्यान विभाग द्वारा जनपद के किसानों को मिनी स्प्रिंकलर सेट एवं स्प्रिंकलर सेट 90 फीसदी अनुदान पर दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि ने फीता काट कर मेला का उद्घाटन कर जनपद के किसानों द्वारा उन्नतशील किसानों की सब्जी उत्पादों का अवलोकन किया। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. लखनऊ के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि जनपद में नदी के किनारे पांच किलोमीटर की परिधि में किसानों की जैविक एवं प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण देखकर सब्जी एवम् बागबानी का उत्पादन किया जायेगा मुख्य विकास अधिकारी भीम उपाध्याय ने किसानों खेती एवं बागबानी में आ रही समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिलाया। भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सूर्य नायक ने किसानों के ट्यूबबेल बिजली बिल सम्पूर्ण छूट दिए जाने पर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद ज्ञापित किया। भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन ने किसानों को स्प्रिंकलर सेट संचालन हेतु पंपिग सेट को योजना में शामिल करने की बात कही। संगोष्ठी को किसान यूनियन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह जिला प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह, कृषि वैज्ञानिक डा. डीएस यादव ने अपने विचार रखे संगोष्ठी में अतिथियों द्वारा निशुल्क सब्जियों के बीज उपलब्ध कराए गए जनपद के प्रगतिशील किसानों को अंग वस्त्र प्रमाण पत्र देखर सम्मानित किया गया संगोष्ठी में जिला केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लि के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजावत जिला महामंत्री किसान मोर्चा राजीव पटेल धीरेंद्र सिंह जादौन मिनौरा सहकारी संघ लि. अध्यक्ष श्याम करण प्रजापति, सहकार भारती उत्तर प्रदेश सदस्य लालजी शुक्ला, उन्नतशील कृषक ब्रजेश त्रिपाठी, अशोक सिंह, लक्ष्मी नारायण चतुर्वेदी शंकर चतुर्वेदी मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने सभी अतिथियों और किसान बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

### जुआ खेलते तीन जुआड़ी पकड़े, हजारों की नकदी हुई बरामद

**जालौन (उरई)।** कोतवाली पुलिस लगातार जुआ के खेल को बंद कराने के लिए अभियान चला रही है। सार्वजनिक स्थल पर चल रहे जुआ के खेल पर छापामारी कर जुआ खेल रहे पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने 10 हजार 900 रुपये बरामद किए हैं। कोतवाली पुलिस लगातार जुआ के खेल को बंद कराने का प्रयास कर रही है। इसके बाद भी लगातार क्षेत्र में जुआ का खेल चला है। पुलिस की कार्रवाई के बाद भी जुआ का खेल नहीं रूक रहा है। मुखबिर की सूचना पर कोतवाल विमलेश कुमार, एसआई सर्वेश कुमार की टीम ने मेला ग्राउंड परिसर में चल रहे जुआ के खेल पर छापामारी की। छापामारी कर पुलिस ने मौके से जुआ खेलते हुए नफीस तोपखाना, किशुन प्रसाद घुआताल व राजकुमार बालमभट्ट को पकड़ लिया।

# कलयुगी पुत्रों ने अपनी नेत्रहीन मां को पीट-पीटकर मार डाला

- तिर्वा कस्बे के गांधी नगर मोहल्ले की घटना, बुधवार की रात 08 बजे का मामला
- घटना के बाद दोनो आरोपी पुत्र मौके से फरार, मृतका की विवाहित पुत्री ने पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

तिर्वा। समृद्धि न्यूज





**खून** के रिश्तों को शर्मसार कर देने का यह मामला तिर्वा कस्बे का है। जिसमें शराब के नशे में दो कलयुगी पुत्रों ने अपनी दोनो पत्नियों के साथ अपनी सगी वृद्ध नेत्रहीन मां को पीट-पीटकर मार डाला। घटना को अंजाम देने के बाद पुत्र मौके से फरार हो गए। पुलिस ने वृद्धा के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मामले में मृत वृद्धा की पुत्री ने अपने दोनो भाईयों व उनकी पत्नियों पर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। कस्बे के गांधी नगर मोहल्ला निवासी 72 बर्षीय नेत्रहीन दलित रामदेवी के दो पुत्र हैं। दोनो विवाहित है। मृतका अपने दोनो पुत्रों से अलग रहती थी। बुधवार की रात 08 बजे के करीब मृतका का पुत्र आकाश शराब के नशे में धुत होकर घर लौटा। किसी बात विवाद को लेकर उसने अपनी मां के साथ पहले गाली-गलौज किया। बाद में उसे डण्डो से पीटने लगा। मां को मरणासन्न हालत में छोड़कर पुत्र मौके से भाग गया। जानकारी पाकर रामदेवी की विवाहित की पुत्री पुष्पा देवी मौके पर पहुंची। मां को गंभीर अवस्था में देख उसने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गई। यहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सकों ने रामदेवी को मृत घोषित कर दिया। इसपर पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। बाद में मृतका की विवाहित पुत्री ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने सगे भाई आकाश व अवधेश तथा आकाश की पत्नी व भाजपा नेत्री शिखा दोहरे, अवधेश की पत्नी मालती देवी पर मां की हत्या कर देने का आरोप लगाया है। उधर आकाश की पत्नी व भाजपा नेत्री ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर सिर्फ अपने पति पर अपनी सास की हत्या कर देने का आरोप जड़ा है। पुलिस दोनो प्रार्थना पत्रों के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही बजह पता चल सकेगी। इसके बाद ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं का देश की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने में है अहम योगदानः जिला निर्वाचन अधिकारी

- मतदान प्रतिशत बढाये जाने के उद्देश्य से महिलाओं को जागरुक किये जाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मतदान प्रतिशत बढाये जाने के उद्देश्य से महिलाओं को जागरुक किये जाने को लेकर गुरुवार को जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि मतदान केन्द्र में शतप्रतिशत वोटिंग हो, इसलिए आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में नए युवा एवं महिला मतदाताओं को विशेष रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि महिलाओं का देश की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने में अहम योगदान है। उन्होने महिला संगठनों से कहा कि जो महिलाये वोटिंग करने नही जाती है, उन्हे मतदान करने के लिए प्रेरित करे। वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाये जाने में महिलाओ की मुख्य भूमिका होती है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत देने का स्वतंत्र रूप से अधिकार है। बिना किसी के दबाव व प्रलोभन के मतदान करें। कहा कि आयोग ने चुनाव प्रक्रिया में काफी बदलाव किये हैं, वोटिंग में किसी प्रकार की दिक्कत नही होगी। प्रत्येक केन्द्र पर वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनो की सुविधा हेतु रैम्प बनाये जाने के साथ ही व्हीलचेयर की व्यवस्था रहेगी और प्रत्येक केन्द्र में वृद्वजनो को बैठने की सुविधा हेतु कुर्सियो की भी व्यवस्था की जायेगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर नवनीता राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## युवक ने घर में खाया जहरीला पदार्थ, मेडिकल कॉलेज में मौत

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के लाख गांव में गुरूवार को एक युवक ने अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। यहां कुछ देर उपचार के बाद युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के लाख गांव निवासी आकाश राठौर (23) पुत्र दयाराम का विवाह मई 2023 में कन्नौज से हुआ था। आकाश दिल्ली में एक प्राईवेट कम्पनी में नौकरी करता था। इन दिनों वह अपने घर आया हुआ था। आकाश की पत्नी इन दिनों अपने मायके कन्नौज में थी। गुरूवार को घर पर ही किसी से विवाद होने पर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने जब उसकी हालत को बिगड़ते देखा, तो एम्बुलेंस की मदद से उसे मेडिकल कॉलेज ले आए। यहां उपचार के दौरान आकाश ने दम तोड़ दिया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाकर इंदरगढ़ पुलिस को सूचना दे दी है। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ता मुकेश पाण्डेय के चैंबर में अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया

**छिबरामऊ कन्नौज।** अभिनेता आशीष सिंह चौहान निवासी जासमई जिला मैनपुरी हाल निवासी मोहल्ला दीक्षित छिबरामऊ का गुरुवार को वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश पाण्डेय के चैंबर में अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। अभिनेता आशीष सिंह चौहान ने जीरो, सोनम गुप्ता बेवफा, बेल, साकेत नगरी अयोध्या सहित कई मूवी तथा तेरी बिन सजनी एलबम सांग में काम किया। स्वागत के दौरान मुकेश चंद्र पाण्डेय, रावेंद्र सिंह चौहान, बंटी अग्निहोत्री, रामप्रकाश यादव, ललित प्रताप सिंह, संदीप मिश्रा, हैप्पी मिश्रा, आशीष दुबे, रूपेश दुबे, मोहित पाण्डेय, तनकीद, मनीष, रमन चौहान, अनुज यादव, हिमांक दुबे, गोपाला पाण्डेय सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव वर्ष 2024-2025 का कार्यक्रम घोषित

**छिबरामऊ कन्नौज।** बार एसोसिएशन का वाषिर्क चुनाव की तिथि धोषित कि गई व एल्डर्स कमेटी ने चुनाव अधिकारियो का गठन भी किया गया। अधिवक्ता सभागार मे एक बैठक आहूत की गई जिसमे एल्डर्स कमेटी के निर्देशानुसार बार एसोसिएशन के वाषिर्क चुनाव की तिथि भी धोषित की गई। जिसमे नामांकन पत्र की बिक्री व जमा करने की तिथि 11मार्च व 12 मार्च की सुबह 10बजे से दोपहर 3बजे तक वही नामांकन पत्रो पर आपत्तियॉ दाखिल करने के लिए 13 मार्च की सुबह 1बजे से दोपहर 3 बजे तक की जायेगी।14 मार्च को नामांकन पत्रो की वापसी सुबह 10 बजे से 1 बजे तक की जायेगी इसी के साथ प्रत्याशियो की अन्तिम सूची का प्रकाशन 3बजे तक किया जायेगा।मतदान 20 मार्च की सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा और 3बजे के बाद मतगणना की जायेगी।दो नए सहनिर्वाचन अधिकारी को सौपी गई जिम्मेदारी। एल्डर्स कामेटी के अध्यक्ष रामाकांत दीक्षित ने दो सह निर्वाचन अधिकारियो का भी गठन किया गया जिसमे रामचन्द्र यादव को मुख्य चुनाव अधिकारी एस एम रिजवी,राकेश दुबे को निर्वाचन अधिकार व दफेदार,राजीव कुमार सिंह, आर एन त्रिपाठी,विजय कुमार त्रिपाठी,अभिरुप दीक्षित सहित उमेन्द्र सिंह यादव को सहायक निर्वाचन अधिकारी बनाया गया।

## दो पक्षों में हुई मारपीट में चार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते दो पक्षों में गाली गलौज के बाद एकत्र हुए लोगों में जमकर लाठी डंडे चले जिससे दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम पचपुखरा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र पातीराम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बुधवार को वह अपने घर के बाहर बैठा था तभी गांव के ही शिवम, मयंक, संगीता देवी आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा से मारपीट शुरू कर दी।

# प्रिया शाक्य ने गांव के बुजुर्गों से कराए विकास कार्यों के लोकार्पण

- छिबरामऊ कन्नौज ग्रामीणों को मोदी की गारंटी समझा कर तीसरी बार पीएम बनाने की अपील की

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**जिला पंचायत** अध्यक्ष प्रिया ओम शाक्य ने जिला पंचायत की ओर से कई गांवों में कराए गए पुलिया, सीसी रोड निर्माण एवं हाई मास्ट लाइट आदि विकास कार्यों का लोकार्पण लीक से अलग हटकर उस गांव के बुजुर्ग से कराया और माल्यार्पण के बाद शाल ओढ़ाकर उसे सम्मानित भी किया। इसके साथ ही ग्रामीणों को भाजपा के अंगवस्त्र भेंट करके मोदी की गारंटी समझाते हुए तीसरी बार पीएम बनाने की अपील की। ग्राम अहिरुआ के मजरा नगला टीका में बुजुर्ग विद्याराम ने फीता काट कर जबकि प्रिया ओम शाक्य ने शिलापट का अनावरण करके हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण किया। यहां उर्मिला, रूपा, मीरा, रूबी, अनीता, लाखन सिंह, अनिल कुमार, मदनलाल, रामफेरे, रामसनेही, रामचंद्र, भारत सिंह, राजेश, रामसच्चे, संतराम व गोविंद आदि मौजूद रहे। ग्राम जगदीशपुर के मजरा मलपुरा में बुजुर्ग महेंद्र सिंह व राम प्रकाश ने फीता काटकर हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण किया। यहां मालती, उषा, हर देवी, शारदा, जयश्री, सोनकली, धनदेवी, पिंकी, मीना, रामा, डॉ रामऔतार, राम प्रकाश वर्मा, अवधेश सिंह व प्रदीप आदि मौजूद रहे। इसी गांव की पुलिया का लोकार्पण बुजुर्ग फूल सिंह व तुलाराम ने और सीसी रोड का लोकार्पण बुजुर्ग राम प्रकाश वर्मा ने किया। ग्राम खजुरागढ़ में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण बुजुर्ग श्रीकृष्ण ने किया। यहां मीना, गुड्डी, सुनीता, विमला, ओमकार, अभिनय, हवलदार, आसाराम, श्यामू, डॉ आदित्य, नंदराम व रामकृष्ण आदि मौजूद रहे। इसी गांव की सीसी रोड का लोकार्पण बुजुर्ग आदित्य नारायण ने किया। कैरदा उस्मानपुर चौराहे पर लगी हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण बुजुर्ग कैलाश शाक्य ने किया जबकि कैरदा गांव में कंपोजिट विद्यालय के गेट पर लगाई गई हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण उस्मानपुर के प्रधान नरेंद्र सिंह उर्फ संजू ने किया। यहां अवधेश, दिनेश, बृजेश, मंटू, धर्म सिंह, राजपाल, नवीन, अनिल, सुखवीर व जितेंद्र आदि मौजूद रहे। सभी जगह पंडित प्रेम कुमार ने पूजन कार्य संपन्न कराया। इस दौरान सहायक अभियंता हरेंद्र राय, अवर अभियंता अशोक कुमार यादव, बेचन लाल व रमेश सहित रामप्रकाश शाक्य बड़े, प्रमोद यादव, बांकेलाल, पुष्पेंद्र, सुभाष शाक्य, शेर बहादुर, योगेंद्र व पृथ्वीराज आदि मौजूद रहे।

# गुंजरते रहे बम-बम भोले के जय धोस व डीजे की घुन पर धरते भक्त



**छिबरामऊ कन्नौज।** महाशिव रात्रि के पर्व पर भक्त लोग अपने अपने जिले के शिव मंदिरो मे कांवरियो बम-बम भोले जय धोस के साथ निकलते नजर आये शिव भक्तो का जनसैलाब पर नजर रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था के साथ अवगमन के लिए फर्रुखाबाद चौराहे व पीपल चौराहे पर पुलिस करोमियो को तैनात किया गया। यहा से निकलने वाले कांवरिया एम पी,इटावा सहित कई जिलो के शिव भक्त टैक्टर पीकप पर डीजे बांधकर भक्तो का जनसैलाब निकलता है।युवा व बुजुर्ग कांवरियो की टोहिया पैदल चलकर फर्रुखाबाद के घटिया घाट से जल भरकर करीब 150,से 200 किलोमीटर अपने अपने जिले के लिए रवाना होते है। दो दो भक्तगण मिलकर बारी बारी से कंधो पर कांवर लेकर बम-बम भोले के जय धोस कर निकलते नजर आते है।खास बात तो यह है कि शिव भक्त कांवर को कही रखते नही है।रास्तो मे जगहो पर भारी पुलिस बल तैनात रहता है शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स गश्त कर निगरानी भी करती है जिससे कांवरियो को कोई दिक्कत न हो सकें।

# वीजेपी इन्टर कालेज में संपन्न हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

तेराजाकेट/ समधन, समृद्धि न्यूज़



प्रतिस्पर्द्धा के युग में विद्यालय स्तर पर बच्चों को निखारने के लिए सामान्य ज्ञान जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित होती रहनी चाहिए। इन प्रतियोगिताओं से बच्चों में भविष्य में आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए सीख मिलती है और उन्हें सफलता प्राप्त करने में कोई कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता। विद्यालय के शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना पैदा करें और उन्हें किसी भी कम्पटीशन के लिए समय समय पर प्रोत्साहित करते रहें।

यह बात जीटी रोड स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। विद्यालय प्रांगण में जूनियर वर्ग तथा सीनियर वर्ग की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 8 तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 11 तक के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 'ओएमआर' शीट पर कराई गई ताकि आगे आने वाले भविष्य में छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्द्धाओं में प्रतिभाग करने का अनुभव दिलाया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्र के प्रति स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा पैदा करने के लिए इस स्तर पर सामान्य ज्ञान जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित होती रहनी आवश्यक हैं। बच्चे देश का भविष्य हैं उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी हम शिक्षकों का है इसलिए उन्हें इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम अतिशीघ्र घोषित किया जायेगा जिसमें सफल होने वाले छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जायेगा। इस मौके पर शिक्षक फूल मोहम्मद, रंजीत कुमार, ओमेन्द्र सिंह, राशिद खान, अमन यादव, श्रीमती अल्का दुबे, कु0 सलोनी, श्रीमती दीपिक तिवारी, शिवम पाल, सन्ध्या यादव, नाजरीन बानो सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

# त्योहारों पर अराजकता बर्दाश्त नहीं की जायेगीः सीओ सदर

- सीओ सदर नें पीस कमेटी की बैठक में नागरिकों से की अपील

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज




**महाशिव** रात्रि पर्व व माहे रमजान त्यौहार से पूर्व कोतवाली परिसर में सदर क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं सद्भावना से मनाने की अपील करते हुए नागरिकों से सुझाव मांगे।

गुरूवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पहुंचे सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने मौजूद नागरिकों से महाशिव रात्रि पर्व पर नगर के मंदिरों में होनें बाले आयोजनों सहित मुस्लिम धर्म के प्रमुख त्यौहार माहे रमजान के संबंध में जानकारी ली। इसके उपरान्त सदर क्षेत्राधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा को शांति व्यवस्था बनाये रखनें सहित अतिक्रमणकारियों को हिदायत देनें के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि दोनों धर्म के सभ्रांतजन आपसी प्रेमभाव के साथ त्यौहार मनाए। कहा कि सभ्रांतजन असामाजिक तत्वों की सूचना दें ताकि उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। इसके उपरांत मौजूद संभ्रांतजनों ने सीओ सदर को आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनानें का भरोसा दिलाया। इस दौरान निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार व महेन्द्र सिंह, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह सहित विहिप नेता नीरज मिश्रा, सुगम दुवे, मुनीर कुरेशी, डा. जहीर अहमद, तारिक बशीर, शमशाद खॉ, गोल्डू चौहान, सभासद प्रतिनिधि सौरभ कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

# ईओ नें नगर के मोहल्लों का भ्रमण कर स्वच्छता का जायजा लिया



वार्डों में भ्रमण कर नागरिकों को जागरूक करते ईओ

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- कूड़ा पृथकीकरण व जलसंरक्षण के लिये नागरिकों को जागरूक किया

**स्वच्छता** अभियान को गति देने के उददेश्य से अधिशाषी अधिकारी नें पालिका कर्मियों के साथ विगत तीन दिनों से सुवह तडके बार्डो का भ्रमण कर जहां एकओर स्वच्छता का जायजा लिया वहीं दूसरी ओर नागरिकों को कूड़ा पृथकीकरण से अवगत कराते हुये जल संरक्षण का संदेश देकर जागरूक किया। गुरूवार को नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 03 में पालिका कर्मियों के साथ पैदल भ्रमण कर अधिशाषी अधिकारी अनिल पंडित नें नागरिकों को गीले व सूखे कूड़ा को अलग अलग प्रदान करने व अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखनें जाने व पेयजल का महत्व बताते हुये बर्बादी न करने की अपील करते हुये जागरूक किया। साथ ही अतिक्रमण न करने तथा पॉलीथिन का प्रयोग न करनें के संबंध में निर्देश दिये। बताते चलें कि अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित द्वारा पालिका टीम के साथ विगत तीन दिनों से प्रातः 7 बजे से नगर के बार्डो का भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान ईओ ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह सोमवार से गुरुवार तक 4 दिन प्रातः 7 बजे से निरीक्षण का रोस्टर तैयार किया गया है। निरीक्षण टीम में प्रधान लिपिक आरपी सिंह, ज़िलेदार सिंह, जनार्दन मिश्रा, राजन राजपूत, अशोक कुमार, संजीव सिंह, आकाश सक्सेना एवं मनोज तिवारी को सम्मिलित किया गया है।

पर्व

महाशिवरात्री पर्व पर फूलों से सजाया गया दौलेश्वर धाम

# सिद्धपीठ बाबा दौलेश्वर धाम में आज उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब





तिर्वा। समृद्धि न्यूज

- भारी संख्या में कावरियों के जत्थों के आने का सिलसिला शुरू
- सैकड़ो दुकानदारों ने मेला परिसर में सजाई अपनी दुकानें

**कस्बे में** स्थिति सिद्धपीठ बाबा दौलेश्वर धाम में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित एक दिवसीय विशाल मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इस मेले में सैकड़ो की तादात में कावरियों का जत्थे भी आना शुरू हो गए हैं। इसके लिए जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंधन कमेटी ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। मेले स्थल पर सैकड़ो दुकानदारों ने अपनी दुकानों को सजाना शुरू कर दिया हैं। कस्बे के प्रसिद्ध सिद्धपीठ दौलेश्वर धाम की देखरेख मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा की जाती है। सैकड़ो साल पहले खुदाई में निकले शिवलिंग को इस धाम में स्थापित किया गया था। कई दशकों पहले दिव्य संत करवाबाबा द्वारा शिवमदिंर की पूजा अर्चना की जाती थी। मंदिर के विषय में पुजारियों द्वारा कई अलौकिक कहानियां बताई जाती है। मंदिर के पुजारी का कहना है कि महाशिवरात्री के दिन शिवमंदिर में आज भी पहली पूजा का श्रेय आज तक किसी को नहीं मिला है। बर्षो से कई पुजारी इस बात का रहस्य खोल नहीं सके, कि मंदिर में पहली पूजा किसने की है। सुबह ही शिवलिंग पर बेल पत्री, फूल आदि से पूजा की हुई मिलती है। जिससे भक्तों में शिवमदिंर के प्रति अगाध श्रद्धा बढ़ी है। महाशिवरात्री के दिन भक्तों का विशाल सैलाब उमड़ता है। इस दिन विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। जिसके लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं।

## सीसीटीवी की निगहबानी में रहेगी कैम्पस की सुरक्षा

**तिर्वा। दौलेश्वर** धाम में लगने वाले एक दिवसीय मेले के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मन्दिर परिसर की निगरानी सीसीटीवीकैमरो के जरिए की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेरीकेंटिग की व्यवस्था कीगई हैं। महिला व पुरूषों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं। मन्दिर परिसर सुबह 4 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। सबसे पहले रात्रि में रुके कावंरियो के जत्थे जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद ही अन्य श्रद्धालुओं को मौका मिलेगा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई थानों की पुलिस, महिला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस व दमकल विभाग की गाड़ियां मौजूद रहेगी। सिविल ड्रेस में भी महिला सिपाहियों की तैनाती की जा रही हैं।

## फूलों से सजाया गया दौलेश्वर धाम

**तिर्वा।** महाशिवरात्री के पर्व को लेकर सिद्धपीठ दौलेश्वर धाम को मन्दिर प्रबंधन कमेटी से जुड़े सदस्यों ने गुलाब, गेंदा, कड़हल, चमेली सहित कई तरह के फूलों से सजाया हैं। मंदिर के मुख्य गेट को भी बिजली की झालरों से सजाकर उसे आकर्षक बनाया गया हैं। शिवलिंग के आसपास भी फूलों की सजावट की गई हैं।

## एसडीएम व तहसीलदार ने मंदिर पहुंच परखी सुरक्षा व्यवस्थाएं

**तिर्वा।** महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा दौलेश्वर धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु व कावरियां जलाभिषेक करने के लिए मंदिर में आते हैं। कावरियों के लिए मंदिर परिसर में अलग से व्यवस्थाएं कराई जा रही है। इसको लेकर गुरूवार की दोपहर एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार ने तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह के साथ मंदिर परिसर में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने बताया कि कावरियों के लिए विशेष इंतजार कराए जा रहे हैं। जिससे उनको किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शिवमय हुई अपराकाशी

- शिवालयों में की गई भव्य सजावट, आज होगी श्रृंगार पूजा व अभिषेक
- श्रृंगीरामपुर में कांवारियों ने पहुंचकर भरा जल, भोले के धाम हुए रवाना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



गोलागोकर्णनाथ के लिए रवाना होते कांवरिए समृद्धि न्यूज



महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर सजा पंडाबाग मंदिर

**मंदिरों** के लिहाज से दूसरी काशी कही जाने वाली नगरी फर्रुखाबाद महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर ही शिवमय दिखायी दी। शिवालयों में पूजा की तैयारियां पूरे दिन होती रहीं। देवाधिदेव भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह का पर्व है। भक्त इस दिन को पूरी श्रद्धा के साथ मनाते है। शिवरात्रि शिव और शक्ति के मिलन का पर्व होने के नाते इस दिन सच्चे मन से की गई पूजा फलदाई होती है। नगर के शिवालयों में देर शाम तक तैयारियों का दौर चलता रहा। शुक्रवार को सुबह से ही भगवान शिव की आराधना का क्रम शुरु होगा और पूरे दिन पूजा का दौर चलेगा। प्रमुख शिवालयों में पण्डाबाग, महाकाल मंदिर, नागेश्वरनाथ शिवालय, कोतवालेश्वरनाथ मंदिर, तामेश्वरनाथ शिवालय, कालेश्वरनाथ शिवालय समेत गली मोहल्लों में स्थापित भगवान शिव मंदिरों को भव्य रुप दिया जा रहा है।

भगवान भोलेनाथ का पवित्र दिन महाशिवरात्रि का पर्व शुभ मुहूर्त में मनाया जाएगा। इस बार की महाशिवरात्रि पर ग्रह पांच राशियों में होंगे। चंद्र और मंगल एक साथ मकर राशि में होंगे। यह संयोग लक्ष्मी नामक योग बना रहा है। अबकी बार महाशिवरात्रि पर अलौकिक शक्ति का संचार होगा एवं जो लोग व्रत पूजन, रात्रि जागरण करेंगे उनको निश्चित ही सफलता मिलेगी। महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक का अपना अलग महत्व है। भगवान भोलेनाथ की पूजा करने से निश्चित ही सफलता मिलती है। भगवान भोलेनाथ की पूजन विधि-सर्व प्रथम स्नान, भगवान को दूध, दही, घी, शहद, शकर आदि से स्नान कराया जायेगा। भांग, धतूरा, बेल पत्र, शमी पत्र, अबीर गुलाल, चंदन आदि से भगवान भोलेनाथ को सुशोभित किया जायेगा। रुद्राभिषेक होंगे। महाशिव रात्रि को भगवान शिव की रोली से पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है। रामचरित मानस व हनुमान चालीसा का पाठ और रात्रि जागरण विशेष फलदाई होते है। पंचामृत अभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। गन्ने के रस से अभिषेक करने से मां लक्ष्मी की अनंत कृपा भक्तों को प्राप्त होने का वर्णन मिलता है। जल से अभिषेक करने से जातक समस्त कष्टों से मुक्त रहता है। आज के दिन भगवान को बेर चढ़ाने से जीवन में शत्रु का नाश होता है। वहीं श्रृंगीरामपुर में सैकड़ों की संख्या में कांवरिए जल भरने पहुंचे। जो गोलागोकर्णनाथ के लिए रवाना होंगे।

# विद्यालय प्रबन्ध समिति उन्मुखीकरण संगोष्ठी में शिक्षा पर दिया गया जोर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज



संगोष्ठी में मौजूद शिक्षकगण समृद्धि न्यूज

**खंड शिक्षा** कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में शिक्षकों ने विद्यालय प्रबंधन समिति उन्मुखीकरण संगोष्ठी का आयोजन किया।

नवाबगंज स्थित खंड शिक्षा कार्यालय पर गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के नेतृत्व में विद्यालय प्रबंधन समिति उन्मुखीकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा महामंत्री सुनील रावत के पहुंचने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा पर शिक्षकों ने संगोष्ठी में अधिक जोर दिया। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति में क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों की ही भीड़ देखी गयी। ना ही कोई एसएमसी अध्यक्ष और ना ही कोई ग्राम प्रधान बैठक में मौजूद रहा। बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने शिक्षकों को शिक्षा पर गहनता से जोर देने की बात कही तथा उन्होंने शिक्षा संबंधी जितने भी उपाय हो सकते हैं बच्चों के हित में करने की बात बताई। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, समस्त आरपी पंकज यादव, बृजेश, पुष्कर, बलवीर सिंह, सुरेश चंद्र, प्रदीप पाल, शिक्षक प्रशांत कटियार, शालिग्राम गंगवार, सुनील पाल, राजीव राजपूत, आशीष यादव, संजीव रंजन, शिक्षक नेता ओम प्रकाश, ओंकार सिंह, सैय्यद आसिफ अली, शहर क्षेत्र के सभी प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# अनुराग यादव बने दूसरी बार लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



अनुराग यादव

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल ने अनुराग यादव को लोहिया वाहिनी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। बीते दिनों राजपाल यादव को लोहिया वाहिनी का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। उनके स्थान पर अनुराग यादव को दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनुराग यादव की क्षेत्र में युवाओं में अच्छी पकड़ है। बूथ कमेटी बनाने में अनुराग यादव ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें दूसरी बार लोहिया वाहिनी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# सौतेली बहन के नाम सम्पत्ति करने के शक में माँ-बाप को उतारा था मौत के घाट



आलाकत्ल सहित गिरफ्तार आरोपी अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**। सौतेली बहन के नाम सम्पत्ति करने के शक में आरोपी ने पिता और सौतेली मां को मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आलाकत्ल भी बरामद कर लिया।

जानकारी के अनुसार बीते 22 फरवरी को थाना कादरी गेट के बालाजीपुरम कोठा निवासी वकील मनोज पाल ने अपने कैंसर पीड़ित पिता 70 वर्षीय ओम प्रकाश व 65 वर्षीय माँ बबलीपाल को ईंट से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया था तथा फरार हो गया था। पत्नी ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। लगभग 17 दिन बाद पुलिस ने हत्यारोपी मनोज को क्रिश्चियन इंटर कालेज के मैदान से गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल कैंची व खून से सने कपड़े भी बरामद किये हैं। गिरफ्तार हत्यारोपी मनोज ने पुलिस को बताया कि उसकी सौतेली माँ बबली पाल अपनी पुत्री गुंजन उर्फ बॉबी के नाम सम्पत्ति करना चाहती थी। जिसके चलते उसने पिता और माँ को कैंची व ईंट से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला व उप निरीक्षक अनिल सिकरवार ने पुलिस बल के साथ उसकी गिरफ्तारी की।

# एफएसडीए ने छापा मारकर संग्रहीत किये नमूने

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



घुमना स्थित परचून दुकान पर नमूने संग्रहीत करती टीम समृद्धि न्यूज

**एफ0एस0डी0ए0 ने** छापामार कार्यवाही कर जांच हेतु दालचीनी के सर्विलांस नमूने संग्रहीत किये। इस कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति रही।

खाद्य पदार्थ दालचीनी के स्थान पर कैसिया के विक्रय की रोकथाम हेतु दो दिवसीय सर्विलांस अभियान में आज दूसरे दिन सहायक आयुक्त (खाद्य) के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेंद्र कुमार, डॉ0 शैलेंद्र रावत, अरुण कुमार मिश्र व विमल कुमार द्वारा बरझाला कायमगंज में स्थित हरीओम पुत्र ब्रह्मानन्द के खाद्य प्रतिष्ठान से 01 सर्विलांस नमूना, गढ़ी नूर कायमगंज स्थित अमोद कुमार सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान उर्विल किराना स्टोर से 01 सर्विलांस नमूना, बेवर रोड मोहम्मदाबाद स्थित दिलीप कुमार पुत्र छविनाथ सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान से 01 सर्विलांस नमूना, बेवर रोड स्थित मोहम्मदाबाद में इम्तयाज खां पुत्र इलियास खां के खाद्य प्रतिष्ठान से 01 सर्विलां नमूना, घुमना बाजार स्थित करन पटेल पुत्र प्रमोद कुमार के खाद्य प्रतिष्ठान बाबूराम ज्ञानचंद्र से 01 सर्विलांस नमूना, घुमना बाजार स्थित ज्योति गुप्ता पुत्र सचिन गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान रामेश्वर दयाल, राजेंद्र कुमार से 01 सर्विलांस नमूना, पांचाल घाट स्थित मलिखान सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान नेताजी जनरल स्टोर से 01 सर्विलांस नमूना तथा घुमना बाजार स्थित शिवम सिंह पुत्र मलिखान सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान चाचाजी प्रोविजन स्टोर से 01 सर्विलांस नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया।

## खबरें चलते-चलते

### चोरी गया ट्रैक्टर पुलिस ने स्वामी को किया सुपुर्द

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**। बीते दिनों गांव बराकेशव से पकड़ा गया चोरी का ट्रैक्टर न्यायालय के निर्देशन पर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर स्वामी को सुपुर्द कर दिया। जानकारी मिलने पर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बराकेशव से बीते कुछ दिनों पूर्व एक आयशर ट्रैक्टर एमपी05एजे3194 जो कि कई महीनों से थाने पर खड़ा हुआ था। जिसको दो दिन पूर्व थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश अनुसार ट्रैक्टर स्वामी को अवमुक्त कर दिया। जब जिसकी सूचना किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को लगी, तो किसान यूनियन के कार्यकर्ता ने ट्रैक्टर को पुलिस पर रुपए लेने का आरोप लगाकर अवमुक्त करने की बात कही। जिस पर भारतीय किसान यूनियन के बड़ी संख्या में जिला अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता थाने पर जा धमके और थाने को चारों तरफ से घेर लिया तथा पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करके नारेबाजी करने लगे। भारी संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को देखकर थाना पुलिस भी सक्रिय हो गई। पर सूचना कार्यवाहक थाना अध्यक्ष मोहम्मद अकरम मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं को न्यायालय का आदेश दिखाया। तब कहीं जाकर कार्यकर्ता शांत हुए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य, कानपुर मंडल प्रभारी प्रभाकांत मिश्रा, लक्ष्मी शंकर जोशी, राजू ठाकुर, मोनू मिश्रा तथा संजू सक्सेना सहित लगभग आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता महिलाओं सहित थाने पर मौजूद रहे।

### डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार गिरकर घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**। शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रजलामई निवासी विजेंद्र सिंह उम्र 30 वर्ष पुत्र चंद्रपाल सिंह उस वक्त डीसीएम की चपेट में आने से घायल हो गया जब वह बाइक द्वारा गांव से फैजबाग की ओर जा रहा था। बताया गया है दोपहर के समय बाइक सवार युवक आवश्यक कार्य से फैजबाग की ओर जा रहा था। वहीं कायमगंज से फर्रुखाबाद की ओर जा रही एक डीसीएम जिसके पीछे गुजरते समय बाइक सवार ठेली तथा डीसीएम के मध्य चपेट में आ गया और गिरकर घायल हो गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए डीसीएम का पीछा किया और कुछ दूरी पर दौड़ाकर रोक लिया। बताते हैं दुर्घटना की सूचना बाइक सवार के परिजनों को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल युवक को कस्बे के प्राइवेट नर्सिंग होम में दिखाया। जहां चिकित्सकों के इन्कार करने पर परिजन फर्रुखाबाद ले गए। जहां एक प्राइवेट नर्सिंग में उपचार जारी है। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। स्थानीय पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की मौखिक सूचना दी गई है। तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने बताया कायमगंज से फर्रुखाबाद जा रही एक डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। जिसका उपचार जनपद के प्राइवेट नर्सिंग होम में जारी है। उन्होंने बताया परिजन फर्रुखाबाद में है। आने के बाद तहरीर दी जाएगी।

### लूट के मामले में दोष सिद्ध, सजा पर सुनवाई 11 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**। अपर जिला जज कक्ष संख्या 5 न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने 30 वर्ष पूर्व के लूट के मामले में उमेश पुत्र महिपाल ठाकुर, राजबहादुर पुत्र सुदामा ठाकुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 11 मार्च की तिथि नियत की गयी है। बीते 30 वर्षो पूर्व थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम मेंदपुर निवासी सुरेश चंद्र ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैं जल निगम में हैंड पाइप लगवाने का कार्य कर करता हूँ। मैं शाम को काम करवाकर साइड से घर वापस आ रहा था। रास्ते में चार व्यक्तियों ने हमको जबरदस्ती पकड़ लिया और मुझे बंधक बनाकर लूट लिया और भाग गए। किसी तरह उनके चुंगल से निकलकर थाना कम्पिल पहुंचा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व अभियोजन के पक्ष से कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने उमेश, राजबहादुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 11 मार्च की तिथि नियत की गयी है।

### देवर की प्रताड़ना से परेशान महिला पहुंची थाने

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**। थाना अंतर्गत ग्राम नगला गुलरिया निवासिनी विनीता देवी पत्नी अमित कुमार ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि हमारे देवर अर्पित कुमार पुत्र सुभाष चंद्र आए दिन लड़ाई झगड़ा करते हैं तथा दिनांक 23 फरवरी को मुझे एवं मेरे सास ससुर को जमकर मारापीटा था। जिसकी लिखित सूचना थाना नवाबगंज पुलिस को दी थी। जिस पर उसने मुझे व मेरे पति को मारापीटा था तथा हमारे सास ससुर को घर से ही निकाल दिया। जो वर्तमान समय में कायमगंज कमरा किराए पर लेकर रह रहे है। दिनांक 6 मार्च को समय लगभग 6.00 बजे प्रातः हमारे साथ मारपीट की, जबकि मेरे पति मजदूरी करने गए थे। जब मजदूरी करके वापस लौटे तो शाम को उनको भी मारा पीटा। जिससे पूरा परिवार तंग आ चुका है। घर में किसी भी हालत में रहने नहीं दे रहा है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

### पंचायत भवन में हुई चोरी के मामले में ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**। बीते दिनों ग्राम पंचायत के पंचायत भवन से हुई चोरी के मामले में थाना पुलिस ने ई-रिक्शा तथा उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के विकास खंड क्षेत्र बढ़पुर की ग्राम पंचायत कलौली महबुल्लापुर में बीते दिनों पंचायत भवन का ताला तोड़कर उसमें रखे इनवर्टर बैट्री व अन्य जरूरी समान अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए थे। सूचना पाकर पहुंचे प्रधान नरेंद्र सिंह ने देखा, तो उन्होंने पंचायत सहायक को साथ लेकर थाने में तहरीर दी। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने ग्राम प्रधान के बताए अनुसार ग्राम हरिपुर निवासी जबर सिंह पुत्र श्रीपाल उर्फ राजा को थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया और उसका ई-रिक्शा थाने पर खड़ा करवा लिया, लेकिन आरोपी थाने पर नहीं था। जब काफी खोजबीन की गयी, तो पता चला कि आरोपी को थाना पुलिस बबना चौकी पर बंद करके पूछताछ कर रही है, ताकि यहां मीडिया कर्मियों को कोई भनक न लग सके। जब थाना पुलिस से इस बावत जानकारी की गयी, तो पुलिस ने कोई जानकारी देने से इन्कार कर दिया।

# गेहूँ खरीद कार्यशाला सम्पन्न, कल तक सभी किसानों का सत्यापन करा लिया जाये: डीएम



बैठक के दौरान मौजूद जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रवी विपणन वर्ष 2024-2025 के लिये गेहूँ खरीद कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि गेहूँ खरीद के लिये कुल 47 केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें से 46 स्थापित हो गये हैं। एफसीआई का 01 केंद्र अभी स्टार्ट नहीं हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी किसानों का समय से रजिस्ट्रेशन करा लिया जाये। सभी का सत्यापन उपजिलाधिकारी द्वारा अपने स्तर से कर लिया जाये। बैठक में बताया गया कि अभी तक 374 किसानों का सत्यापन हो गया है। 54 सत्यापन पेंडिंग है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कल तक सभी सत्यापन करा लिये जाये। सभी खरीद एजेंसी 03 दिन में सभी केंद्रों पर तौल मशीनें उपलब्ध करा दें। बॉट माप विभाग को निर्देशित किया गया कि 10 दिन में सभी मशीनों की जाँच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। सभी केंद्रों पर खरीद मूल्य का डिस्प्ले बोर्ड लगा दिया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी अमृतपुर, जिला कृषि अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

फटकार

## विधायक ने बीडीओ को लगायी फटकार, बोले प्रधानों को न समझें दुधारु गाय

# नरेंद्र मोदी को हराने के लिए पूरा विपक्षी दल एक हो गया है: सांसद

कमालगंज, समृद्धि न्यूज



कार्यक्रम में मौजूद सांसद, विधायक, ब्लाक प्रमुख आदि समृद्धि न्यूज

**नारी शक्ति** वंदन अभिनंदन के तहत ब्लॉक कमालगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि के अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शकुंतला राजपूत ने कहा कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के नारे को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कमालगंज में हमने सबसे ज्यादा विकास कार्य करके दिखाया। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भी आप लोग इसी प्रकार सहयोग करें, तो क्षेत्र की तस्वीर बदल देंगे। विधायक भोजपुर विधानसभा नागेंद्र सिंह ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख शकुंतला राजपूत के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा गावों को विकाश की ओर ले जाया जायेगा। उन्होंने कहा कि अभी भी कुछ कमियां हैं। मार्च के बाद मशीन तभी अंगूठा रिसीव करेगी जब पूरा राशन मिलेगा। 2014 में मोदी ने कहा था ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। बीडीओ कमालगंज को फटकार लगाते हुए विधायक ने कहा कि अपने सचिवों को टाइट रखें। प्रधानों को दुधारू गाय ना समझें। ग्राम प्रधानी के विकास कार्य मे रोड़ा ना अटकायें। शीलचंद्र राजपूत ने कहा पूर्व समय में विकास खंड का पैसा 11 से 12 गांव में घूमता रहता था, जबकि भाजपा की सरकार बनने के बाद बीडीओ कमालगंज से उसका लेखा जोखा मांगा था। 85 करोड़ रूपया सिर्फ एक ग्राम पंचायत में लगाया गया था।

सांसद ने कहा आदर्श गांव बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा और आएगा। जो विकास कार्यों में लगाया जायेगा। ईमानदारी से जो पैसा ऊपर से आता है और सारा लगा दिया जाए तो गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को हराने के लिए पूरा विपक्षी दल एक हो गया है। पिछली बार 58 प्रतिशत वोट मिला था और इस बार 80 प्रतिशत वोट मिलने की सम्भावना है। विकास की कमी जो रह गया उसे 2027 तक पूरा किया जायेगा। ट्यूबवेल से सिंचाई करने वाले किसानों से बिजली का बिल नहीं पड़ेगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शकुंतला राजपूत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद राजपूत, खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय, एडीओ आईएसबी आलोक कुमार दुबे, वरिष्ठ लिपिक विजय राठौड़, प्रधान व समस्त बीडीसी उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र अंगूरी बाग में मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



शिवरात्रि पर्व कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व बीके बहने — समृद्धि न्यूज

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्वविद्यालय जटवारा अंगूरी बाग में 88वीं महाशिवरात्रि के उपलक्ष में संदीप राठौर, संजय गर्ग, सुआलाल मिश्रा, मनोज दीक्षित, पूनम, गीता, संतोष, श्वेता दुबे ने दीप प्रज्वलन ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत नृत्य कुमारी पीहू, सिमर, खुशी ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि संदीप राठौर ने कहा कि बुराइयों को छोड़ने से मनुष्य में सदगुण सच्चाई आने लगते हैं। एक दूसरों से सदुणों का आदान-प्रदान करें, सच्चाई सफाई से रहे इससे समाज में परिवर्तन बहुत जल्दी आएगा। राम राज्य की स्थापना सहज ही हो जाएगी। विशिष्ट अतिथि संजय गर्ग ने कहा कि एक-एक अवगुण को निकालते जाएं, गुणो को धारण करते जाये, ईश्वर का ध्यान करें, मन में शांति मिलेगी। सुआलाल मिश्र ने कहा कि समाज एक दर्पण का कार्य करता है। उसमें अपनी कमियों को देखते जाएं और आगे बढ़ते जाएं। आप जैसा श्रेष्ठ व्यक्ति संसार में दूसरा कोई नहीं होगा। गीता बहन ने कहा भगवान शिव पर धतूरा भांग आदि को चढ़ाने की बजाय इनका आध्यात्मिक रहस्य समझे और बुराइयों को छोड़े। गन्ने के समान अपने मन को रसदार प्रेमपूर्ण बनाएं। भगवान शिव भूत भविष्य वर्तमान आदि को जानने वाले हैं। बेर भावना को त्यागे, दूध के समान अपने अंदर सत धर्म को स्थापित करें। बीके पूनम बहन ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा ईश्वरोय विश्वविद्यालय समाज को सत्य ज्ञान देकर नई दिशा प्रदान कर रहा है। श्वेता दुबे ने कहा हमें जिस प्रकार से अपने बच्चों में नैतिकता सत्यता निर्भरता आदि के गुना को धरण करने का काम माताएं बहुत अच्छा कर रहे हैं। डॉ0 गंगा सिंह वर्मा ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर देव कुमार शर्मा, रामावतार कुशवाहा, मनोज दीक्षित, मानसिंह, संजय, गंगा सिंह, हेमचंद्र, राजेश, दीनदयाल, रवि शर्मा, हुकुम सिंह, रामकिशोर, सुनील, प्रवीण, राजन, खुशी, मानवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र पर धूमधाम से मना 88वां महाशिवरात्रि महोत्सव

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**



कार्यक्रम में मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

**ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र पर शिवदर्शन में 88वां महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में महिलाओं व बच्चों व संभ्रांत लोगों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

जानकारी के अनुसार नगर में स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र पर गुरुवार को शिवदर्शन में 88वां महाशिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय कमालगंज ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज मुझे इस संस्था में आकर बहुत अच्छा लगा। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सभी को थोड़ा समय अवश्य निकालकर संस्था से जुड़ें। जिससे उन्हें आत्मिक ज्ञान की अनुभूति हो सके। इसके अलावा कमालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पति कृष्ण कुमार शंखवार, एडवोकेट विनोद असोलिया आदि लोगों ने भाग लिया। केंद्र संचालिका बी.के. ऊषा ने सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया। कुमारी नेहा ने स्वागत डांस किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक कुमार ने किया।

## खबरें एक नजर में

### फतेहगढ़ महोत्सव में मुशायरा व कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

- कवियों एवं शायरों को शाल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ महोत्सव के गंगा जमुनी कवि सम्मेलन व मुशायरे में कौमी एक जेहती की बयार बही। कविओं व शायरों ने अपने कलामों के जरिए इंसानियत का पैगाम दिया। अध्यक्षता तौकीर अहमद ने की व संचालन उपकार मणि उपकार ने किया। फतेहगढ़ महोत्सव अपनी ऐतिहासिकता के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। रात्रि में गंगा जुमनी कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन हुआ। युवा शायर बारिश रजा की नात-ए पाक के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। मां सरस्वती की वंदना की गई। मुशायरे को अपनी आवाज से नवाजते हुए युवा कवि निमिष टंडन ने कहा कि आग इस दिल में जलाये रखना, खुद को इंसान बनाए रखना। उस्ताद शायर सय्यद इरफान अली ने कलाम के जरिए समा बांध दिया। साहित्यकार डॉ0 पीडी शुक्ला ने श्रंगार रस की कविताओं से कार्यक्रम को सरावोर किया। उन्होंने कहा कि तेरी दहलीज तक सिमटी कई यादें, तुम्हारा हर हुनर मेरी यादों का हिस्सा हो गया है, कब तलक पूंछे कि कैसे हो बताओ तो सही, तुम्हारा हाल मेरी बीमारी का किस्सा हो गया है। युवा शायर सादाब खां ने कलाम पढ़ा। अध्यक्षता करते हुए तौकीर खां ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब को जिंदा रखने की जरूरत है। इस मौके पर शायरों व कवियों को शाल उड़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संयोजक रिजवान अहमद ताज ने आए हुए लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर युनुस अंसारी, हाजी अल्लाहदीन, राजीव बाजपेई, राघवेन्द्र सिंह रानू, ओम प्रकाश चौटाला, मनोज, भूरा, साबिर हुसैन, जाहिद हुसैन, रिहान आदि लोग मौजूद रहे।

### बीआरसी मोहम्मदाबाद में जेंडर इक्विटी कार्यशाला सम्पन्न



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जेंडर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजिल के सशक्तिकरण तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीआरसी मोहमम्दाबाद में सम्पन्न हुआ। बीआरसी मोहम्मदाबाद में कार्यशाला का प्रारंभ प्रार्थना सभा तथा वंदे मातरम गीत के साथ हुआ है। संदर्भदाता द्वारा पावर एंजिल के नाम पत्र करवाया गया। भारती मिश्रा संदर्भ दाता के द्वारा 12 सत्रों पर विचार पूर्वक चर्चा की गई। संदर्भित द्वारा अन्य मंच के गठन एवं उद्देश्यों पर भी चर्चा की गई। एसआरजी यदुराज पाल उपस्थित हुए। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। 12 सत्रों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। संदर्भदाता द्वारा प्रगति के पंख के सत्र एक कदम स्वच्छता की ओर पर एक पावर एंजिल के साथ सुगमकर्ता को सत्र संचालन से पूर्व किस प्रकार तैयारी करनी है उस पर गतिविधि कराई गई। प्रतिभागी शिक्षकों के द्वारा सदन में सत्र का संचालन करके दिखाया गया। द्वितीय सत्र आरंभ एक प्रेरणा गीत के साथ हुआ। आगामी कार्य योजना का निर्माण कराया गया। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की गई। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये तथा समय पत्र सत्र का समापन वन्दे मातरम गीत के साथ हुआ।

### राजनैतिक दलों के चंदे का खुलासा की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शकुंतला देवी व शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला के नेतृत्व में स्टेट बैंक प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर कांग्रेसियों ने भारतीय स्टेट बैंक पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि राजनैतिक दलों को प्रांत चंदे का खुलासा का आदेश सर्वोच्च न्यायालय ने दिया था। जिसमें चुनाव तक योजना के प्राथमिक लाभार्थियों होने के नाते भाजपा को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद असुविधा का सामना करना पड़ा। राजनैतिक दलों व सामूहिक रुप से 12 हजार करोड़ से अधिक धनराशि प्राप्त हुई है। जो चुनावी ब्रांड का 55 प्रतिशत है। केंद्र सरकार पर जानकारी न साझा करने का दबाव एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर किया। जिसमें भाजपा की अनिमितताओं और उसके काले धन को छुपाने के लिए एसबीआई पर सरकार दबाव डालकर उपयोग कर रही है। कांग्रेस इसका विरोध करती है। जिसको लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, अभिषेक सारस्वत, हिलाल शफीकी, पीएन सक्सेना, कन्हैया बाथम, प्रभात कटियार, जानकी शुक्ला, नसरीन, शोभा, महेश चन्द्र, विनोद कुमार, धनश्याम आदि लोग मौजूद रहे।

### मोदी की गारंटी वाली वीडियो वैन को जिलाध्यक्ष ने झण्डी दिखाकर किया रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने आगामी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए मोदी की गारंटी वाली वीडियो वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रूपेश गुप्ता ने बताया मोदी की गारंटी वाली वीडियो वैन प्रदेश कार्यालय से जनपद भेजी गई है। दो वीडियो वैन जो कि पूरे जनपद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचने का कार्य करेगी। जिसमें एक बड़ी लाइव स्क्रीन लगी है। जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं वाली जानकारी मिलेगी। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान यह वीडियो वैन पूरे लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण करेगी। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

### रोजगार मेला 11 मार्च को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के तत्वाधान में 11 मार्च को होने वाले रोजगार मेले में 6 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 150 रिक्तियों के लिए अभ्यार्थियों के आवेदन मांगे गये है। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया कि पात्र अभ्यार्थी अपने प्रपत्रों के साथ 11 मार्च को होने वाले प्रधानमंत्री अप्रेन्टिसशिप मेले में सुबह 10 बजे प्रतिभाग करें।

# एसएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



छात्रा को सम्मानित करती बबिता पाठक व श्वेता दुबे

**एसएस पब्लिक** स्कूल नारायणपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता पाठक एवम् विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष स्वेता दुबे के सानिध्य में मनाया गया। अध्यक्षता प्रेमलता मिश्रा ने की। अतिथियों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अतिथियों ने जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की प्रथम स्थान विजेता छात्रा पायल एवं कोमल सहित विद्यालय के अनेक मेधावियों को ट्राफी, प्रमाण पत्र एवम् मेडल दिये। बबिता पाठक ने छात्राओं की शिक्षा को सबसे आवश्यक बताते हुए दो कुटुंबों की मान सम्मान बढ़ाने वाला बताया। स्वेता दुबे ने बालिका शिक्षा का महत्व बताते हुए सुषमा स्वराज, कल्पना चावला, द्रौपदी मुर्मू आदि उदाहरण दिए। जिन्होंने समाज को नई दिशा दी। बच्चो ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देश भक्ती गीत एवम् विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किये। प्रेमलता मिश्रा, सुरेश चन्द्र अवस्थी, विपिन अवस्थी, अनुपम अवस्थी, जतिन नारायण अवस्थी, राहुल मिश्रा, प्रतिभा सिंह ने संबोधित किया। राष्ट्रीय विश्व महासंघ की ओर से जिलाध्यक्ष देवेश नारायण अवस्थी तथा जतिन नारायण अवस्थी ने सभी अतिथियों को लक्ष्मी कमल का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने विद्यालय में पौधारोपण भी किया। मुख्य संयोजक एवं व्यवस्थापक देवेश नारायण अवस्थी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बालिकाओं के प्रवेश पर 50 प्रतिशत की छूट करने की बात कही। इस अवसर पर राजेश तिवारी, प्रिया सक्सेना, सकृति सिंह, अंतरा सिंह, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

# सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने लोहिया प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



माल्यार्पण के दौरान मौजूद देव सिंह यादव व अन्य

**समाजवादी सांस्कृतिक** प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देव सिंह यादव ने आवास विकास लोहिया प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया। उन्होंने अपने साथियों के साथ माल्यार्पण करने के दौरान बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निभाना है और लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताने के लिए सांस्कृतिक प्रकोष्ठ बढ़-चढ़कर भाग लेगा और कार्यक्रमों में गाना बजाना कर समां बांधेगा। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में इस बार कमेटी में ऐसे लोग जोड़े गये है जो मंचों पर अपनी प्रस्तुति देते है और साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव में उनकी आस्था है। इस मौके पर बेंचेलाल यादव, नन्हे प्रधान, अवधेश सिंह यादव, देवेन्द्र सिंह, देशराज, विनोद कुमार, राहुल कुमार, प्रेमपाल, इमरान खां, प्रदीप कुमार कठेरिया, अशफाक मोहम्मद आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण शिविर के समापन दिवस पर प्रशिक्षुओं ने लगाए रंग बिरंगे टेंट



टेंट निर्माण का निरीक्षण करते प्राचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज में रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर के समापन ध्वजारोहण के साथ हुआ। रोवर्स ट्रेनर्स योगेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को समागम में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के विषय में बताया। रोवर्स प्रशिक्षक तरुण शुक्ला ने टेंट बनाने की गतिविधियों की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में प्रशिक्षुओं के टेंट गतिविधियों का टेस्ट प्रशिक्षकों की टीम द्वारा लिया गया। प्रशिक्षुओं ने अपने क्रियाकलापों का प्रदर्शन किया तथा टीम का स्वागत किया। प्रशिक्षुओं ने उपलब्ध संसाधनों में अपने टेंट को सजाया एवं भोजन बनाए। भाषण में रोवर्स प्रशिक्षक तरुण शुक्ला ने रोवर्स रेंजर्स के विभिन्न स्तरों यथा टेस्टिंग कैम्प, राज्यपाल पुरस्कार और राष्ट्रपति पुरस्कार के बारे में बताया। प्राचार्य ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ0 देवेंद्र कुमार, विपिन सिंह, डॉ0 मनीषा सक्सेना, बृजेश वर्मा, ईश्वरचंद्र, विद्यासागर अग्निहोत्री, अरविंद कुमार, सत्य नारायण सिंह, संजीव शुक्ला, अशोक बाथम आदि उपस्थित रहे।

# डीएन कालेज में सड़क सुरक्षा जागरुकता संगोष्ठी का हुआ आयोजन

- छात्र यातायात नियमों का करें पालन: एआरटीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




शिविर में मौजूद प्राध्यापक व विद्यार्थी — समृद्धि न्यूज

**दुर्गा नारायण** महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तत्वाधान में सप्त दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस का शुभारम्भ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ हुआ। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली। जागरुकता रैली महाविद्यालय से एमआईसी तिराहे ग्वालटोली, कचहरी होते विद्यालय पर सम्पन्न हुई। गांधीगीरी का पालन करते हुए बिना हेलमेट एवं तीन सवारी वालों को फूल देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। द्वितीय सत्र का शुभारम्भ प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग व मुख्य अतिथि एआरटीओ बिजेन्द्र चौधरी तथा विशिष्ठ अतिथि भारतीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 आलोक बिहारी शुक्ला ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। संचालन डा0 एच0एस0एन0 गुप्ता व कार्यक्रम प्रभारी डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि बिजेन्द्र सिंह चौधरी ने सड़क सुरक्षा के नियमों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। विशिष्ठ अतिथि डा0 आलोक बिहारी शुक्ला ने सड़क सुरक्षा से बचाव हेतु स्वयंसेवकों को जानकारी दी। डा0 मनोज गर्ग ने स्वयं सेवकों को सड़क सुरक्षा के नियमों एवं सुरक्षित यात्रा के मूल मंत्रों से अवगत कराया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रथम स्थान अखण्ड प्रताप, द्वितीय स्थान पर कु0 दिव्या पाण्डेय तथा तृतीय स्थान पर सत्यांश यादव रहे। एनएसएस के लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डा0 वीके तिवारी, डा0 सत्येन्द्र मिश्रा, डा0 अजहर जुनैद आलम, डा0 पंचम कुमार, डा0 मो0 अमीन, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा सहित छात्र-छात्रायें व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- प्रमाण पत्र देकर महिलाओं को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




कार्यक्रम में मौजूद महिलायें — समृद्धि न्यूज

**जन शिक्षण** संस्थान द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन संस्थान के कार्यालय पर हुआ। नगला दीना भोलेपुर स्थित जन शिक्षण संस्थान कार्यालय पर महिला कल्याण विभाग की समन्वयक निर्मला राजपूत, सभासद बिटान देवी, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष बिटाना चौहान व अर्जिता मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम अधिकारी मनोज मिश्रा ने कहा कि महिला हमारे समाज को सशक्त बनाने की नीव है। समाज के निर्माण का आधार नारी है। आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के प्रयासों से जन शिक्षण संस्थान नीम के पत्थर जैसा कार्य कर रहा है। महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मसम्मान से रहने व स्वरोजगार से जुड़ने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्त होगी तो पूरा समाज सशक्त होगा। सरकार द्वारा चलायी जा रही महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई। संचालन कार्यक्रम अधिकारी मनोज मिश्रा ने किया। निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर मंजू शर्मा, मनोज मिश्रा, पृथ्वीराज, करन, गुंजन गुप्ता, मोनिका रस्तोगी, मीतू रस्तोगी, शिवानी रस्तोगी, दीपा रस्तोगी, रंजना यादव, पारूल सैनी, प्रीती गुप्ता, राजेश्वरी, दीपा कठेरिया, ज्ञानदेवी, दुर्गा, नेहा, श्वेता, प्रभा, विनीता, ज्ञानी, जूली, कृष्णा, रीता, कुमकुम, पूनम, शिवानी, अर्चना, पूजा शाक्य, रोशनी, सुमन, प्रतिज्ञा, गीता, गौरी मिश्रा, सुचि, रंजना श्रीवास्तव, विमलेश, कंचन यादव आदि 70 लोग मौजूद रहे।

# नारी के बिना इस संसार की कल्पना असंभव है: जगमोहन सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में महिलाओं को बराबरी का हक दिलाना साथ ही किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के मकसद से भी इस दिवस को मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं के अधिकारों की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित करने और उन्हें जागरूक करना है। समाजसेवी/साहित्यकार व युवा कवि जगमोहन सिंह मुसाफिर ने बताया कि नारी संसार का आधार है नारी के बिना इस संसार की कल्पना असंभव है और महिलाएं सशक्त हो, उसके लिए सर्वप्रथम आवश्यकता है, सामाजिक परिवर्तन की सदियों से समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, कुप्रथा, विक्षिप्त मानसिकता को समाप्त कर महिलाओं प्रति सहयोग सम्मान वाला होना चाहिए। आम महिलाओं की छोटी सी दुनिया के एक छोटे से मगर एक बुनियादी सवाल पर पूरे भारत में चर्चा की आंधी है। इस चर्चा में कहीं आहत भावनाओं का उमड़ता समुन्द्र है, तो कहीं ठंडे तर्क की तीखी धार, कहीं सरिया परम्परा की तार्किक समीक्षा हैं। तो कहीं संविधान में स्थापित मूल्यों का गहन विवेचन। कहने को महिला सशक्तिकरण के लिये कई तरह के हर वर्ष मार्च महीने में महिला दिवस मनाते है। महिला दिवस पर प्रवधान और सरकार कानून बनाती है। फिर भी महिलाओं को अधिकार एवं भी सुधार क्यों नहीं और आज आजादी के बाद भी महिलाएं पर हिंसा रुकने नाम नही ले रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज की चेतना को जागृत किया जाना चाहिए।

# परिषदीय विद्यालयों में ऑन लाइन डिजिटलाइजेशन की कठिनाई को लेकर रोंक लगाने की शिक्षकों ने उठायी मांग


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



समस्याओं को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपते भूपेश प्रकाश पाठक व अन्य शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**प्राथमिक शिक्षक** संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने अपने शिक्षक साथियों के साथ समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री व बेसिक शिक्षामंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में ऑन लाइन डिजिटलाइजेशन किये जाने से उत्पन्न हो रही कठिनाईयों पर रोंक लगाये जाने की मांग की है। विभागीय अधिकारी द्वारा जनपद के शिक्षकों को निर्देशित किया गया है, जबकि समुचित संसाधन उपलब्ध नहीं है। अन्य विभागों में भी ऑन लाइन डिजिटलाईजेशन कार्य किया गया है। ऐसे में बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक-शिक्षिकायें यह संज्ञानित है कि अन्य विभागों में डिजिटल व्यवस्था लागू है और वर्तमान युग डिजिटल युग है, लेकिन अभी तक संसाधन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में व्यवस्था को संचालित करा पाना संभव नहीं हो पा रहा है। अन्य विभागों के कर्मचारियों की तुलना बेसिक शिक्षा के विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की तुलना समानता से किया जा रहा है। जो अन्य विभागों से भिन्न है। ऐसे में दोहरा मापदण्ड अपनाया जा रहा है। शिक्षकों ने मांग की है कि राज्य कर्मचारियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त है। ईएल की व्यवस्था भी प्राप्त है। हाफ-डे सीएल भी मिलता है, लेकिन बेसिक शिक्षकों के लिए ऐसी समान सुविधा नहीं है। माध्यमिक व महाविद्यालयों में लिपिक की नियुक्ति है, जबकि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में लिपिक की नियुक्ति नहीं है। ऐसे में शिक्षकों में आक्रोश है। महाविद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को पंचायत निकाय, विधानसभा, लोकसभा व अन्य चुनाव लड़ने पर रोंक नहीं है। जबकि बेसिक परिषद के शिक्षकों पर रोक है यह सौतेला व्यवहार है। राज्य कर्मचारियों की भांति चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रमोद सिंह, अवनीश दुबे, मधुर सक्सेना, संदीप दुबे, विनोद वर्मा, अक्षयकांत अग्निहोत्री, राजेश कुमार यादव, गोविन्द पाण्डेय, जितेन्द्र तिवारी, पंकज वर्मा, रामलड़ैते अवस्थी, संजय राठौर, सुमन दीक्षित, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, सोमनाथ दीक्षित, सरोज वर्मा, श्यामादेवी, नीता शाक्य, रेखा, मंजू यादव, सुमन, अनीता पाण्डेय, प्रतिभा, किरन, अनुराधा बाथम, रेखा सिंह, अलका, कविता, रामेन्द्री देवी, सुधा शर्मा, सुनील, नवनीत बाजपेयी, मयंक दुबे, आदेश अवस्थी, सतेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, अतुल पाठक, राजेश यादव, वीकेश कुमार, ओमनारायन, विजय सक्सेना, सौरभ सिंह, प्रशांत शुक्ला, रिषव श्रीवास्तव आदि शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# रामलला से जुड़ी विरासतों को मिल रहा पुनर्जीवन



अयोध्या में भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर रामलला का घर मात्र नहीं, विकास का वह पुंज है, जिसका प्रकाश दूर-दूर तक दिखाई देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम से जुड़े हर स्थल के विकास की जो परिकल्पना की है, वह अब चरितार्थ होने लगी है। प्रभु श्रीराम के चरण जहां-जहां पड़े, उन्हें जोड़कर रामायण सर्किट के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह सर्किट प्रदेश की वैश्विक पहचान को स्थायी बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। रामायण सर्किट में आवागमन के लिए एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी दी जा रही है। इससे जुड़े सभी शहरों में होटल, आवास की उन्नत सुविधाओं वाला विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। समग्र विकास के मूल में धार्मिक पर्यटन वह मंत्र है, जो योगी सरकार की प्राथमिकता है। इससे न सिर्फ रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि अल्पविकसित क्षेत्रों को भी नया स्वरूप मिल रहा है।



> जीवन का ऐसा कोई पहलू नहीं है, जहां हमारे राम प्रेरणा न देते हों। भारत की ऐसी कोई भावना नहीं है, जिसमें प्रभु राम झलकते न हों। जब श्रीराम का अभिषेक होता है, तो हमारे भीतर उनके आदर्श एवं मूल्य और दृढ़ हो जाते हैं। भगवान राम के अभिषेक के साथ ही उनका दिखाया पथ और प्रदीप्त हो उठता है।
>
> **नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

# रामायण सर्किट : पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम

उत्तर प्रदेश में नई पर्यटन नीति के तहत प्रदेश में धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों की बहुतायत संख्या को देखते हुए अलग-अलग सर्किट का विकास किया जा रहा है। इनमें से एक है रामायण सर्किट। रामायण सर्किट में अयोध्या, बिठूर (कानपुर), बिजेथुआ महावीरन (सुलतानपुर), चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर (प्रयागराज) शामिल हैं।



अयोध्या दीपोत्सव के दौरान श्रीराम के रूप में सजे कलाकार का तिलक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ - (फाइल फोटो)

> आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अलग-अलग स्थानों पर रामायण सर्किट जैसी परियोजनाएं संचालित हैं, जो पर्यटन विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के साथ ही नौजवानों के लिए रोजगार की सुविधा भी उपलब्ध करा रही हैं। डबल इंजन की सरकार में भारत के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक वैभव की पुनर्स्थापना हो रही है। श्री अयोध्या धाम में निर्मित प्रभु श्री राम का मंदिर भारत का 'राष्ट्र मंदिर' होगा।
>
> **-योगी आदित्यनाथ**
> मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## चित्रकूट में ही भगवान श्रीराम ने बिताए थे वनवास के 11 वर्ष

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर बसा चित्रकूट एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। यह स्थान पर्यटन के लिहाज से भी काफी प्रसिद्ध है। यहां की शांत नदियां लोगों को आकर्षित करती हैं। यह स्थान भगवान श्रीराम के लिए जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के 11 वर्ष यहीं बिताए थे। गुप्त गोदावरी चित्रकूट से करीब 18 किलोमीटर दूर है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्री राम यहां दरबार लगाते थे। इसके अलावा रामघाट और कालिंजर किला तथा कई ऐतिहासिक मंदिर हैं। चित्रकूट परम कुटीर के पास भरत-मिलाप मंदिर स्थित है। यहां पर भगवान श्री राम के पद चिह्न आज भी देखने को मिलते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में बुन्देलखण्ड विकास निधि के अंतर्गत जनपद चित्रकूट की 09 परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर 12.93 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय कर रही है।




## श्रृंगवेरपुर में श्रृंगी ऋषि के आश्रम में किया रात्रि प्रवास

रामायण और पुराणों के मुताबिक त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म तीर्थराज प्रयाग में गंगा तट स्थित श्रृंगवेरपुर धाम की वजह से ही हुआ था। संतान प्राप्ति की खातिर राजा दशरथ ने श्रृंगवेरपुर में ही श्रृंगी ऋषि से पुत्रेष्टि यज्ञ कराया था। श्रृंगवेरपुर में हुए इस पुत्रेष्टि यज्ञ की वजह से ही राजा दशरथ के यहां ब्रह्म रूपी भगवान श्री राम सहित चार पुत्रों का जन्म हुआ था। भगवान राम, माता सीता व लक्ष्मण वनवास के लिए जब अयोध्या से निकले थे, तब माता शांता व श्रृंगी ऋषि के आश्रम में रात्रि प्रवास किया था। अगले दिन उन्हें निषादराज गुह ने गंगा पार कराया था। श्री राम वनगमन पथ में स्थित प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम का योगी सरकार कायाकल्प कर रही है। श्रृंगवेरपुर धाम के कायाकल्प का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रदेश के धार्मिक और पौराणिक स्थलों को भव्य स्वरूप दे रही योगी सरकार द्वारा यहाँ धार्मिक एवं पर्यटन विकास कार्य कराये जा रहे हैं। श्रृंगवेरपुर के रामघाट मार्ग पर भव्य निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। यहाँ एक ऑटोडोरियम तथा राम कथा गैलरी का निर्माण भी हो रहा है। इसके अलावा यहां संध्या घाट व टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर भी स्थापित किये जा रहे हैं।




## बिठूर : यहां लव एवं कुश का हुआ था जन्म

बिठूर उत्तर प्रदेश में कानपुर के निकट स्थित एक छोटा सा धार्मिक शहर है। प्रभु श्रीराम द्वारा त्यागे जाने के पश्चात माता सीता को लक्ष्मण ने यहीं छोड़ा था। गंगा नदी के समीप ही वाल्मीकि का आश्रम है, जहां पर माता सीता ने लव एवं कुश को जन्म दिया था तथा उनका पालन-पोषण किया था। इसी स्थान पर लव एवं कुश ने श्रीराम के अश्वमेधयज्ञ के अश्व को रोका था तथा हनुमान को बंदी बनाया था। यहां आज भी वह स्थान स्थित है जहां महर्षि वाल्मीकि ने रामायण लिखी थी। योगी सरकार बिठूर में भगवान राम के पुत्रों के जन्मस्थान ऋषि वाल्मीकि आश्रम को भी संवार रही है।
आश्रम के जीर्णोद्धार के लिए सरकार ने 1.52 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।



## बिजेथुआ महावीरन : हनुमान जी ने यहां किया था कालनेमि का वध

बिजेथुआ महावीरन धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यह पौराणिक स्थल सुलतानपुर जनपद के कादीपुर तहसील क्षेत्र में है। कहते हैं कि यह वह स्थान है, जहां त्रेता युग में हनुमान जी ने कालनेमि नाम के राक्षस का वध किया था। संकट से मुक्ति के लिए हर मंगलवार व शनिवार को यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। लंबे समय से इस क्षेत्र विकास के लिए प्रतिबद्ध उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसे रामायण सर्किट में शामिल कर लिया गया है। रामायण सर्किट में शामिल इस धाम के पर्यटन विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 10 एकड़ जमीन पर मेला परिसर, दर्शकों व श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।



## अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर

अयोध्या वह स्थान है, जहां पर भगवान विष्णु ने 7वें अवतार भगवान श्रीराम के रूप में जन्म लिया था। रामायण में कहा गया है कि प्रभु राम का जन्मस्थान अयोध्या में सरयू नदी के तट पर है। यहां श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला अपने भव्य व दिव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। यह मंदिर 2.7 एकड़ भूमि में बन रहा है। मंदिर का पूरा परिसर लगभग 70 एकड़ भूमि में है। इस परिसर में इतनी जगह है कि लाखों भक्त एक साथ मंदिर में भगवान श्रीराम के दर्शन कर सकते हैं। राम मंदिर का निर्माण कार्य श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की देखरेख में चल रहा है। इस मंदिर में राजस्थान के बंसी पर्वत के बलुआ पत्थरों का प्रयोग किया गया है। मंदिर का डिजाइन चंद्रकांत सोमपुरा ने बनाया है। नागर शैली में बनाए जा रहे इस मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व की ओर बना है, जो गोपुरम शैली में है।



## योगी सरकार युवा पीढ़ी को बताएगी मंदिरों की उपयोगिता

अयोध्या सनातन धर्म का केंद्र बिंदु बनने जा रहा है। यहां पर्यटन संस्कृति एवं धार्मिक रूप से सुनियोजित विकास का कार्य तेज गति से चल रहा है। सरकार देशभर के मंदिरों की गौरवगाथा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय बनाने जा रही है। यूपी पर्यटन विभाग इसे लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने में जुट गया है। इस मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रभु श्रीराम की नगरी आयोध्या में किया जाना है। अपने स्थापत्य की भव्यता से परे, भारतीय मंदिर संस्कृति की अभिव्यक्तियां भी हैं। भारतीय संस्कृति की आत्मा का प्रत्येक घटक मंदिरों में मिलता है। भारतीय मंदिरों की इन बहुआयामी सोच को अब योगी सरकार मंदिर संग्रहालय के जरिये दुनिया के सामने लाने जा रही है।




अयोध्या स्थित राजसदन

अयोध्या में पांच एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित मंदिर संग्रहालय को लेकर योगी सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है। भारतीय मंदिरों और शानदार मंदिर वास्तुकला के इस विशिष्ट संग्रहालय का निर्माण करने के पीछे यूपी पर्यटन विभाग का लक्ष्य है कि सनातन संस्कृति को समग्र रूप से परिलक्षित करने वाले मंदिर परिसरों के महत्व से दुनिया को परिचित कराया जाए। किसी मंदिर को किसी खास स्थान पर क्यों निर्मित किया गया और उनके निर्माण के पीछे के दर्शन के बारे में खासकर युवा पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से ही अयोध्या में मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें प्राचीन भारत की तकनीकी प्रगति, भारतीय मंदिरों को उनकी पूजा-पद्धति से जोड़ते हुए उनके महत्व को सामने लाना, शैक्षणिक संस्थान, जिसमें मठ और पीठम शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न शैलियों में निर्मित मंदिरों के उत्कृष्ट उदाहरणों को प्रदर्शित करना और भारतीय मंदिरों की स्थापत्य विरासत के बारे में दुनिया को बताना शामिल है।

# अयोध्या होगा अब आस्था के साथ पर्यटन का केंद्र

भगवान राम की नगरी अयोध्या की भव्यता अब लौट रही है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य व दिव्य राम मंदिर आकार ले चुका है। इसी के साथ धार्मिकता के संग अयोध्या नगरी पर्यटन के क्षेत्र में भी विकसित हो रही है। यही वजह है कि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटकों के लिए अयोध्या एक आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है। दरअसल, आस्था के साथ-साथ भगवान राम की नगरी अयोध्या पर्यटन की दृष्टि से भी जानी और पहचानी जाएगी।



दीयों और फसाड लाइट की रोशनी में जगमगाते अयोध्या में सरयू नदी के तट

उत्तर प्रदेश में काशी जिस तरह तीर्थ यात्रियों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी पसंदीदा स्थल है, ठीक उसी तरह योगी सरकार अब भगवान राम की नगरी अयोध्या को आस्था के साथ-साथ पर्यटन नगरी भी बना रही है। अयोध्या में वाटर क्रूज, वाटर टैक्सी, हाट एयर बैलून, वाटर स्पोर्ट्स जैसे आयोजन शुरू हो रहे हैं।

### पर्यटकों को लुभाने की तैयारी

जल्द ही अयोध्या आने वाले पर्यटक विश्वस्तरीय एडवेंचर स्पोर्ट्स तथा वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकेंगे। भगवान राम की नगरी में प्रवेश करते ही चारों तरफ बनाये गये भव्य द्वार और सरयू मां की अविरल धारा में बसी राम की पैड़ी धर्म नगरी होने का एहसास करा रही है।

### रामनगरी में घर की छतों पर खुलेंगे कैफेटेरिया

श्रद्धालुओं व पर्यटकों को अयोध्या के प्रति आकर्षित करने के लिए तरह-तरह की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। दीपोत्सव तक सरयू में क्रूज का संचालन तो प्रस्तावित है ही, अब घर की छतों पर कैफेटेरिया खोलने की भी योजना आ गई है। इसके तहत नगर के मुख्य पथों पर कुछ घरों की छतों पर कैफेटेरिया खोले जाएंगे, जहां श्रद्धालु चाय और काफी समेत अन्य स्नैक्स का स्वाद चख सकेंगे। मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आ रहे हैं। उनके रहने, खाने और उठने-बैठने की व्यवस्था की जा रही है। जन्मभूमि मंदिर के आसपास के क्षेत्रों को उनकी पौराणिक महत्ता के अनुसार सजाये जाने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में आधुनिकता को भी ध्यान में रखते हुए जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ के समीप स्थित घरों में रूफ टाप कैफेटेरिया विकसित करने के लिए गृहस्वामियों को प्रेरित किया जा रहा है।




दीपावली पर्व पर फूलों से बनाई गयी राम-सीता की तस्वीर - (फाइल फोटो)

### मठ-मंदिरों के साथ पर्यटन स्थलों का विकास

अयोध्या के पौराणिक कुंडों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। गुप्तार घाट, दशरथ समाधि स्थल समेत सूर्य कुंड का अलौकिक दृश्य श्रद्धालुओं को इन दिनों खूब पसंद आ रहा है। इतना ही नहीं, सरकार का प्रयास है कि अयोध्या पर्यटन की दृष्टि से भी जानी और पहचानी जाए। यही वजह है कि अयोध्या में मठ-मंदिरों के साथ पर्यटन स्थलों को भी बढ़ावा मिल रहा है। अयोध्या में एक तरफ भव्य मंदिर पूर्णता की ओर बढ़ रहा है, तो पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है।

### आसान होगी अयोध्या से चित्रकूट की राह

अयोध्या को चित्रकूट से जोड़ने वाला राम वन गमन पथ अब छह लेन का बनेगा। इससे यूपी के कई जिलों के अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व अन्य प्रांतों के लोगों को भी सुविधा होगी। रामायण सर्किट के नजरिये से भी यह बेहतर होगा। इस मार्ग को छह लेन में बदलने से रामनगरी से तीर्थराज प्रयाग व चित्रकूट तक श्रद्धालुओं का आवागमन बेहद सुगम हो जाएगा। आसपास के तमाम जिलों से कार्य व्यवसाय आसान होगा। मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों से बेहतर जुड़ाव सड़क मार्ग के जरिये हो सकेगा।



दीपोत्सव का मनमोहक दृश्य